# हरियाणा विधान सभा
# की
# कार्यवाही

6 मार्च, 2012

खण्ड-1, अंक-6

अधिकृत विवरण

Haryana Vidhan Sabha LIBRARY Chandigarh

## विषय सूची

मंगलवार, 6 मार्च, 2012


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| तारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (6) 1 |
| नियम 45(1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर | (6) 58 |
| अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर | (6) 60 |
| अध्यक्ष द्वारा घोषणा - अनुपस्थिति के सम्बन्ध में सूचना | (6) 70 |
| मंत्री द्वारा वक्तव्य | (6) 70 |
| ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा उस पर वक्तव्य | (6) 73 |
| विद्यार्थियों द्वारा अभिकथित आत्महत्याओं संबंधी मामले उठाना | (6) 78 |
| वर्ष 2012-2013 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा | (6) 78 |
| बैठक का समय बढ़ाना | (6) 114 |
| वर्ष 2012-2013 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण) | (6) 114 |


395

## हरियाणा विधान सभा

मंगलवार, 6 मार्च, 2012

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में 10.00 अपराह्न हुई। अध्यक्ष (श्री कुलदीप शर्मा) ने अध्यक्षता की।

---

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the questions hour.

**Cases Pending with C.B.I.**

***815. Sh. Krishan Pal Gurjar :** Will the Chief Minister be pleased to state :

(a) The number of cases relating to Haryana that are pending with the CBI at present togetherwith the status of investigation by CBI relating to the criminal cases alongwith the number of cases in which the CBI has filed charge sheet in the court; and

(b) whether any accused has been convicted on the basis of the investigation made by the CBI ?

**Industries Minister** (Shri Randeep Singh Surjewala) :– A statement is laid on the table of the House.

**Statement**

(a) At present only one case RC.9(S)/2011/SCB/CHG dated 18-10-2011 is pending investigation with the CBI as per information received from it. This case was registered on the order of Hon'ble Punjab and Haryana, High Court on 23-8-2011 relating to the death of one Bhuvan Dutt r/o VPO Kalram, district Karnal.

The details of cases in which the CBI has exonerated the accused persons after investigation, information is yet to be received from the CBI.

As per information provided by CBI, the CBI has filed chargesheet in 41 cases which are under trial in various CBI Courts at Chandigarh, Panchkula and New Delhi. The details of these cases are as under:-

1. **RC-2(A)/06-ACU- VII dated 3-4-2006.**

Brief facts:-

This case was registered against Sh. Om Parkash Chautala Ex- CM, Haryana and his family members and others u/s 109-B r/w 13 (2) 13 (1 ) (e) of PC Act, 1988.

Present status:-

This case relates to the possessing of assets disproportionate to known sources of income by Shri Om Parkash Chautala, Ex C.M., Haryana during the check period 24.05.1993 to 31.05.2006. As per Charge sheet submitted

[Sh. Randeep Singh Surjewala]

by the CBI in the CBI Court at Delhi on 26-3-2010. Shri Om Parkash Chautala was found to possessing disproportionate assets worth Rs. 6,09,79,026/- (Six Crore, nine lac., seventy nine thousand and twenty six only) during the aforesaid period.

In this case another chargsheet was filed on 24.12.2009 against Shri Abhey Singh Chautala, for the check period 07.06.2000 to 08.03.2005. As per Charge sheet submitted by the CBI in the CBI Court at Delhi, Shri Abhey Singh Chautala was found to be possessing disproportionate assets worth Rs. 1,19,69,82,619/- (one Arab, nineteen crore, sixty nine lac., eighty two thousand and six hundred nineteen only) during the aforesaid period.

The third chargesheet in this case was filed against Sh. Ajay Singh Chautala on 24.12.2009 for possessing assets disproportionate to known sources of income during the check period 24.05.1993 to 31.05.2006. As per Charge sheet submitted by the CBI in the CBI Court at Delhi, Shri Ajay Singh Chautala was found to be possessing disproportionate assets worth Rs. 27,74,74,260/- (Twenty seven crore, seventy four lac., seventy four thousand and two hundred sixty only) during the aforesaid period.

The case is presently on prosecution evidence and the next date is fixed for hearing on 29.2.2012.

2. **RC3 (A)/2004 /ACU-IX dated 24-5-2004.**

Brief facts:-.

This case was registered against Sh. O.P. Chautala, Ex-C.M. Haryana and Sh. Sanjiv Kumar, IAS regarding irregularities in the appointment of 3206 JBT teachers by the Government of Haryana in 1999-2000.

Present status:-

The Charge sheet has been filed against Sh. Om Parkash Chautala, Ex-CM, Haryana, Sh. Ajay Singh Chautala, Sh. Sher Singh Badsami, Sh. Vidya Dhar, Sh. Sanjiv Kumar and others in the Court of Special Judge, CBI Cases, Patiala House on 6-6-2008 and is presently under trial in the Court of Special Judge, CBI Cases Rohini. The case is at Prosecution Evidence stage.

3. **RC 2 (A)/2004/ACU-IX dated 27-1-2004**

Brief facts:-

This case was registered against Sh. Sanjeev Kumar, IAS regarding printing of syllabus books from open market at higher rates.

Present status:-

The charge sheet has been filed against Sh. Sanjiv Kumar, IAS & others in the Court of Special Judge, CBI cases, Chandigarh on 30-8-2008. Defence

evidence is closed. The case is at final stage. Next date of hearing is fixed for 19-3-2012.

4. **RC 2 (A)/2005/ACU-IX dated 16-2-2005. Brief facts :-**

This case was registered against Sh. Sanjiv Kumar, IAS for showing undue favour to certain persons/firms by fraudulently and dishonestly incurring expenditure on various items.

(6 charge sheets have been filed against Sh. Sanjiv Kumar, IAS & others in the court of Special Judge, CBI Cases, Chandigarh on 31-12-2008 & 18-10-2010) in C/s No. 7,8,9 the cases are at Defence Evidence stage. In C/s No.5 the case is at Prosecution Evidence stage. Next date of hearing is fixed for 5 & 6-3-2012. In C/s No.3, 4 the case is at arguments on charge stage. Next date of hearing is fixed for 17-3-2012.

5. **RC 3(A)/2005/ACU-IX dated 16-2-2005.**

Brief facts:-

This case was registered against Sh. Sanjiv Kumar, IAS, on the allegation of possession of Disproportionate Assets by him.

Present status:-

The Charge sheet has been filed against Sh. Sanjiv Kumar, IAS and others in the Court of Special Judge, CBI cases, Patiala House, New Delhi on 30-8-2008. The case is at Prosecution Evidence stage. Next date of hearing is fixed for 17-3-2012.

6. **RC 3(A)/2008/ACU-IX dated 29-9-2008**

Brief facts:-

This case was registered against Sh. Sanjiv Kumar, IAS the then State Project Director, Haryana Prathmik Siksha Pariyojana Parishad, Govt. of Haryana while posted as State Project Director, Haryana Prathmik Siksha Pariyojana, Parishad (HPSPP), Chandigarh during 1998-2000 entered into a criminal conspiracy with Sh. Sushant Swain, the then Store Purchase Office of HPSPP and other private persons to commit criminal misconduct by awarding the contract for printing/ purchase of text books for HPSPP to the tune of 5.25 Crores, which was beyond his financial powers.

Present status:-

The Charge sheet has been filed against Sh. Sanjiv Kumar, IAS and others in the Court of Special Judge, CBI, Cases, Chandigarh on 27-12-2010. The case is at Pre- Charge sheet stage. Next date of hearing is fixed for 05-03-2012.

[Sh. Randeep Singh Surjewala]

7. **FIR No. 567 dated 19-12-07 u/s 364/376/302/201/34 IPC, PS City Ballabgarh,Faridabad. Kidnap, rape & murder case of Manju & Mithlesh. (RC.1 (S)/2008-SCB-I/DLI(SC-III).**

Brief facts:-

This case was registered on the complaint of Sh Vijay Singh s/o Sh. Ganga Lal r/o Pirthla, Faridabad and taken over by the CBI on 21-2-2008 as per the request of State Govt.

8. **FIR No. 151 dated 5-5-08 u/s 302/397/34 IPC & 35/54/59 Arms Act Sector-7 Faridabad. Loot and murder case of Ajay Sharma & Rajinder Sharma. (RC.3 (S)/2008-SC-I)**

Brief facts:-

This case was registered on the complaint of Sh. Ajay s/o Sh. Dharma Singh caste Harijan r/o H.No. 2727 Sector-7 Faridabad and taken over by the CBI on 6-10-2008 as per the request of State Govt.

9. **FIR No. 531 dated 12.12.2008 u/s 364,307 IPC PS Model Town Panipat. Kidnapping of Tejas Gaba on 12.12.08.**

Brief facts:-

This case was registered on the complaint of Smt. Neena Gaba w/o Sh. Rajesh Gaba r/o H.No.675-R, Model Town Panipat and taken over by the CBI on 27-7-2010 as per the request of State Govt.

10. **FIR No. 192 dated 28.8.2007 u/s 379/336/304-B IPC PS Hathin District Mewat. Death of Davinder s/o Tula Ram.**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. 47565-M of 2007 on 16-3-2010.

11. **Case FIR No. 238 dated 11-5-2006 u/s 302/120-B/420/467/468/471 IPC PS City Bhiwani. Murder of Sonu Chahal. (RC.6 (S)/2010/SCB/CHG).**

Brief facts :-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. 37656-M of 2006 on 21-4-2010 .

12. **Case FIR No. 54 dated 28-3-09 u/s 379 IPC, PS Pataudi distt. Gurgaon. Death of Sanjay in police custody.**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc petition No. 15643 of 2009 on 13-7-2010.

**13. FIR No. 16 dated 10-1-2009 u/s 148/149,302 IPC & 25/54/59 Arms Act PS Sampla Rohtak. Murder of Rajesh and Krishan.( RC. 6 (S)/2009-SCB/CHG).**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. M-9531 of 2009 on 5-10-2009.

**14. FIR No. 149 dated 26-11-08 u/s 302/34 IPC, PS Mohana distt. Sonipat. Murder of Narendra.(RC.8(S)/2009-SCB/CHG).**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. 3999 of 2009 on 5-10-2009.

**15. FIR No. 48 u/s 302/201/34 IPC PS GRPS Faridabad. Murder of Mohit Manchanda s/o Shri Bhagirath Manchanda r/o Palwal distt. Faridabad. (RC.4 (S)/2009-SCB/CHG).**

Brief facts :-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. 53026 -M of 2007 on 10-8-2009 .

**16. Case FIR No. 424 dated 8-7-1995 u/s 363,366 IPC PS City Karnal. Kidnapping of Dropdi. (RC. 10 (S)/95-SIC-II/Delhi(SC-II).**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Punjab and Haryana High Court, Chandigarh in criminal misc. No. 15129 M of 1995 on 6-10-1995.

**17. Case FIR No. 240 dated 15-5-2001 u/s 302/34/120-B IPC City Karnal. Murder of Jugal Kishore.(RC.4 (S)/2007-SIC-I/Delhi (SCI).**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Punjab and Haryana High Court, Chandigarh in criminal misc. No. 37940-M of 2001 &. 18625 of 2008 on 5-1-2008.

**18. Case FIR No. 287 dated 24-10-09 u/s 304/364/201 /218 & 120-B IPC PS City Rewari. Death of Chajju Ram in police custody. (RC.5 (S)/2009-SCB-CHG.)**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. 54333 of 2005 on 25-9-2005.

[Sh. Randeep Singh Surjewala]

**19. Case FIR No. 222 dated 29-6-2006 u/s 302/201 IPC PS City Narnaul. Death of Hari Om and dead body found in Chota Bada Talab at Narnaul.**

Brief facts:-

This case was transferred to CBI by the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh in criminal misc. No. 1705 of 2009 (O&M).

**20. RC-2/86-ACU-II, dt. 18-3-86 u/s 5 (2) r/w 5 (1) (e) of PC Act.**

Brief facts:-

RC-2/86-ACU-II dated 18-3-86 u/s 5 (2) r/w 5 (1) (e) of PC Act was registered against Dr. Arun Kumar Sinha, IAS Zonal Manager (North), FCI, New, Delhi. By corrupt or illegal means or by abusing his official position as public servant amassed assets either in his own name or in the name of his wife Mrs. Rama Sinha which are disproportionate to his known sources of income and is leading a luxurious and lavish life style.

**21. RC-5/87-ACU-II dated 23-12-87 u/s 120-B IPC and section 5 (2) r/w 5 (1) (d) of PC Act 1947.**

Brief facts:-

RC-5/87-ACU-II dated 23-12-87 u/s 120-B IPC and section 5 (2) r/w 5 (1) (d) of PC Act 1947 was registered against A.K. Sinha, IAS former Director of Agriculture, Govt. of Haryana during 1980-81 arranged an agency in favour of M/s May & Baker (India) Ltd. for sale of their product 'TOLKAN' a weedicide to the Govt. of Haryana who received a total commission of Rs. 63,000/- from M/s May & Baker( India) Ltd. Bombay and out of the said Commission 50% of it was subsequently paid by M/s Agro Chem Sales, New Delhi to Sh. Balmiki Prashad father of A.K. Sinha.

**22. RC-3/03/-ACU-III dated 6-10-03 U/S 13 (2) r/w 13 (e) of PC Act 1988.**

Brief facts:-

RC-3/03/-ACU-III dated 6-10-03 u/s 13 (2) r/w 13 (e) of PC Act 1988 was registered against Anand Mohan Sharan, IAS, that while he was working in different capacities in Govt. of Haryana and as Commissioner (Land & Disposal) DDA, New Delhi during the period 1990 to 27-3-2003 by corrupt or illegal means or by abusing his official position as public servant amassed assets either in his own name or in the name of his family members which are substantively disproportionate to his known sources of income.

**23. RC 1(S)2002/SIU 14-1-2002 u/s 302 IPC.**

Brief facts:-

RC I(S)2002/SIU 14-1-2002 u/s 302 IPC was registered against Manoj Kumar, Ramesh Kumar and Jaibir. The case relates to murder of Rajesh.

24. **RC 8 (S)2003/SCB/CHG 12-12-2002 u/s 302.**

Brief facts:-

RC 8 (S)2003/SCB/CHG 12-12-2002 u/s 302 was registered against Baba Gurmeet Ram, Avtar Singh, Inder Sain, Sabdil Singh, Jasbir Singh & Krishan Lal. The case relates to murder of Ranjit Singh r/o Kurukshetra on 10-7-2002.

25. **RC 10(S) 2003 24-7-2008 u/s 302.**

Brief facts:-

RC 10(S) 2003 24-7-2008 u/s 302 was registered against Baba Gurmeet Ram, Krishan Lal, Kuldeep & Nirmal . The case relates to murder of Ram Chander Chattarpati r/o Sirsa on 24-10-2002.

26. **RC 5 (S) 2002/SIU/CHG 12-12-2002 u/s 376 IPC**

Brief facts:-

RC 5 (S) 2002/SIU/CHG 12-12-2002 u/s 376 IPC was registered against Baba Gurmeet Ram. The case relates to sexual exploitation of sadhvis in the Dera.

27. **RC 4 (S) 11-1-2007 u/s 120-B IPC**

Brief facts:-

RC 4 (S) 11-1-2007 u/s 120-B IPC was registered against Naresh, Dinesh, Prahlad, Ram Niwas.

28. **RC 4 (S)2008/SCB/Delhi 2-6-08 u/s 302 IPC.**

Brief facts:-

RC 4 (S)2008/SCB/Delhi 2-6-08 u/s 302 IPC was registered against Vijay Bhardwaj.

29. **RC 1 (E)/2008 8-2-2008 u/s 307 IPC.**

Brief facts:-

RC 1 (E)/2008 8-2-2008 u/s 307 IPC was registered against Amit, Upender, Jeeven Kumar, Krishan, Linda, Sairaj, Kumar, Jagdish, Gysudin, Upinder Kumar. The case relates to illegal trading in human organ (Kidney Racket).

30. **RC 11(S)2008 24-7-08 u/s 120-B IPC**

Brief facts:-

RC 11(S)2008 24-7-08 u/s 120-B IPC was registered against Balraj, Silk Ram, Ramphal, Ram Dhari, Ranbir Singh. The case relates to rape with Sarita by the accused person on 10-4-2008 at CIA Rohtak.

31. **RC4 (S) 2007 SCUI/SCR-I New Delhi 18-5-2007 u/s 120-B IPC**

Brief facts:-

RC4 (S) 2007 SCUI/SCR-I New Delhi 18-5-2007 u/s 120-B IPC was registered against Satnam, Azad Mehaboob, Pawan, Murslin Kamil.

[Sh. Randeep Singh Surjewala]

**32. RC 8(S)2005/SCB-1/New Delhi 9-9-2005 u/s 109 r/w 148 ,149, 153, 427,436 IPC**

Brief facts:-

RC 8(S)2005/SCB-I/New Delhi 9-9-2005 u/s 109 r/w 148,149,153,427,436 IPC was registered against Dalbir Singh, Rajesh Kumar, Khushi Ram, Radhey, Rajender, Pardeep Sangwan, Bhale Ram, Mahipal Lahna, Manoj Kumar, Ramesh. Kancha, Balbir Singh and Nafe Singh.

**33. RC 12 (S) 2008/SCB/CHG 24-7-2008**

Brief facts:-

RC 12 (S) 2008/SCB/CHG 24-7-2008/ was registered against Bulraj, Dheeraj Sethia, Silak Ram, Ram Phal & Pawan Kumar. The case relates to suicide of Sarita.

**34. RC CHG 2001A0035**

Brief facts:-

RC CHG 2001A0035 was registered against Sh. Kartar Singh Bhadana, the then Cooperation Minister, Haryana and others. The case relates to illegal mining (related to Haryana Govt.)

**35. RC CHG 2005A0008**

Brief facts:-

RC CHG 2005A0008 was registered against Sh. Nar Singh Dass, Kanungo Land Acquisition Office and others for defrauding the public exchequer of Rs. 7,43,477 on the basis of fabricated orders of the Hon 'ble Court.

**36. RC CHG 2006A0017**

Brief facts:-

RC 2006A0017 was registered against Sh. Arun Kumar the then DSP/ GRP (H) Sh. Udey Shankar, the then DSP., Ambala Cantt and Sh. Malik the DGP/ Haryana. The case was registered on the direction of Punjab and Haryana High Court, Chandigarh. The said enquiry related that Sh. Ravi Azad, accused entered into criminal conspiracy with Sh. Arun Kumar, DSP and Sh. Udey Shankar, DSP and abused their official position as such public servants in the matter of selection of Constable in GRP & HAP in Haryana Police and in furtherance of the same, they dishonestly selected unsuccessful candidates whose names were supplied by Sh. Ravi Azad, and in furtherance thereof forged/ fabricated were signed by the accused persons. They further destroyed certain original record pertaining to successful candidates.

**37. RC1 (S)/2010/SC-I dated 11-1-2010.**

Brief facts:-

RC1 (S)/2010/SC-I dated 11-1-2010 was registered against Sh. SPS Rathore. After completion of investigation closure report was filed in the court on 10-11-2010 in the court of SJM, Ambala and pending for acceptance.

**38. RC2 (S)/2010/SC-I dated 11-1-2010.**

Brief facts:-

RC2 (S)/2010/SC-I dated 11-1-2010 was registered against SPS Rathore After completion of investigation closure report was filed in the court on 10-11-2010 in the court of SJM, Ambala . The complainant has not filed the protest petition so far. The matter is fixed for 4-4-2012.

**39. RC3 (S)/2010/SC-I dated 11-1-2010.**

Brief facts:-

RC3 (S)/2010/SC-I dated 11-1-2010 was registered against SPS Rathore. After completion of investigation, the case ended in the closure of the case. The closure report has not been filed because of stay by the Hon'ble High Court of Punjab and Haryana Chandigarh, since the matter arising out of Crl. Misc. No. 671/2010 continues in the Hon'ble High Court.

**40. RC-13(S)/2008/SCB/CHG dated 19-9-2008.**

Brief facts:-

RC-13(S)/2008/SCB/CHG dated 19-9-2008 was registered on the order of Hon'ble High Court of Punjab and Haryana, Chandigarh, in which it was alleged by Surinder Singh r/o village Sirdhana, distt. Sonipat that his younger brother Vinod Kumar @ Baba died due to merciless and inhuman torture meted out at the hands of police officials namely SI Rattan Singh, SHO PS Safidon and others.

**41. RC 5 (S)2011/SCB/CHG dated 6-6-2011.**

Brief facts:-

RC 5 (S)2011/SCB/CHG dated 6-6-2011 was registered on the order dated 24-3-2011 of Hon'ble High Court, Punjab and Haryana , Chandigarh on account of attempt to rape, obsence matter, criminal intimidation acts done by several persons in furtherance of common intention u/s 376/511/ 292/506/34 IPC against Sh. Virender Sehrawat, SDM, Samalkha.

[Sh. Randeep Singh Surjewala]

**(b) Four accused have been convicted on the basis of the investigation made by the CBI. The details is as under :-**

**1. RC 2 (A)/2005/ACU-IX dated 16-2-2005**

In 3 charge sheets, 3 accused persons namely Rakesh Kumar, Rajesh Kumar and Manjit Singh, DEO Jind have been convicted by the Court.

**2. RCCHG2009A0005 dated 18-3-2009**

RCCHG2009A0005 dated 18-3-2009 was registered against Sh. Ravinder Kumar ASI, GRP Haryana, Railway Station, Chandigarh on the allegation of demand of bribe of Rs. 7,000/-. The accused has been convicted in Special Judge, CBI, Chandigarh.

---

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर** : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि ऐसे कितने केसिज हैं जो सरकार ने खुद सी.बी.आई. को दिये हैं और ऐसे कितने केसिज हैं जो अदालत के आदेश से सी.बी.आई. को दिये गये हैं ?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, मेरे माननीय साथी जो जानना चाहते हैं उनका विवरण मेरे द्वारा सदन के पटल पर रखा गया है। यदि वह उनकी व्याख्या देख लें तो उन्हें हर केस के बारे में पता चल जायेगा कि कौन सा केस सी.बी.आई. को सरकार ने दिया है और कौन सा केस अदालत के आदेश से सी.बी.आई. को दिया गया है। फिर भी मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि अब तक सी.बी.आई. ने 41 केसिज के अंदर चार्जशीट फाईल की है जो इस समय केन्द्रीय जांच ब्यूरो की विशेष अदालतों के अंदर विचाराधीन हैं जिनमें से पहला केस जिसकी मैंने चर्चा की है, वो RC-2(A)/06 dated 3-4-2006 है। यह केस श्री ओम प्रकाश चौटाला, पूर्व मुख्य मंत्री और उनके बेटों और परिवार के सदस्यों के खिलाफ है। 13(2)13(1) of PC Act, 1988 में यह जांच हरियाणा सरकार के द्वारा भेजी गई थी और अगला जो मामला है वह पेज दो पर है जो श्री ओम प्रकाश चौटाला, पूर्व मुख्यमंत्री, हरियाणा व श्री संजीव कुमार, इंडियन ऐडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस अधिकारी के खिलाफ 3206 जे.बी.टी. टीचरों की नियुक्तियों के बारे में है। यह मामला अदालत में गया था और उसके बाद वहां से यह केन्द्रीय जांच ब्यूरो जांच ब्यूरो को दिया गया। स्पीकर सर, इसी तरह से तीसरा, चौथा, पांचवा और छठा केस भी नं. 2 से अराइज हो रहा है। यह सारे केसिज एक ही सीरीज का हिस्सा हैं लेकिन इंसिडैंट्स अलग-अलग हैं मैंने इसलिए उसे सिर्फ स्टेटमैंट कहा था। नं. 7 केस जिस पर हमने चर्चा की है वह हरियाणा सरकार की रिक्वैस्ट के मुताबिक दिया गया है। नं. 8 एवं नं. 9 केस भी हरियाणा सरकार की रिक्वैस्ट पर दिये गये हैं। नं. 10, 11. 12, 13, 14, 15, 16. 17 एवं 18 पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर दिये गये हैं।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर** : अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह भी पूछना चाहता हूँ कि इन विभिन्न केसों में जांच कब से पैंडिंग है और क्या किसी केस में सजा भी हुई है ?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, जो यह 41 केसिज मैंने कहे हैं इनमें जांच पैंडिंग नहीं है। इनके अंदर केन्द्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा चार्जशीट अदालत में दायर कर दी गई

है। इसीलिए अगर आप इसका पहला पैरा देखें :-

"As per information provided by CBI, the CBI has filed chargesheet in 41 cases which are under trial in various CBI Courts at Chandigarh, Panchkula and New Delhi."

ये भिन्न-भिन्न स्टेजिज पर हैं। यह सारी इन्फर्मेशन हमने केन्द्रीय जांच ब्यूरो से कलैक्ट की है। इसका आखिरी पन्ना आप देखें, उसमें यह भी दिया हुआ है कि कौन-कौन से केस में सजा हुई है, ऐक्यूज्ड का नाम, एफ.आई.आर. का नम्बर सब कुछ इसमें दिया हुआ है।

---

## Posting of Doctors

***976. Sh. Prithi Singh Nambardar :** Will the Health Minister be pleased to state the steps being taken or likely to be taken for the posting of doctors of Medicine, Skin Specialist, ENT, Psychiatry etc., against the posts lying vacant in the Hospitals and Dispensaries in Narwana tehsil togetherwith the time likely to be taken for the aforesaid postings ?

**स्वास्थ्य मंत्री (राव नरेन्द्र सिंह) :** महोदय, स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में विशेषज्ञ सहित चिकित्सा अधिकारी भर्ती करने के लिए एक विज्ञापन दिया है। यदि विशेषज्ञ पर्याप्त संख्या में मिलते हैं तो सामान्य अस्पताल नरवाना तथा सी0एच0सी0-कम-जी0एच0 उचाना कलां में चिकित्सा अधिकारी विशेषज्ञ भर्ती उपरांत नियुक्त कर दिये जायेंगे। औषधालयों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञों के कोई पद नहीं हैं।

**श्री पिरथी सिंह (नम्बरदार) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि नरवाना में वैसे तो 100 बिस्तरों वाला अस्पताल है लेकिन उसके बावजूद इससे संबंधित जरूरी सुविधायें और जो विशेषज्ञ डाक्टर वहां नियुक्त नहीं हैं जिसकी वजह से मरीजों को बहुत सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के चलते लोगों को आवश्यकता पड़ने पर रोहतक, हिसार व दिल्ली इलाज के लिए जाना पड़ता है। जब भी कोई मरीज अस्पताल जाता है तो उसे दाखिल करने से पहले ही रैफर कर दिया जाता है, मंत्री जी बताएं कि वहां डॉक्टरों की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी क्योंकि लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है ?

**राव नरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, जैसे कि मैंने पहले भी सदन में बताया है कि प्रदेश में 439 पोस्टें डॉक्टर्ज की खाली हैं। उन पदों के लिए हमने आवेदन दिया हुआ है और मैं समझता हूँ कि मार्च-अप्रैल के अंत तक हम पूरी भर्ती कर लेंगे। इसमें स्पेशियलिस्ट भी शामिल हैं। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि जहां तक मौजूदा सरकार का संबंध है, हमने पिछले दो सालों के अंदर 17 राउंड्स में 2254 डॉक्टर्स की भर्ती की है। जहां तक पिछली सरकार रही, जहां से हमारे माननीय विधायक जी संबंध रखते हैं उनके शासनकाल में उन्होंने केवल मात्र 747 डॉक्टर्ज की भर्ती की थी और हमने इस दौरान में 2768 डाक्टरों की भर्ती की है। हमारी सरकार इस बारे में गंभीर है। डॉक्टर्ज की भर्ती के लिए हमारी सरकार के समय में यह प्रक्रिया बराबर चलती रहती है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, मैं भी एक सप्लीमैंट्री इन्फर्मेशन देना चाहूंगा क्योंकि मैं भी नरवाना से दो बार विधायक रह चुका हूँ, चौटाला जी भी वहां से विधायक रहे हैं और अब चौधरी पिरथी सिंह जी वहां से विधायक हैं। जब आदरणीय चौटाला साहब मुख्यमंत्री थे तो उस अस्पताल के दो फ्लोर खाली करके वहां तहसील का कार्यालय खोला था और एक फ्लोर पर बंदरों ने कब्जा कर रखा था। उसके बाद जब सरकार बदली और हमारी सरकार आई, तब हमने आकर वह कब्जा छुड़वाया है। (शोर एवं व्यवधान) यह मैं चौधरी पिरथी सिंह जी की जानकारी के लिए बता रहा हूँ।

**श्री पिरथी सिंह नम्बरदार** : अध्यक्ष महोदय, तहसील की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी थी इसलिए थोड़े दिन के लिए वह ले ली थी तो इसमें क्या हर्ज की बात हो गई। (विघ्न) मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या सरकारी अस्पताल में दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं ? अगर नहीं है तो सरकारी दवाइयां कहां गईं ? जो भी मरीज वहां इलाज के लिए जाते हैं उनको बाहर से खरीदने के लिए दवाइयां लिख दी जाती हैं ?

**श्री रामेश्वर दयाल राजौरिया** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि बावल में कोई ट्रॉमा सैंटर नहीं है और एन.एच.8 के नजदीक होने की वजह से वहां ऐक्सीडैंट ज्यादा होते हैं और ऐक्सीडैंट की स्थिति में वहां कोई हैल्प नहीं मिल सकती है इसलिए वहां जो अस्पताल है क्या उसमें अच्छे सर्जन डॉक्टर नियुक्त किये जायेंगे ?

**राव नरेन्द्र सिंह** : अध्यक्ष महोदय, रिवाड़ी में ट्रॉमा सैंटर है और बावल रिवाड़ी के नजदीक ही है। फिर भी माननीय सदस्य इस बारे में जानना चाहते तो ये सैपरेट क्वेशचन दें तो हम उसका जवाब देंगे।

---

**Construction of Parks in Indri**

***986 Dr. Ashok Kashyap :** Will the Forest Minister be pleased to state :-

(a) the reason for not completing the construction work of the lone park in city Indri, in spite of the announcement made by the Chief Minister;

(b) the amount/grant spent on the construction of aforesaid park till date; and

(c) the time by which the construction work of the said park is likely to be completed ?

**वन मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव) :**

(क) माननीय मुख्य मंत्री, हरियाणा द्वारा की गई घोषणा के अनुसार इन्द्री में 8 एकड़ भूमि पर हर्बल-पार्क विकसित किया जाना था। जिस भूमि पर हर्बल-पार्क विकसित किया जाना है, वह भूमि आरक्षित वन घोषित है। यह भूमि उबड़-खाबड़ है तथा इसके एक हिस्से (1 एकड़) में तालाब है। इस आरक्षित वन की कुदरती सुन्दरता को बरकरार रखते हुए लोगों को जड़ी बूटियों के संरक्षण बारे जागरुक करने हेतु हर्बल-पार्क का निर्माण किया गया है।

(ख) इस हर्बल पार्क के निर्माण पर अब तक 5.68 लाख रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है।

(ग) हर्बल पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण है तथा यह पार्क आम लोगों के लिए खुला है।

**डॉ० अशोक कश्यप** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि हर्बल पार्क के लिए कितनी राशि मन्जूर हुई थी और कितनी राशि अब तक खर्च की जा चुकी है ? पिछले सैशन में भी मंत्री जी ने बताया था कि इस पार्क के लिए दस लाख रुपये की राशि सैंग्शन हुई है। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि क्या यही राशि मन्जूर की गई है या और भी राशि इस पार्क के लिए मन्जूर की गई है ?

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : स्पीकर सर, इन्द्री के हर्बल पार्क पर अब तक हमने 5.68 लाख रुपये खर्च किये हैं और यह पार्क बनकर तैयार हो गया है। इस पार्क में यह दिक्कत है कि यह प्रोटैक्टिड फौरेस्ट एरिया है इसलिए इस पार्क को हम आम पार्कों की तरह प्लेन नहीं कर सकते। यह पार्क आम पब्लिक के लिए खोल दिया गया है। इस पार्क पर अब तक 5.68 लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं और आगे भी हर साल हम इस पार्क पर और धन राशि खर्च करते रहेंगे।

**डॉ० अशोक कश्यप** : अध्यक्ष महोदय, उस पार्क में पीने के लिए पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इस पार्क की देखभाल के लिए क्या कोई कर्मचारी वहां पर रखे हुए हैं या नहीं ?

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : स्पीकर सर, हर्बल पार्क में शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। लेकिन इस पार्क की देख रेख करने के लिए हमने बाकायदा कर्मचारी डी.सी. रेट पर रखे हुए हैं।

**श्री सुभाष चौधरी** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या पलवल में भी कोई हर्बल पार्क बनाने का सरकार विचार कर रही है ? यह बात मैं पहली बार सुन रहा हूँ कि पार्क में कोई बाथरूम की व्यवस्था नहीं है।

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : स्पीकर सर, पलवल में इस समय कोई हर्बल पार्क नहीं है। पार्क के लिए अगर जमीन बाकायदा पंचायत दे देती है तो पार्क बनाने में हमें कोई एतराज नहीं है। जहां पर भी पंचायत रेजोलूशन पास करके जमीन फ्री ऑफ कॉस्ट देती है वहां पर हम पार्क बना देते हैं। इस समय 32 हर्बल पार्क बनाये हुए हैं और 10 पार्कों पर पहले ही काम चल रहा है। पलवल में अगर पंचायत जमीन दे देती है तो सरकार द्वारा वहां पर पार्क बनाने के लिए विचार किया जा सकता है।

**डॉ० हरिचन्द मिड्ढा** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि जीन्द शहर में जो हर्बल पार्क बनाया गया है वह शहर से चार किलोमीटर दूर है इसलिए वहां पर लोगों को सैर करने के लिए काफी दिक्कत आती है। क्या शहर के नजदीक कोई पार्क बनाने पर सरकार विचार करेगी ?

**कैप्टन अजय सिंह यादव** : स्पीकर सर, माननीय सदस्य जो बात कह रहे हैं वह मेरी समझ से बाहर की बात है क्योंकि डी.सी. कालोनी के पास जो रैस्ट हाउस है उसके पास चन्द्रवाटिका पार्क पहले से ही मौजूद है।

**श्री अध्यक्ष** : माननीय सदस्य के घर से चार किलोमीटर दूर पार्क होगा ना।

**डॉ० हरिचन्द मिड्ढा** : अध्यक्ष महोदय, हर्बल पार्क शहर से इतनी दूर बनाया हुआ है कि वहां आम लोग घूमने के लिए नहीं जाते।

**Mr. Speaker** : It is not a supplementary.

**तारांकित प्रश्न संख्या 1045**

(इस समय माननीय सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे इसलिए यह प्रश्न पूछा नहीं गया।)

**Construction of ROB**

***1008 : Sh. Rajender Singh Joon** : Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct an ROB on the railway crossing on Asouda Jassour Kheri-Kharkhoda road together with the cost of the project and the target date of its completion ?

**Industries Minister** (Shri Randeep Singh Surjewala) : Yes sir. The proposal amounting to Rs. 32.27 crore has already been approved by the Government. No time frame can be given as proposal has been recently included in the supplementary budget of the Railway Department for the year 2011-12.

**श्री राजेन्द्र सिंह जून** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि जो इन्होंने कहा है कि रेलवे से इस पुल का डिजाईन वगैरह पहले पास करवायेंगे, तो ये कब तक वहां से इस पुल का डिजाईन पास करवायेंगे। इसके साथ ही जो अब तक इस पुल पर 32.37 करोड़ रुपया खर्च किया गया है इसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करता हूँ।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, असौदा-जस्सोर खेड़ी-खरखौदा सड़क पर काफी ट्रैफिक आता जाता है। वहां पर आप भी ट्रैवल करते हैं इसलिए इस सड़क पर ओवर ब्रिज बनाने की बहुत आवश्यकता थी। सरकार ने इस ओवर ब्रिज को बनाने के लिए विशेष तौर पर रेल मंत्री से और आदरणीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करके सप्लीमैंट्री बजट वर्ष 2011-12 में शामिल करवाया। इसके बाद जी.ए.डी. और डी.पी.आर. के बाद इस पुल के लिए टैंडर हो जायेंगे और इस प्रक्रिया में जी.ए.डी. और डिजाईन में हमारा यह ऐक्सपीरियंस रहा है कि रेलवे की परमिशन आने में काफी समय लग जायेगा। यदि हम परस्यू करें तो अकसर 5 से 6 महीने का समय ही रेलवे की जो डिफरैंट हिरारकी है वहां से जनरल अरेंजमैंट ड्राइंग्स ऐप्रूव होने में लगता है। डी.पी.आर. बनने के बाद ही यह काम हो पाएगा क्योंकि यह काम रेलवे की एप्रूवल के बगैर नहीं हो सकता। इस काम के लिए 50 परसैंट पैसा हम देते हैं और 50 परसैंट पैसा रेलवे विभाग देता है इसलिए इस समय इसकी सीमा निर्धारित करना सम्भव नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को आश्वासन देना चाहूंगा कि चूंकि बहादुरगढ़ बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है और बहुत तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है इसलिए हम इस काम को जल्दी से जल्दी करवाएंगे।

**डॉ० बिशन लाल सैनी** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या हमारे जिला यमुनानगर के लिए इस प्रकार का कोई आर.ओ.बी. सरकार के पास विचाराधीन है ?

**Mr. Speaker :** It is a separate question.

**श्री जगबीर सिंह मलिक** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि गोहाना में जींद रोड पर जो आर.ओ.बी. सैंग्शन हुआ था, वह किस स्टेज पर है और उस पर कब तक काम शुरू कर देंगे ?

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, it is a separate question.

**श्री जगदीश नैय्यर** : अध्यक्ष महोदय, हसनपुर फाटक पर एक आर.ओ.बी. बनाने के बारे तय हुआ था। मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि हम 11 नवम्बर को इसका नींव पत्थर रखने आएंगे लेकिन आज तक उस पर एक ईंट भी नहीं लगी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि वह कौन सी रुकावट है जिसके कारण मेरे हल्के का आर.ओ.बी. अभी तक नहीं बनाया गया।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Minister, have you any information on this supplementary ?

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, it is a separate question. He can give me a separate notice in this regard.

## Government Girls College in Rania City

***1075. Shri Krishan Lal Kamboj :** Will the Education Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Government Girls College in Rania City; if so, the details thereof ?

**Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) :** No, Sir.

**श्री कृष्ण लाल कम्बोज** : अध्यक्ष महोदय, वैसे तो ऐजूकेशन के मामले में सरकार को नो सर जवाब नहीं देना चाहिए। सिरसा हमारे यहां से 25 किलोमीटर दूर है और पिछले कई सालों से मेरे हल्के के लोगों की डिमांड थी कि अगर हमारे यहां लड़कों का महाविद्यालय नहीं बनाया जा सकता तो कम से कम लड़कियों के लिए तो वहां महाविद्यालय बना दिया जाए। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूँ कि हमारी इस डिमांड पर तो कम से कम गौर किया जाए।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Minister, it is a request. You may note down please.

**श्री धर्मपाल ओबरा** : अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय लोहारू में घोषणा करके आए थे कि बहल में कन्या महाविद्यालय खोला जाएगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि यह महाविद्यालय कब खोला जाएगा और इसका कोई काम चालू हुआ है या नहीं ?

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल** : अध्यक्ष महोदय, मैं पहले माननीय सदस्य कम्बोज जी की बात का जवाब देना चाहूंगी कि हायर एजूकेशन हमारे प्रायरिटी सैक्टर में शामिल है। कल के बजट में भी आपने देखा होगा कि शिक्षा के क्षेत्र के लिए बहुत ज्यादा बजट का प्रोवीजन किया गया है। हरियाणा में जो ग्रोस इनरोलमैंट रेशो है यह रेशो हमारे नैशनल रेशो 12.4 से भी ज्यादा है। जहां तक सिरसा की बात है तो ऐलनाबाद में मुख्यमंत्री जी ने जिस कालेज की घोषणा की थी वह कालेज इस समय शुरू हो चुका है। इस समय वहां 763 बच्चे ऐडमिशन ले चुके हैं। रानिया में किसी कालेज की प्रपोजल इस समय हमारे पास नहीं है क्योंकि वहां पर आलरेडी 3 गवर्नमैंट कालेजिज हैं और 4 एडिड गवर्नमैंट कालेजिज हैं। दूसरा प्रश्न हमारे माननीय साथी धर्मपाल ओबरा जी ने किया था। मैं इनको बताना चाहूंगी कि बहल में मुख्यमंत्री जी की जो घोषणा थी उस पर अगले साल 2013-14 में विचार कर रहे हैं।

**श्रीमती कविता जैन** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूँ कि दिसम्बर, 2011 में माननीय मुख्यमंत्री जी सोनीपत में गवर्नमैंट कालेज खोलने की घोषणा करके आये थे। मंत्री महोदया बतायेंगी कि सोनीपत में सरकारी कालेज खोलने पर क्या कार्यवाही चल रही है ?

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगी कि सोनीपत ऐजूकेशन हब के रूप में उभर रहा है। नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी भी वहां बनने जा रही है। सोनीपत में सरकारी कालेज बनाने के लिए नगरपालिका से जमीन की बात की गई है। जैसे ही जमीन अवेलेबल होगी इस केस को ऐग्जामिन किया जाएगा। (विघ्न)

**Mr. Speaker** : There have been five supplementaries on this question. I think it is enough.

---

## Green Belt in Faridabad

***1085. Shri Anand Kaushik** : Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to develop green belt on the pattern of Chandigarh in the Historical Industrial city, Faridabad; if so, the details thereof ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala)** : Sir, there being no defined pattern of green belt in Chandigarh, the green belts indicated in the published Final Development Plan of Faridabad-Ballabhgarh Complex have been/are being/will be developed by Haryana Urban Development Authority (HUDA) and Municipal Corporation, Faridabad.

Speaker Sir, I would also like to tell my learned friend that out of the total unrealizable area of 38743 Acres in this Faridabad-Ballabhgarh controlled area, an area measuring 3199 Acres i.e. about 8.26% has been earmarked for open spaces, parks and green belts.

---

**Reconstruction of Bridge**

***1069. Shri Phool Singh Kheri :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether it is a fact that the construction work of bridge on Cheeka to Gharnola (between Dhandola to Bopur) in Guhla Cheeka constituency was started during the year 2004 but the same has not been completed so far; if so, the time by which the aforesaid bridge is likely to be completed ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, the construction of the bridge was started in the year 2004 and completed in July, 2009.

**श्री फूल सिंह खेड़ी** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि गुहला निर्वाचन क्षेत्र में चीका से घरनोला तक पुल का निर्माण कार्य 2004 में आरम्भ किया गया था और वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया है कि जुलाई, 2009 में वह पुल पूर्ण हो चुका है लेकिन वह पुल अब तक भी पूरा नहीं हुआ है। वहां कोई पुल नहीं है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि अगर माननीय सदस्य को कोई शक है तो दोबारा लिखकर भेज दें लेकिन कल ही उस पुल की कुछ फोटोग्राफ्स खिंचवाई गई थी जो मेरे पास हैं। मैं सदन की जानकारी के लिए ये फोटोग्राफ्स पास ऑन करना चाहूंगा।

**श्री फूल सिंह खेड़ी** : अध्यक्ष महोदय, मैंने पुल के बारे में ही पीछे भी सवाल पूछा था उसमें भी दरार थी। इस बारे में पेपर में भी आया था।

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, he is saying that there no bridge exists. (Interruptions) I am saying these photographs were taken yesterday. अध्यक्ष महोदय, पता नहीं मेरे साथी गुहला रहते भी हैं या नहीं। मुझे इस पर शक है कि ये गुहला में रहते हैं। माननीय साथी हर बार यही कहते हैं कि पुल ऐग्जिस्ट नहीं करता। मुझे नहीं लगता कि मेरे साथी अपने हल्के में रहते हैं इसलिए मैं फोटोग्राफ्स साथ लेकर आया हूँ। इनका कुछ सिस्टम गड़बड़ लगता है।

**श्री फूल सिंह खेड़ी** : अध्यक्ष महोदय, पता नहीं माननीय साथी कौन से पुल की फोटो खिंचवा लेते हैं। रास्ते में बहुत से पुल आते हैं।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, अगली बार माननीय साथी को पुल के साथ खड़ा करके फोटो खिंचवा दूंगा।

**श्री फूल सिंह खेड़ी** : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने कहा है कि 2009 में यह पुल बन चुका है और मैंने पहले भी इस बारे में क्वैश्चन किया था तब भी मंत्री जी ने यही जवाब दिया था लेकिन आज तक वह पुल पूरा नहीं हुआ है। (शोर एवं व्यवधान)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, why he does not bring a breach of privilege motion against me. He should bring. I am making a statement on the floor of the House. (Interruption).

**श्री अध्यक्ष :** फूल सिंह जी, मंत्री जी ने आपको चुनौती दी है कि यदि मंत्री जी का जवाब गलत है तो आप इनके खिलाफ प्रिविलेज मोशन ले आयें। आप चुनौती स्वीकार क्यों नहीं कर रहे ? ठीक है, आप बैठें मैं समझ गया। (विघ्न) Everything is understood, please take your seat.

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी कह रहे हैं कि ये गुहला चीका में नहीं रहते तो मंत्री जी यह भी तो बतायें ये कहां रहते हैं ?

**श्री अध्यक्ष :** चुनौती स्वीकार नहीं की गई।

---

**Construction of Road**

***1123. Shri Jagdish Nayar :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state the time by which the construction work of the road from Khirpi to Banswa and Banswa to Mieki is likely to be started ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, these roads already exist. However, road wise details are as under :-

(i) Khirbi to Banswa road is in satisfactory condition.

(ii) The road from Banswa to Mieki consists of the following three stretches :-

(a) The road from Banswa to Bhiduki is proposed to be repaired and is expected that work will be started by 30-6-2012.

(b) The road Bhiduki to Darana is proposed to be repaired and is expected that work will be started by 30-6-2012.

(c) The road from Darana to Likhi has been improved recently except 300m falling in village portion Likhi due to stay order of Hon'ble Court of Additional Civil Judge, Hodal.

**श्री जगदीश नैय्यर :** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो इन्होंने बताया कि खिरबी से बांसवा तक की सड़क की हालत संतोषजनक है। अभी उस इलाके में बांसवा के निकट टकसाई गांव में चार तारीख को एक मेला हुआ था और मैं भी उस मेले को देखने के लिए गया था। मैं यह बताना चाहता हूँ कि उस सड़क की हालत आज भी बहुत खराब है। मंत्री जी को इनके अधिकारियों ने गलत इन्फर्मेशन दी है। इसलिए मंत्री जी अपने विभाग को इस बारे में दोबारा इन्फर्मेशन देने के आदेश दें। दूसरा जो बांसवा से मिकी की सड़क है इसकी भी हालत बहुत खराब है। इसके अलावा माननीय मंत्री जी ने बांसवा से बडूकी सड़क की मरम्मत के लिए तीन महीने का समय तय किया है। इसके साथ-साथ बडूकी से दराना तक की सड़क के बारे में भी तीन महीने में काम शुरू होने का आश्वासन दिया है। दराना से मिकी सड़क के सुधारीकरण का कार्य भी अभी पूर्ण हुआ है। सर, आप इस बारे में पता कर लें ये ऐसी सड़कें हैं कि वहां पर सड़क को छोड़कर लोग पैदल चलते हैं। पिछले समय एक लड़का सड़क छोड़कर पुल से चल रहा था तो उस समय वह नदी में डूबकर मर गया। यहां पर बांसवा में सड़क नाम

की कोई चीज़ ही नहीं है। बांसवा से खिरवी जो सड़क है वह पुल के पास बिलकुल खत्म हो चुकी है। बरसात के दिनों में वहां पुल से गुजरना पड़ता है। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि इस सड़क की सही तरीके से जांच करवाकर जल्दी से जल्दी इसकी रिपेयर करवाई जाये।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि ओरिजनली ये पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) की रोड्ज़ नहीं थी। हाल ही में जब सरकार ने यह निर्णय किया कि 2000 किलोमीटर सड़कें हरियाणा एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड से for further up-gradation पी.डब्ल्यू.डी. (बी.एण्ड आर.) ट्रांसफर की जाये तो ये हमें ट्रांसफर होकर आई हैं। इनमें से 366 के लगभग ऐसी सड़कें हैं जिनका हमने 162.58 करोड़ रुपये की हाल ही में डी.एन.आई.टी. लगाई है। जिन दो सड़कों की माननीय सदस्य ने चर्चा की उनमें से एक बांसवा से भिडूकी सड़क की 120.35 लाख रुपये की डी.एन.आई.टी. अण्डर प्रोसैस है और दूसरी भिडूकी से दराना सड़क की 65.46 लाख रुपये की डी.एन.आई.टी. भी अण्डर प्रोसैस है। आदरणीय मुख्यमंत्री और सरकार को यह लगा कि इन रोड्ज़ के ऊपर एकस्ट्रा ट्रैफिक है इसलिए इनकी अपग्रेडेशन और नये नॉर्म्ज़ के अनुसार इनके निर्माण की आवश्यकता है इसलिए ये सड़कें हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड से हस्तांतरित होकर हमारे पास आई हैं। केवल मात्र एक दिन में दो हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य सम्पन्न करवा पाना सम्भव नहीं लेकिन फिर भी जैसा कि मैंने बताया हम इन सड़कों के निर्माण और रिपेयर के कार्य को प्रॉयरटी बेस पर टेक-अप करेंगे। एक बात तो माननीय सदस्य ने खिरवी से बांसवा सड़क के बारे में कहा है कि इस सड़क की कंडीशन ठीक नहीं है। इस बारे में मैं इनको बताना चाहूंगा कि मैं इस सड़क को एग्जामिन करवा लूंगा और अगर जरूरत हुई तो उसको भी हम अप्रैल, 2012 से शुरू होने जा रहे अगले फाईनैंशियल ईयर के रिपेयर प्रोग्राम में डाल लेंगे।

**श्री राजबीर सिंह बराड़ा** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय जी से यह जानना चाहता हूँ कि क्या अम्बाला-जगाधरी रोड को चौड़ा करने की सरकार की कोई योजना है ? अगर है तो वह कब तक हो जायेगी ? इस कार्य हेतू किस कम्पनी को टैण्डर दिया है क्या मंत्री जी इस बारे में भी बताने का कष्ट करेंगे ?

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, it is a separate question.

**श्री राजबीर सिंह बराड़ा** : स्पीकर सर, . . . . . . . . . (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष** : राजबीर जी, आप बैठिए this is a separate question.

**श्री आफताब अहमद** : स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ कि पहले सड़कों की प्रति किलोमीटर के लिए रिपेयर की जो राशि दी जाती थी क्या उसको वर्तमान में बढ़ाया गया है जिससे सड़कों की गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार हो सके और वे लम्बे समय तक चल सकें क्योंकि पहले तो यह होता था कि सड़कें रिपेयर होने के बाद ही टूट जाती थी।

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, under P.W.D. Code which we have now revised, there are established norms. So, whatever amount is required, the policy is very consistent. Whatever amount is required for repair, reconstruction, widening, strengthening and new construction, that amount would

[Sh. Randeep Singh Surjewala]

be provided. I want to assure the learned Member. As far as these roads are concerned I have already explained.

---

**तारांकित प्रश्न संख्या 1131**

(इस समय माननीय सदस्य श्री नरेश सेलवाल सदन में उपस्थित नहीं थे इसलिए यह प्रश्न पूछा नहीं गया।)

---

**Construction of Roads**

***855. Shri Parminder Singh Dhull :** Will the Agriculture Minister be pleased to state -

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct the following roads :-

(i) from village Nandgarh to Dhigana;

(ii) from village Dhigana to Parana; and

(iii) from village Nidana to Biroli; and

(b) if so, the time by which the aforesaid roads are likely to be constructed ?

**Agriculture Minister (Sardar Paramvir Singh) :**

(a) No, Sir.

(b) Question does not arise.

**श्री परमिन्द्र सिंह ढुल :** अध्यक्ष महोदय, इस सड़क के बनने से 10 गांवों को फायदा होगा। डिघाना, नन्दगढ़ , निडानी, निडाना, सिंघवी खेड़ा, जाबरी, चट्टा खेड़ा आदि गांवों के किसानों को जीन्द की अनाज मण्डी में जाने के लिए जीन्द शहर से होकर गुजरना पड़ता है, जहाँ पर दो रेलवे फाटक हैं जिनकी वजह से वहां पर जाम लग जाता है। अगर यह सड़क बन जायेगी तो 10-15 गांवों को इसका फायदा होगा और उनको जीन्द शहर में जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। मैंने पिछली बार भी इस बारे में माननीय लोक निर्माण मंत्री जी से आग्रह किया था तो उन्होंने कहा था कि आप इस बारे में मार्केटिंग बोर्ड से सम्पर्क कीजिए इसलिए मैंने माननीय कृषि मंत्री जी से कहा है।

**सरदार परमवीर सिंह :** सर, इस सड़क के बनने से इन गाँवों की मंडी से दूरी कम नहीं होती है।

**श्री परमिन्द्र सिंह ढुल :** अध्यक्ष महोदय, 10-15 किलोमीटर का फर्क पड़ता है।

**श्री अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, यह डिमांड नोट कर ली जाये।

**सरदार परमवीर सिंह** : ठीक है सर, मैंने डिमांड नोट कर ली है और इसको हम ऐग्जामिन करवा लेंगे।

---

**Construction of Bridge**

***858. Dr. Bishan Lal Saini :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state the time by which the constrcution work on the bridge proposed to be constructed on the Western Yamuna canal on Radaur Jathlana road is likely to be started ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, it is likely to be started by June, 2012. Tender has been scheduled for 28th March, 2012. I will also like to tell my learned friend that this question was originally addresed to Irrigation Minister. Reason is that the Radaur Jathlana road, this basically links Saharanpur, Kurukshetra, Yamunanagar and Karnal road. It is an important road on the Western Yamuna Canal in the year 1905, a small bridge was constructed. This bridge is no longer safe. Since this is an ODR, Irrigation Department has transferred the job of construction of this bridge from Irrigation Department to P.W.D. (B&R). That is how we come into the picture. An estimate of Rs. 962.26 lacs has been prepared. We have also decided, on the demand of villagers as also people of the area that existing bridge is extremely narrow and we will have to go about 20 kilometers on the side. They have requested to construct a much wider bridge so that commutation becomes feasible as also possible. In that some forest land is coming, Sir, the matter had to go to Government of India for forest clearances that took almost an year, year and a half. Forest clearances have come now. DPR has been prepared and tenders have been invited and the tenders will be opened on 28th March, 2012.

**डॉ० बिशन लाल सैनी** : अध्यक्ष महोदय, इस बात के लिए मैं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ कि 3 साल के बाद ही सही, ये काम शुरू कर रहे हैं। सर, इसके अलावा एक पुल और है। हमीदा हैड पर से एक अवर्धन नहर निकलती है। उस नहर पर पुल बनने के 15 दिन बाद ही नीचे लटक गया था, टूट गया था क्या मंत्री जी उस पुल को भी बनवायेंगे या नहीं बनवायेंगे ? वहां के लोगों को बहुत परेशानी होती है और लोगों को 20 किलोमीटर दूर तक घूम कर आना-जाना पड़ता है।

**Mr. Speaker :** It is a separate question.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य इस बारे में लिख कर भिजवा दें हम जरूर उस पर गौर करेंगे। इसके अलावा मैं माननीय सदस्य को एक बात और बताना चाहूँगा कि इन्होंने एक दिन हाउस में कहा था कि चौटाला जी के समय में यमुना नगर जिले में 362 किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण करवाया गया था। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने हाउस में बड़ी रिस्पोंसिबल स्टेटमैंट दी थी इसलिए मैंने उस बारे में चैक करवाया है। अध्यक्ष महोदय, हकीकत यह है कि श्री चौटाला ने अपने पूरे समय में पूरे यमुनानगर जिले में केवल 10 किलोमीटर सड़क बनाई थी जिसकी कीमत 50 लाख रुपये थी। 362 किलोमीटर लम्बी सड़कों के

[श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला]
निर्माण वाली बात माननीय सदस्य ने कही थी आप चाहे तो इनका रिकार्ड निकलवाया जा सकता है।

**डॉ० बिशन लाल सैनी** : अध्यक्ष महोदय, मैंने यह कहा था कि वे सड़कें मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से बनवाई गई थी।

**Mr. Speaker :** You may place statement of facts on the Table of the House.

**श्री दिलबाग सिंह** : मैं मंत्री जी से ये पूछना चाहूँगा कि यमुनानगर जिले में एक यमुनानगर कॉन्स्टीच्यूएंसी है, क्या मंत्री जी बता सकते हैं कि वहाँ पर कोई ऐसी सड़क है जो बिल्कुल ठीक-ठाक हो।

**Mr. Speaker :** It is not a question.

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, he should give me a separate notice and I will give him the details. (Interruption)

**Mr. Speaker :** It is not a question. (Interruption) आप क्या पूछना चाहते हो ?

**श्री अनिल विज** : आप मौका देंगे तो कुछ न कुछ तो पूछेंगे सर, ये बड़े काबिल मंत्री हैं। मेरा एक जनरल क्वैश्चन है।

**Mr. Speaker :** No general question please. It is not relating to the question.

**श्री अनिल विज** : सर, 2010 में बाढ़ आई थी सरकार ने कुछ सड़कें सैंग्शन की थीं। वे आज तक नहीं बनी हैं और डिपार्टमैंट उन पर कोई इन्ट्रैस्ट ही नहीं दिखा रहा। मंत्री जी ने इस बारे में आश्वासन दिया था कि हम बनवाएंगे। क्या मंत्री जी, आप डिपार्टमैंट को इसके लिए कसेंगे ? (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Need not answer. (Interruption)

**श्री आनंद सिंह दांगी** : सर, सदन में इस तरह का प्रश्न करना ठीक नहीं।

**Mr. Speaker :** You are right. I think anybody who behaves like this, should himself decide whether he should be behaving like this or not ?

---

## Construction of Roads

***1004. Shri Narender Sangwan :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state the time by which the following new roads are likely to be constructed in Gharaunda Constituency ?

(a) from village Nanglamegha to Manglora;

(b) from village Naglafarm to Ganjogarhi,

(c) from village Mundogarhi to Derasikligar,

(d) Navipur to Kharjpur; and

(e) Lalupura to Sadarpur ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, road wise reply is as under :-

For roads at (a), (b), (d) & (e) there is no proposal to construct.

| 19 | फतेहाबाद | डा० ब्रमेन्द्र | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बडोपाल |
| 20 | फतेहाबाद | डा० संगीता मेहता | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनगांव |
| 21 | फतेहाबाद | डा० विनोद शर्मा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, फतेहाबाद |
| 22 | फरीदाबाद | डा० अरविन्द लोहान | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | बी0 के0 सामान्य अस्पताल, फरीदाबाद |
| 23 | फरीदाबाद | डा० नवदीप सिंगल | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | बी0 के0 सामान्य अस्पताल, फरीदाबाद |
| 24 | फरीदाबाद | डा० सुभाष गुप्ता | चिकित्सा अधिकारी | बी0 के0 सामान्य अस्पताल, फरीदाबाद |
| 25 | फरीदाबाद | डा० नरिन्द्र कौर | चिकित्सा अधिकारी | बी0 के0 सामान्य अस्पताल, फरीदाबाद |
| 26 | फरीदाबाद | डा० विकास गोयल | चिकित्सा अधिकारी | बी0 के0 सामान्य अस्पताल, फरीदाबाद |
| 27 | फरीदाबाद | डा० गजराज सिंह | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, बल्लबगढ़ |
| 28 | फरीदाबाद | डा० मनजीत सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पनहेड़ाखुर्द |
| 29 | फरीदाबाद | डा० ऋचा बत्तरा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाली |
| 30 | फरीदाबाद | डा० रचना मिश्रा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तिगांव |
| 31 | फरीदाबाद | डा० स्नेह लता | चिकित्सा अधिकारी | शहरी परिवार कल्याण यूनिट फरीदाबाद |
| 32 | फरीदाबाद | डा० शशी गांधी | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी सुरजकुंड |
| 33 | फरीदाबाद | डा० श्रुति कांत | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहना |
| 34 | फरीदाबाद | डा० विजय मेहरा | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी सुरजकुंड |
| 35 | फरीदाबाद | डा० विकास शर्मा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तिगांव |
| 36 | फरीदाबाद | डा० विशाल सक्सेना | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुराली |
| 37 | गुड़गांव | डा० नीना गढवाल | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, गुड़गांव |
| 38 | गुड़गांव | डा० सुशीला यादव | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, गुड़गांव |
| 39 | गुड़गांव | डा० अलका सिंह | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, गुड़गांव |
| 40 | हिसार | डा० संयज दहिया | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हांसी |
| 41 | हिसार | डा० एस0के0 भुटानी | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उकलाना |
| 42 | हिसार | डा० एम0एल0कामरा | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 43 | हिसार | डा० दलेल सिंह | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 44 | हिसार | डा० एम0के0 गर्ग | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 45 | हिसार | डा० जे0एस0 धात्तरवाल | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 46 | हिसार | डा० सुमिता सिंधु | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 47 | हिसार | डा० पुष्पा बिश्नोई | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 48 | हिसार | डा० रीना जैन | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 49 | हिसार | डा० रेनु बिश्नोई | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 50 | हिसार | डा० तेजपाल शर्मा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 51 | हिसार | डा० वीनू ढांडा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 52 | हिसार | डा० दविन्द्र सिंधु | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, हिसार |
| 53 | जीन्द | डा० राजेश गांधी | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, जीन्द |
| 54 | जीन्द | डा० दविन्द्र बिंदलिश | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, नरवाना |
| 55 | जीन्द | डा० संदीप कुमार लोहान | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोगड़िया |
| 56 | जीन्द | डा० राजीव डाबला | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कंडेला |
| 57 | जीन्द | डा० राजेश भोला | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ढ़ाथरथ |
| 58 | जीन्द | डा० राकेश कुमार शर्मा | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उचाना |
| 59 | जीन्द | डा० नीशा शर्मा | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उचाना |
| 60 | जीन्द | डा० श्याम सुन्दर | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अमरगढ़ |
| 61 | जीन्द | डा० सुशील गर्ग | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्जनपुर |
| 62 | झज्जर | डा० संगीता दुरेजा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल बहादुरगढ़ |
| 63 | झज्जर | डा० के०एस० दलाल | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल बहादुरगढ़ |
| 64 | झज्जर | डा० अनिल राठी | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल बहादुरगढ़ |
| 65 | झज्जर | डा० सुभाष चन्द्र | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल बेरी |
| 66 | झज्जर | डा० सरोज दहिया | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल बेरी |
| 67 | करनाल | डा० पियुष कुमार | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल करनाल |
| 68 | करनाल | डा० जगतार सिंह | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल करनाल |
| 69 | करनाल | डा० सिमा शर्मा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल करनाल |
| 70 | करनाल | डा० सुरेश कुमार | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल करनाल |
| 71 | करनाल | डा० किरण गिरधर | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल करनाल |
| 72 | कुरुक्षेत्र | डा० सराह अग्रवाल | चिकित्सा अधिकारी | एल एल जे पी सामान्य अस्पताल कुरुक्षेत्र |
| 73 | कुरुक्षेत्र | डा० नरिन्द्र पराशी | चिकित्सा अधिकारी | एल एल जे पी सामान्य अस्पताल कुरुक्षेत्र |
| 74 | कुरुक्षेत्र | डा० सुनील कुमार | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लाडवा |
| 75 | कुरुक्षेत्र | डा० रविन्द्र नाथ | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहबाद |
| 76 | कुरुक्षेत्र | डा० सुनीता कुमारी | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहबाद |
| 77 | कुरुक्षेत्र | डा० दीपशिखा | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहबाद |
| 78 | कुरुक्षेत्र | डा० विनोद कुमार | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहबाद |
| 79 | कुरुक्षेत्र | डा० सूबे सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ढीग |
| 80 | कैथल | डा० सुमन लता | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल |

[राव नरेन्द्र सिंह]

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 81 | कैथल | डा० धीरज मंगला | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कयोड़क |
| 82 | कैथल | डा० शैलजा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कयोड़क |
| 83 | कैथल | डा० बलविन्द्र | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाडला |
| 84 | कैथल | डा० प्रिती सिंगला | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाडला |
| 85 | कैथल | डा० विशाल सिंगला | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कंगथली |
| 86 | कैथल | डा० आशीष सिंगला | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कंगथली |
| 87 | कैथल | डा० अजीत पाल सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरकां |
| 88 | कैथल | डा० प्रदीप सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हाबड़ी |
| 89 | कैथल | डा० विमल कुमार | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाई |
| 90 | कैथल | डा० सिमी कपूर | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाई |
| 91 | मेवात | डा० एम0एस0 रंगा | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नूंह |
| 92 | मेवात | डा० टी0 आर0 पराशर | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नूंह |
| 93 | मेवात | डा० नसीम अहमद | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, माण्डीखेड़ा |
| 94 | मेवात | डा० कृष्ण कुमार | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फिरोजपुर झिरका |
| 95 | मेवात | डा० एम0एस0 मेहरा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गरोरा |
| 96 | नारनौल | डा० विजय पाल | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोजावास |
| 97 | पंचकूला | डा० संजीव त्रेहन | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 98 | पंचकूला | डा० रेनु पहल | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 99 | पंचकूला | डा० वी0पी0 कक्कड़ | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 100 | पंचकूला | डा० सुषमा अरोड़ा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 101 | पंचकूला | डा० पायल शर्मा (शिक्षा अवकाश) | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 102 | पंचकूला | डा० अंजलि अरोड़ा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 103 | पंचकूला | डा० रीटा कालड़ा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 104 | पंचकूला | डा० परमजीत | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 105 | पंचकूला | डा० पुनीता | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 106 | पंचकूला | डा० अमरजीत | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 107 | पंचकूला | डा० आर0एस0 चौहान | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 108 | पंचकूला | डा० हरबंस | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी, एम.एल.ए. हॉस्टल, चण्डीगढ़ |
| 109 | पंचकूला | डा० कविता चौहान | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी, एम.एल.ए. हॉस्टल, चण्डीगढ़ |
| 110 | पंचकूला | डा० विकास संधीर | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी, एम.एल.ए. हॉस्टल, चण्डीगढ़ |
| 111 | पंचकूला | डा० रिपु दमन | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी, एम.एल.ए. हॉस्टल, चण्डीगढ़ |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 112 | पंचकूला | डा० पिन्टो पंडित | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 113 | पंचकूला | डा० सीमा घई | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 114 | पंचकूला | डा० पूनम भार्गव | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 115 | पंचकूला | डा० आर०एस० सैनी | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 116 | पंचकूला | डा० शशी आर्य | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 117 | पंचकूला | डा० नितिका गोयल | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 118 | पंचकूला | डा० सरोज मुक्कल | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पंचकूला |
| 119 | पंचकूला | डा० अनूप जैन | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिंजौर (पंचकूला) |
| 120 | पंचकूला | डा० श्वेता जैन | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिंजौर (पंचकूला) |
| 121 | पंचकूला | डा० रमनदीप | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओल्ड पंचकूला |
| 122 | पंचकूला | डा० श्रुति बंसल | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ओल्ड पंचकूला |
| 123 | पंचकूला | डा० संजीव गोयल | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरवाला |
| 124 | पानीपत | डा० सतीश गुप्ता | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पानीपत |
| 125 | पानीपत | डा० शशी गर्ग | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पानीपत |
| 126 | पानीपत | डा० राहुल दीवान | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पानीपत |
| 127 | पानीपत | डा० नीरू सुनेजा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिवाह |
| 128 | पानीपत | डा० निशी जिन्दल | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उझा |
| 129 | पलवल | डा० जे०पी०प्रशाद | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल, पलवल |
| 130 | पलवल | डा० विपिन कुमार | चिकित्सा अधिकारी | समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, होडल |
| 131 | रोहतक | डा० गिरिराज प्रशाद | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल महम (रोहतक) |
| 132 | रोहतक | डा० दीपा संधु | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल रोहतक |
| 133 | रोहतक | डा० जे०पी० चौहान | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल कलानौर |
| 134 | रोहतक | डा० कुलप्रतिभा | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल रोहतक |
| 135 | रोहतक | डा० सुनीता धानिया | चिकित्सा अधिकारी | सिविल डिस्पैंसरी, सेक्टर-14, रोहतक |
| 136 | रोहतक | डा० नीलम हुडा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घिलोड़ कलां |
| 137 | रोहतक | डा० जसबीर सिंह | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिड़ी |
| 138 | रिवाड़ी | डा० सरबजीत | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासदूदा |
| 139 | रिवाड़ी | डा० अर्चना यादव | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल रिवाड़ी |
| 140 | रिवाड़ी | डा० महेश नारंग | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल रिवाड़ी |
| 141 | रिवाड़ी | डा० विशाल राव | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मीरपुर |
| 142 | रिवाड़ी | डा० सीमा यादव | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मीरपुर |
| 143 | रिवाड़ी | डा० विजय प्रकाश | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भाडावास |
| 144 | रिवाड़ी | डा० अशोक कुमार | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भाडावास |
| 145 | सोनीपत | डा० आर०के०तहलान | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल सोनीपत |

[राव नरेन्द्र सिंह]

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 146 | सोनीपत | डा० हरमिन्द्र सिंह | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरखौदा |
| 147 | सोनीपत | डा० चन्द्र शेखर | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भटाना, जफराबाद |
| 148 | सोनीपत | डा० रमन जैन | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भटाना, जफराबाद |
| 149 | सोनीपत | डा० जितेन्द्र दहिया | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, माहरा |
| 150 | सोनीपत | डा० राजेश वधवा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, माहरा |
| 151 | सोनीपत | डा० सुनील जैन | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुआं |
| 152 | सोनीपत | डा० सुरजीत सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरथल |
| 153 | सिरसा | डा० बलेश बंसल | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डबवाली |
| 154 | सिरसा | डा० गुरजीत सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, देसुजोधा |
| 155 | सिरसा | डा० बुधराम | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पनीहारी |
| 156 | सिरसा | डा० मनीश कक्कड़ | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरबी |
| 157 | सिरसा | डा० हरविन्द्र सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरबी |
| 158 | सिरसा | डा० कुलविन्द्र कौर | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल चौटाला |
| 159 | सिरसा | डा० एम० के० भादू | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डबवाली |
| 160 | सिरसा | डा० मनदीप भसीन | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रोड़ी |
| 161 | सिरसा | डा० राजेश चौधरी | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खारिया |
| 162 | सिरसा | डा० एस०पी० सिंह | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पानीवाला मोटा |
| 163 | सिरसा | डा० रोहताश | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल सिरसा |
| 164 | सिरसा | डा० एच०आर० बसीर | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल सिरसा |
| 165 | सिरसा | डा० अर्चना अग्रवाल | चिकित्सा अधिकारी | सामान्य अस्पताल सिरसा |
| 166 | यमुनानगर | डा० मनीषा सिंह | चिकित्सा अधिकारी | एम एल जी एच यमुनानगर |
| 167 | यमुनानगर | डा० भवनीश अरोड़ा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कलानौर |
| 168 | यमुनानगर | डा० सोनू अरोड़ा | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कलानौर |
| 169 | यमुनानगर | डा० राजीव दुआ | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सबेपुर |
| 170 | यमुनानगर | डा० संजना दुआ | चिकित्सा अधिकारी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सबेपुर |
| 171 | यमुनानगर | डा० राजेश कुमार | चिकित्सा अधिकारी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सढौरा |

**श्री शेर सिंह बड़शामी:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो टोटल पोस्टस आपने दशाई हैं उनमें कितनी सैंक्शन हैं और कितनी खाली हैं और जो पद खाली बताये गये हैं उन पदों पर वर्तमान में कोई काम कर रहे हैं या नहीं ?

**राव नरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि जहां पर कोई भी डाक्टर नहीं हैं वहां हमने डाक्टर्स को डैप्युटेशन पर लगा कर वैकल्पिक व्यवस्था की हुई है जिसका कम से कम 50 पेज का विवरण हमने आदरणीय सदस्य को दे दिया है और मैं समझता हूं कि इसको पढ़ने के बाद इनको तसल्ली भी हो गई होगी।

**श्रीमती कविता जैन:** स्पीकर सर, मैं मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि सोनीपत के सिविल होस्पिटल पर करोड़ों रुपये खर्च किये गये हैं लेकिन बावजूद इसके वहां केवल मात्र एक ही

रेडियोलोजिस्ट था और उसको भी डेप्युटेशन पर कहीं भेज दिया गया है और इस वजह से अल्ट्रासाउंड सैन्टर पर ताला लगा हुआ है जो वहां हड्डी रोग विशेषज्ञ थे वे भी प्रमोट होकर कहीं और चले गए हैं। आई स्पैशलिस्ट को भी डेपुटेशन पर भेज दिया गया है। चाइल्ड स्पैशलिस्ट एक रिटायर्ड डॉक्टर को लगाया गया है। इसी तरह से स्टाफ नर्स और हैल्थ वर्कर्स की सोनीपत के सिविल अस्पताल में भारी कमी है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि ऐसा कब तक चलेगा ?

**Mr.Speaker :** This is not a question.

---

## Budget Allocated to Mewat District

***1107 Sh. Naseem Ahmed :** Will the Finance Minister be pleased to state the blockwise details of the budget allocated to Mewat District under District-Plan in State during the period from the year 2007 to December 2011 ?

**Finance Minister (Sardar Harmohinder Singh Chattha) :** Sir, a statement is laid on the Table of the House.

### Statement

Year-wise details of funds allocated to blocks in Mewat District under District Plan Scheme

**District Mewat** (Rs. in lacs)

| Sr. No. | NAME OF BLOCK | YEAR WISE RELEASE OF FUNDS 2008-09 | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Nuh | 84.00 | 230.36 | 156.45 | 0.00 | 470.81 |
| 2. | Ferozepur Zirkha | 55.00 | 138.00 | 82.20 | 0.00 | 275.20 |
| 3. | Punhana | 83.25 | 235.40 | 108.10 | 0.00 | 426.74 |
| 4. | Nagina | 44.00 | 118.00 | 79.79 | 0.00 | 241.79 |
| 5. | Tauru | 52.00 | 116.00 | 101.90 | 0.00 | 269.90 |
| 6. | Hathin* | 103.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 103.00 |
| 7. | MC Nuh | 30.00 | 49.00 | 39.96 | 0.00 | 118.96 |
| 8. | MC Ferozepur Zirka | 29.75 | 76.00 | 44.22 | 0.00 | 149.97 |
| 9. | MC Punhana | 0.00 | 80.00 | 24.87 | 0.00 | 104.87 |
| 10. | MC Tauru | 29.00 | 74.00 | 35.04 | 0.00 | 138.04 |
| | Total | 510.00 | 1116.76 | 672.53 | 997.23** | 3296.52 |

*Note : (1) District Plan Scheme was started from the year 2008-09.*

*(2) *Hathin block was transferred to Palwal district in 2009-10.*

*(3) **The process of transfering this fund to blocks is in process. An amount of Rs. 997.23 lacs has been transferred to the District Administration.*

**श्री नसीम अहमद** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि फिरोजपुर झिरका और नगीना ब्लॉक में बजट कम क्यों दिया गया है और डिस्ट्रिक्ट प्लान के जो कार्य हैं उनकी स्थिति क्या है ? क्या सारे कार्य पूरे समय पर हो रहे हैं ?

**वित्त मंत्री (सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा)** : सर, ये काम वर्ष 2008-09 से शुरु हुए थे और इसके लिए पहले वर्ष सारे ब्लॉक में 470.81 लाख रुपया दिया गया था, दूसरी दफा फिरोजपुर झिरका में 55, फिर 118, फिर 82 और फिर 275 लाख 20 हजार रुपया दिया गया था। पुन्हाना में 426.75 लाख रुपये की राशि दी गई थी, नगीना में 241.74 लाख रुपया दिया गया, तावडू में 269.90 लाख रुपया दिया गया, हथीन में 103 लाख दिया गया, नूंह में 118 लाख रुपया दिया गया। इसी तरह म्युनिसिपल कमेटी नूंह में भी 118 लाख रुपया दिया गया । (विघ्न)

**Mr. Speaker :** Minister is replying to the question.

**सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा** : इस साल का बजट अभी डिस्ट्रीब्यूट नहीं हुआ है इस साल के अलावा नगीना में 241.79 लाख रुपया दिया गया है।

**श्री नसीम अहमद** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि और ब्लॉक्स के मुकाबले में बजट कम क्यों है इसके अतिरिक्त जो मैंने दो सप्लीमैंट्री और पूछी थीं उनका भी जवाब नहीं आया है।

**श्री हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा** : यह पॉपुलेशन के हिसाब से दिया जाता है और उसी हिसाब से दिया गया है, इसके लिए क्राईटेरिया है population of the district 40%, population of SCs 25% , population of the villages in the district 25% and literacy level in the district 10%.

**श्री दिलबाग सिंह** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि यमुनानगर डिस्ट्रिक्ट पूरी स्टेट का 28 परसैंट रेवेन्यू सरकार के खजाने में देता है क्या सरकार यमुनानगर डिस्ट्रिक्ट को उसके द्वारा दिये गये रेवेन्यू का पचास प्रतिशत हिस्सा दे सकती है ?

**Mr.Speaker :** This is not a question.

---

## Construction of Guru Gobind Singh Marg

***1120. Sardar Charanjeet Singh Rori :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct Guru Gobind Singh Marg from Ranga Ghaggar Bridge to village Kewal *via* Alleekan, Panjwal, Jhor Rohi, Kurnawali, Pakka, Dadu; if so, the time by which the aforesaid road/Marg is likely to be constructed ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** No, Sir. The road already exists and its condition is satisfactory.

**सरदार चरनजीत सिंह रोड़ी** : स्पीकर सर, सारे भारत के अन्दर जो सड़कें पहले ही बनी हुई है और जिन सड़कों पर से आदरणीय श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी पैदल होकर गये थे

उनके लिए आदरणीय प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी ने यह ऐलान किया था कि उन सभी सड़कों का नाम श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी मार्ग के नाम से रखा जायेगा। स्पीकर सर, यह सड़क कालांवाली हल्के से होती हुई पंजाब को जाती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या रंगा से लेकर तलवण्डी साबो तक जो सड़क है उस सड़क का नाम श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के नाम से रखने का काम करेंगे। जबकि इन सड़कों का पैसा भारत सरकार ने दिया है लेकिन हरियाणा सरकार उस पैसे को इस सड़क को बनाने के लिए खर्च क्यों नहीं कर रही है ?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, मेरे काबिल दोस्त को शायद यह जानकारी नहीं है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने 8 जून, 2011 को हरियाणा से होकर जो सड़क पंजाब बॉर्डर से गांव केवल से शुरू होती है और कालांवाली हल्के से होती हुई ऐलनाबाद हल्के के गांव जमाल तक जाकर राजस्थान बॉर्डर पर खत्म होती है। हमारे सिख और पंजाबी भाईयों की मांग पर उस सड़क का नाम श्री गुरु गोबिन्द सिंह मार्ग के नाम से रखा है ।

**सरदार चरणजीत सिंह रोड़ी:** स्पीकर सर, नाम ही रखा है अभी तक सड़क को बनाया तो नहीं है ।

**श्री अध्यक्ष :** चरणजीत सिंह जी, आप आज इतने खुश हैं कि आपको यह पता ही नहीं चल रहा कि मंत्री जी क्या कह रहे हैं ।

**सरदार चरणजीत सिंह रोड़ी:** स्पीकर सर, नाम ही रखा है अभी तक सड़क को बनाया तो नहीं है जबकि माननीय प्रधान मंत्री महोदय ने यह कहा है कि जहां से श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी झण्डा लेकर गुजरे हैं उन सभी सड़कों का नाम उनके नाम पर रखा जाये ।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, यह 96 किलोमीटर लम्बी सड़क है जो हरियाणा प्रान्त के हिस्से से गुजरती है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने इस पूरी सड़क का नाम श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी मार्ग के नाम पर रखा है ।

**श्री मोहम्मद इलियास:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य का तात्पर्य यह है कि जिन-जिन भारत की सड़कों पर श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी पैदल गुजरे थे उन सभी सड़कों का नाम उनके नाम पर ही रखा जाए ।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** अध्यक्ष महोदय, इस सड़क का नाम हमने पहले ही रख दिया है ।

---

### Domestic Electricity Supply to the Dhanies

***820. Shri Bahadur Singh :** Will the Power Minister be pleased to state -

(a) whether it is a fact that domestic electricity connections are not being released to the Basties/Dhanies comprising of one hundred houses by the Government; and

(b) if so, the time by which the Dhanies like Jajma, Bayawali, Bandhawali, Baniwali etc. of Nangal Chaudhary Constituency are likely to be connected with domestic electricity supply lines ?

**बिजली मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव) :**

(क) नहीं, श्रीमान।

(ख) नांगल चौधरी निर्वाचन क्षेत्र की ढाणियों जैसे जाजमा, बयावली, बन्धावली, बनीवाली आदि को पहले से ही ग्रामीण घरेलू आपूर्ति लाईनों से जोड़ा जा चुका है।

**श्री बहादुर सिंह:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि शायद अधिकारियों ने इनको गलत जानकारी दी है । मेरे पास कल भी एक्सीयन की तरफ से टेलीफोन आया था और उन्होंने मुझे कहा था कि हम आपकी ढाणियों को बिजली के कनैक्शन देने का काम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि जब आप नहर मंत्री थे और मैंने अपने हल्के के लिए पानी की मांग की थी और आपने वहां नहर पहुंचाने का काम किया था, उसी प्रकार हमारे नांगल चौधरी में काफी ढाणियां हैं उनमें बिजली का कनैक्शन देने का भी प्रावधान करेंगे ? मैं यह भी पूछना चाहूंगा कि सरकार का इस बारे में क्या क्राइटेरिया है कि इतने घरों की बस्ती होगी तो वहां डौमैस्टिक लाइट का कनैक्शन देने का काम करेंगे। हमारे यहां सिर्फ 4-5 ढाणियों में ही कनैक्शन देने का काम किया गया है । मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि हमारे यहां की बाकी ढाणियों में भी बिजली का कनैक्शन देने का काम किया जाए ।

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जिन ढाणियों का जिक्र किया है उनको डोमैस्टिक रूरल कनैक्शन से जोड़ दिया गया है । जहां तक इन्होंने इन्फर्मेशन की बात की है तो मेरे पास राइट इन्फोर्मेशन है और बाकायदा मुझे डिपार्टमैंट ने ही यह इन्फोर्मेशन दी है । जहां तक क्राइटेरिया का सवाल है तो जो ढाणियां 30 मीटर तक के दायरे में आती हैं वहां सरकार अपने खर्चे से इलैक्ट्रिक कनैक्शन देती है । जहां 100 से ज्यादा आबादी है वहां राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत कनैक्शन दे देते हैं । जहां 100 से कम आबादी हो और वहां पर कनैक्शन न हो तो वहां कंज्यूमर को अपने खर्चे पर कनैक्शन लेना पड़ता है यानि वहां गवर्नमैंट की तरफ से कनैक्शन देने का कोई प्रावधान नहीं है ।

**श्री कृष्णलाल कम्बोज:** अध्यक्ष महोदय, मैंने एक दिन पहले भी सवाल लगाया था लेकिन उस पर कोई जवाब नहीं दिया गया । रानिया शहर में एक किलोमीटर, डेढ़ किलोमीटर पर कुछ ढाणियां हैं, वे ढाणियां न गांव में आती हैं और न शहर में आती हैं। उन ढाणियों को कोई सड़क भी नहीं जाती है इसलिए मंत्री जी कम से कम इस पर तो विचार करें कि उन ढाणियों में बिजली का कनैक्शन तो मिल जाए ।

**Mr. Speaker:** It is a request.

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, यदि एप्रूवड कालोनीज हैं तो सरकार की तरफ से कनैक्शन दे देते हैं और यदि अनएप्रूवड कालोनीज हैं तो वहां कनैक्शन देने का सवाल ही पैदा नहीं होता ।

**श्री जयतीर्थ :** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं देरी से आया उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं । मेरा प्रश्न 1045 था जो मेरे आने से पहले निकल गया मैं उस पर अपनी सप्लीमैंट्री पूछना चाहता हूं ।

**श्री अध्यक्ष:** क्या प्रश्न था आपका (व्यवधान) I can allow. After this supplementary I will allow your question.

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि डेरों और ढाणियों में प्रदेश का बहुत बड़ा पार्ट रहता है । क्या मंत्री जी जैसे गांवों में सैपरेट बिजली देने की बात कर रहे हैं उसी प्रकार वे डेरों और ढाणियों में भी फ्री आफ कास्ट बिजली देने की कोई योजना बनाएंगे ?

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, जहां पर 11 से ज्यादा घर हैं और जहां पर एग्रीकल्चर का कनैक्शन लगा हुआ है और उन्होंने डौमैस्टिक कनैक्शन आलरेडी लिया हुआ था तो उसके कनैक्शन को हम 50 परसैंट खर्चे पर डौमैस्टिक फीडर से जोड़ देते हैं यानि 50 परसैंट कंज्यूमर भरे और 50 परसैंट निगम अपनी तरफ से खर्च करता है। अगर इस प्रकार की कोई ढाणियां हैं तो हम वहां कनैक्शन दे देंगे लेकिन जहां तक सवाल है कि सरकार पूरा खर्चा वहन करें तो इतनी पोजीशन में सरकार नहीं है कि हम फ्री में कनैक्शन जोड़ दें ।

**श्री अशोक अरोड़ा :** अध्यक्ष महोदय, .......

**श्री अध्यक्ष:** अरोड़ा जी, आपका सुझाव आ गया और वह बहुत बढ़िया सुझाव था ।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत बढ़िया प्रश्न पूछ रहा हूं और यह सभी मैम्बर्ज के लिए बहुत बढ़िया प्रश्न है ।

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है आप पूछो ।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से सवाल है कि क्या हरियाणा प्रदेश में किसी ढाणी में कोई ऐसा कनैक्शन दिया गया है जहां कंज्यूमर ने 50 परसैंट से कम खर्चा दिया हो ?

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, रतिया में ज्यादा ढाणियां थी इसलिए वहां स्पैशल तौर पर ये कनैक्शन दिए गए हैं बाकि पूरे प्रदेश में वही नीति है जो मैंने बताई है । पॉलिसी के हिसाब से 50 परसैंट खर्चा निगम देता है और बाकी का 50 परसैंट खर्चा कंज्यूमर खुद दे या HRDF के तहत या एम.पी. लोकल एरिया डिवैल्पमैंट फंड के तहत दिया जाए ।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** अध्यक्ष महोदय, सरकार ने रतिया में घोषणा की थी कि जिन ढाणियों में 10 प्रतिशत खर्चा किसान देगा तो 90 प्रतिशत खर्चा सरकार वहन करके वहां बिजली पहुंचायेगी।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने ठीक कहा है कि 50 प्रतिशत कंपनी वहन करती है और 50 प्रतिशत दूसरों को देना पड़ता है। चाहे वह कंज्यूमर दे, चाहे और कोई एजेंसी दे। अध्यक्ष महोदय, पोलिसी वही है उसमें एच.आर.डी.एफ. या एम.पी. डिवैल्पमैंट फंड से भी दिया जा सकता है।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members now the Question Hour is over.

## नियम 45(1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

### Repair of Roads

***1058. Shri Ganga Ram :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether it is a fact that most of the roads in Pataudi Constituency are lying damaged; if so, whether the said roads are likely to be repaired during the current financial year ?

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला)** : नहीं, श्रीमान जी। कुल 304.69 कि0मी0 लम्बाई में से केवल 69.56 कि0मी0 क्षतिग्रस्त है। क्षतिग्रस्त सड़कों बारे विवरण निम्न है :-

(i) 7.00 कि0मी0 पर 17.27 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर है तथा 30.06.2012 तक पूर्ण किये जाने की संभावना है।

(ii) 3.42 कि0मी0 की 2 सड़कों की मरम्मत के लिए 2.24 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति हो चुकी है। इन कार्यों को 31.12.2012 तक पूर्ण किये जाने की संभावना है।

(iii) 22.15 कि0मी0 लम्बाई की 26.00 करोड़ रुपये की लागत की सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इस कार्य को 2012 तक शुरु किए जाने की संभावना है।

(iv) शेष 36.99 कि0मी0 का प्रस्ताव विचाराधीन है और इसलिए समय सीमा दर्शाना संभव नहीं है।

---

### Power Regulatory Measures

***805 Shri Sampat Singh :** Will the Power Minister be pleased to state :

(a) whether there is any proposal under consideration of the Govt. for issuing different Power Regulatory Measures (PRM) for the regular payee consumers to increase the revenue receipts;

(b) whether there is any scheme under consideration for supplying the electricity to the rural consumers in villages where the revenue receipts are more than eighty to ninety percent on the pattern of Urban areas;

(c) whether the department is thinking of increasing the hours of PRM in case of rural electricity supply in the year 2012-13 after the increase of power generation in Haryana;

(d) the number and name of the feeders where the distribution and transmission losses are more than 60%, 70%, 80%, 90% together with the steps being taken by the department for reducing these losses;

**बिजली मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव)** : श्रीमान, विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

**विवरण**

(क) नहीं, श्रीमान।

(ख) नहीं, श्रीमान।

(ग) विभाग आवश्यकता, वचनबद्धता तथा बिजली की उपलब्धता के अनुसार ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति कर रहा है। कम ए.टी. एवं सी. हानियों वाले फीडरों के लिए वर्ष 2012-13 में बिजली की आपूर्ति में बढ़ोतरी की जानी संभावित है।

(घ) इस सूचना को बनाने/प्रदान करने के लिए सभी प्रयास और संसाधन जुटाए जाने के बावजूद इस सूचना को तैयार करना अनुपातिक व्यवहार के अनुरूप नहीं है। वितरण हानियों को कम करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं जो अनुबंध ए पर संलग्न है।

---

**अनुबंध - ए**

**वितरण लाइन हानियों को कम करने के लिए उठाए जा रहे कदम :**

प्रचलित हानि स्तरों को कम करने के लिए निगम लगातार प्रयास कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2011-12 में निगमों द्वारा वितरण हानि स्तरों को कम करने के लिए समयबद्ध प्रारम्भिक कदम उठाए गए जो निम्न प्रकार है।

- **वित्त वर्ष 2011-12 में हानि कम करने की योजना :** मण्डलानुसार हानि कम करने की योजना तैयार की गई है जोकि 50% से अधिक हानि स्तरों के फीडरों में हानियों को कम करने को प्राथमिकता देगा। सभी मण्डलों को हानि स्तरों का लक्ष्य दिया गया है जोकि वित्त वर्ष 2012-13 के अन्त तक पूरा कर लिया जाएगा।

- **दोषयुक्त मीटरों को बदलना/प्रतिस्थापित करना :** निगमों ने दोषयुक्त मीटरों को प्रतिस्थापित करने/बदलने के निर्णय को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।

- **इलैक्ट्रोमकैनिकल मीटरों के स्थान पर इलैक्ट्रॉनिक मीटरों को बदलना/प्रतिस्थापना :** ऊर्जा के उचित हिसाब-किताब रखने तथा मन्द/धीमे इलैक्ट्रोमकैनिकल मीटरों के कारण हानियों में नियंत्रण के लिए, निगमों ने पहले ही इलैक्ट्रोमकैनिकल मीटरों के स्थान पर इलैक्ट्रॉनिक मीटर प्रतिस्थापित/बदलने की प्रक्रिया को शुरू कर लिया है।

- **प्रणाली ढांचे में वृद्धि :-** निगमों द्वारा नेटवर्क ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं ताकि अतिभारित प्रणाली को राहत मिल सके जिससे हानियां अधिक होती हैं। इसके अतिरिक्त, अतिभारित फीडरों को भी द्विभाजित/त्रिभाजित करना भी निरन्तर प्रक्रिया में है।

- बेयर कंडक्टरों के स्थान पर ए.बी.सी.एल.टी. केबल की प्रतिस्थापना।

- **उपभोक्ताओं के निवास के बाहर मीटरों की स्थापना :-** उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की चोरी

[कैप्टन अजय सिंह यादव]

को रोकने के लिए उपभोक्ताओं के निवास में स्थापित मीटरों को निवास के बाहर स्थापित किया जा रहा है।

- **बिजली चोरी पकड़ने का अभियान** :- मुख्य कारणों में से चोरी भी एक ऐसा कारण है जोकि विद्युत वितरण प्रणाली में हानियों को बढ़ावा देता है। निगमों तथा चौकसी विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली की चोरी को रोकने के लिए सभी सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं ताकि राज्य में हानियां कम हो।

- **अन्य मुख्य प्रयास** : समयबद्ध लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निगम ने पहले ही फील्ड अधिकारियों के लिए नियमित निगरानी करने तथा मासिक आधार पर संबंधित अधिकारी द्वारा इसकी सख्ती से अनुपालना करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिक हानियों को कम करने के लिए की जाने वाली कार्यवाही के लिए प्रत्येक जे.ई./ए.एफ.एम./फीडर प्रभारी को एक फीडर आबंटित किया गया है।

---

## Centres for Distance Education

***1090. Shri Ajay Singh :** Will the Education Minister be pleased to state :-

(a) Whether it is a fact that the Government has allowed the state Universities to establish study centres of their distance education programmes, outside their territorial jurisdiction, specified in the respective University Acts, and

(b) If not, whether any action has been taken by the Government against the Universities that have violated the provisions of the Act ?

**शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल) :**

(क) नहीं, श्रीमान् जी।

(ख) सरकार ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को अन्य राज्यों में उनके अध्ययन केन्द्र न खोलने के बारे में हिदायतें जारी की हुई हैं।

---

## अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

### Officers Having Office and Residence at Chandigarh and Delhi

**145. Shri Sampat Singh :** Will the Chief Minister be pleased to state the number of IAS/IPS/HCS officers who have their offices and residences at both Chandigarh and Delhi alongwith their names and posts ?

**मुख्य मंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा)** : श्रीमान जी, किसी भी आई.ए.एस./आई.पी.एस./एच.सी.एस. अधिकारी का चण्डीगढ़ तथा दिल्ली दोनों में कार्यालय एवं सरकारी आवास नहीं है।

---

**Short term Power Purchased by the Government**

**215. Shri Ajay Singh Chautala :** Will the Power Minister be pleased to state -

(a) the total short term power, without Swapping Agreement, purchased by the Government during the year 2009, 2010 and 2011;

(b) the total units generated by units No. 7 and 8 of Panipat Thermal Power Plant and by units No. 1 and 2 of Khedar Thermal Power Station, Hisar during the years 2009-2010 and 2011; and

(c) the total plant load factor of TPP/S at (b) above, separately ?

**विद्युत मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव) :** श्रीमान जी,

(क) हरियाणा द्वारा अदला बदली समझौते के बिना अल्प अवधि में खरीदी गई कुल बिजली, वर्ष 2009-10, 2010-11 तथा 2011-12 (दिसम्बर 2011 तक) के दौरान क्रमश: 29561.42 लाख यूनिट, 12346.93 लाख यूनिट एवं 131.39 लाख यूनिट थी।

(ख) पानीपत थर्मल पॉवर प्लांट की यूनिट 7 एवं 8 द्वारा उत्पादित की गई कुल बिजली, वर्ष 2009-10 में 42776.74 लाख यूनिट, 2010-11 में 40013.6 लाख यूनिट तथा 2011-12 में दिसम्बर, 2011 तक 31135.6 लाख यूनिट थी। राजीव गांधी थर्मल पॉवर प्लांट खेदड़ की यूनिट-1 एवं यूनिट-2 ने उनका ट्रायल संचालन क्रमश: 24-8-2010 तथा 1-3-2011 को पूरा किया। ट्रायल संचालन पूरा होने के पश्चात् आर जी. टी. पी. पी. खदेड़ की यूनिट-1 एवं यूनिट-2 द्वारा उत्पादित की गई कुल बिजली, 2010-11 में 12373.74 लाख यूनिट तथा 2011-12 दिसम्बर 2011 तक 39728.71 लाख यूनिट थी।

(ग) पानीपत थर्मल पॉवर स्टेशन की यूनिट 7 एवं यूनिट 8 का कुल प्लांट लोड फैक्टर, 2009-10, 2010-11 तथा 2011-12 में दिसम्बर 2011 तक क्रमश: 97.66%, 91.35% तथा 94.35% रहा। आर. जी. टी. पी. पी. खेदड़ की यूनिट 1 एवं यूनिट 2 का कुल प्लांट लोड फैक्टर, 2010-11 में 34.51% तथा 2011-12 दिसम्बर 2011 तक 50.16% था।

---

**Cases of Road Accidents**

**146. Shri Sampat Singh :** Will the Chief Minister, Haryana be pleased to state :-

(a) the number of cases of road accidents registered in Haryana during the FYs 2010-11 and 2011-12;

(b) the number of person killed and injured in these accidents during the aforesaid period;

(c) the steps being taken by the State Government to avoid such accidents and also to implement traffic rules effectively ?

**मुख्य मंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा)** : श्रीमान जी, वांछित सूचना सदन के पटल पर रखी जाती है।

**सूचना**

**बिन्दु-ए-** हरियाणा में वित्तीय वर्ष 2010-11 और 2011-12 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कितने अभियोग दर्ज किये गये ?

| अवधि | कुल दुर्घटनाएं |
|---|---|
| 01-04-2010 से 31-03-2011 | 10604 |
| 01-04-2011 से 31-01-2012 | 9205 |

**बिन्दु-बी-** उपरोक्त अवधि के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मौतें हुई व कितने व्यक्ति घायल हुये ?

| अवधि | मौतें | घायल |
|---|---|---|
| 01-04-2010 से 31-03-2011 | 4615 | 9913 |
| 01-04-2011 से 31-01-2012 | 3553 | 8470 |

**बिन्दु-सी-** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठायें जाने वाले क्या कदम उठाये गये हैं तथा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए क्या प्रभावशाली कदम उठाये जा रहे हैं ?

यातायात नियमों के उल्लंघन को रोकने व सड़क सुरक्षा के बारे अनिवार्य जानकारी को बढ़ाने हेतु, हरियाणा राज्य में 22 पुलिस स्टेशनों और 5 पुलिस चौकियों की स्थापना की गई जिनमें आवश्यकतानुसार पुलिस बल और वाहनों का प्रावधान किया गया है।

- निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते हुए अति तीव्र गति से चलने वाले वाहन चालकों पर नियंत्रण करने के लिए 14 हाई स्पीड इंटरसैप्टरों का प्रावधान किया गया। परिणामस्वरूप 01 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2011 तक 106010 उल्लंघन करने वालों को पकड़ा गया और चालान किये गये।
- दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितों को सामयिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 33 एंबुलैंसों की व्यवस्था की गई।
- शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का चालान करने के लिए हरियाणा के सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में एल्को सैंसरों से लैस सोब्राइटी चैक प्वाईंटस स्थापित किये गये जिसके परिणामस्वरूप अवधि 01-01-2011 से 31-12-2011 तक 15736 शराबी चालकों को पकड़ा गया और चालान किए गए।
- निर्धारित क्षमता से अधिक भार लाद कर चलने वाले वाहनों के चालान जिला परिवहन अधिकारियों/सचिव, आर.टी.ए. द्वारा परिवहन विभाग के नियंत्रण में किये जाते हैं। आवश्यकतानुसार परिवहन विभाग की मांग पर इन्हें हमेशा पुलिस सहायता प्रदान की जाती है।

- हरियाणा राज्य में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता अभियान, चलाए जा रहे हैं। अभी तक 5988 सड़क सम्बन्धी जागरूकता अभियान, सैमीनार व पैन्टिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है।
- दिनांक 27-10-2009 को समाज के सभ्य लोगों (भूतपूर्व सैनिकों, भूतपूर्व कर्मचारी/अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक, गैर सरकारी संस्थायें, रिहायशी भलाई संगठन, दुकानदार, ट्रांसपोर्टर, वाहन संगठन इत्यादि) की देखरेख में सड़क सुरक्षा संगठन गठित किया जोकि सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और सड़क सुरक्षा अभियान में पुलिस विभाग की मदद कर रहा है।
- इस विभाग के यातायात मुख्यालय करनाल में एक यातायात नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया जहां पर जनसंपर्क के लिए दुर्घटना हैल्पलाइन 24 घण्टे टोल फ्री नम्बर 1073 की सुविधा उपलब्ध है। जनसाधारण के लिए यह एक महत्वपूर्ण संपर्क है।
- राज्य सरकार ने सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा सरकार, यातायात विभाग की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय कमेटी का गठन किया है। जिसमें सम्बन्धित विभागों जैसे लोक निर्माण, पुलिस, विद्युत, वन, हैल्थ, शिक्षा विभाग इत्यादि के सीनियर अधिकारी सदस्य है। यह कमेटी लगातार बैठकें करती है जिसमें सम्बन्धित विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाती है। एक साल पहले इस कमेटी ने हरियाणा राज्य में 1170 दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्रों की पहचान की थी। जिसमें से 688 पर काम पूर्ण हो चुका है। 1051 स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने का चयन किया गया जिसमें से 797 स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाये जा चुके हैं।
- ड्राइवरों की दक्षता को सुधारने के लिए व बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के लिए तीन ड्राईविंग स्कूल बहादुरगढ़, रोहतक व कैथल में गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है जोकि अन्तिम चरण में है। यह भी निर्णय लिया गया है कि एक और संस्थान भिवानी में केन्द्रीय वित्तीय सहायता 12.45 करोड़ से शुरू किया जायेगा।
- गाड़ियों की सड़क पर चलने योग्य क्षमता को सुधारने के लिए, केन्द्रीय सरकार की 14.40 करोड की सहायता से रोहतक में गाड़ियों का निरीक्षण व टैस्टिंग सैन्टर स्थापित किया जा रहा है। इस केन्द्र में एक वर्ष में 1,25,000-1,35,000 गाड़ियों को चैक किया जा सकेगा।

---

## Bifurcation of Domestic and Agricultrue Feeders

**216. Shri Ajay Singh Chautala :** Will the Power Minsiter be pleased to state whether the Government has started any scheme to bifurcate the domestic and agriculture feeders in the rural areas, if so; the details thereof alongwith the expenditure involved ?

**बिजली मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव)** : हां, श्रीमान। वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 1548.55 लाख रुपये खर्च करके 21 घरेलू और 103 कृषि फीडरों का द्विभाजन किया गया है।

---

## Amount Given to the Panchayats for sale of Liquor

**147. Shri Sampat Singh :** Will the Excise & Taxation Minister be plesed to state :

(a) whether Panchayats are given any money by the Excise Department out of the sale of liquor in their Panchayat area;

(b) The details of the norms for giving money to the Panchayat on sale of alcohol, the time frame by which this amount is to be given to each Panchayat and whether such amount is being given regularly to the Panchayats; if yes, the total amount given in the State during the years 2009-10, 2010-11 and 2011-12; if not, since when and how much amount is liable to be paid; and

(c) The total amount given by the Excise Department out of the sale of alcohol bottles in Nalwa Constituency, Panchayat wise, for the years 2009-10, 2010-11 and 2011-12 and when was the amount given ?

**आबकारी व कराधान मंत्री (श्रीमती किरण चौधरी) :** श्रीमान जी, मांगी गई सूचना सदन के पटल पर रखी जाती है।

**सूचना**

(क) जी हाँ।

(ख) (i) शराब की बिक्री पर पंचायतों को दी जाने वाली राशि के मानकों का विवरण निम्न प्रकार है :-

| आबकारी नीति वर्ष | देसी शराब | अंग्रेजी शराब | बीयर |
|---|---|---|---|
| 2008-09 | रु0 1.5 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 2 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 1 प्रति बोतल 650 मि0लि0 |
| 2009-10 | रु0 2 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 3 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 1 प्रति बोतल 650 मि0लि0 |
| 2010-11 | रु0 3 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 5 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 2 प्रति बोतल 650 मि0लि0 |
| 2011-12 | रु0 3 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 5 प्रति बोतल 750 मि0लि0 | रु0 2 प्रति बोतल 650 मि0लि0 |

(ii) आबकारी नीति के अनुसार यह राशि ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों को 70:20:10 के अनुपात में बांटी जाती है। यह राशि पिछले वर्ष की वास्तविक शराब की बिक्री के आधार पर तिमाही अनुसार बांटी जाती है।

(iii) राशि का वितरण लगातार किया रहा है। वर्ष अनुसार 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 में बांटी गई राशि का विवरण निम्न प्रकार है :-

| वित्त वर्ष (गणना का आधार) | वित्त वर्ष जिसमें राशि का वितरण किया गया | वितरित की गई राशि (रु0 करोड़ में) | पंचायतों का हिस्सा (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 2008-09 | 2009-10 | 24.03 | 16.82 |
| 2009-10 | 2010-11 | 38.95 | 27.26 |
| 2010-11 (दूसरी तिमाही तक) | 2011-12 | 34.90 | 24.43 |

**नोट :** वर्ष 2010-11 का प्रथम दो तिमाहियों की राशि 34.90 करोड़ पहले ही अदा की जा चुकी है तथा बकाया दो तिमाही की राशि 36.71 करोड़ की अदायगी 31 मार्च 2012 तक कर दी जाएगी। चालू वित्त वर्ष 2011-12 की राशि की अदायगी वर्ष 2012-13 में की जाएगी।

(ग) वर्ष 2008-09, 2009-10 एवं 2010-11 में पंचायत अनुसार नलवा हल्के में बेची गई शराब के आधार पर आबकारी विभाग द्वारा कुल 82.52 लाख रु0 की राशि जारी की गई है जिसका विवरण संलग्न सूची में है। वर्ष 2008-09 व 2009-10 की राशि क्रमशः वर्ष 2009-10 व 2010-11 में वितरित की गई तथा वर्ष 2010-11 की पहली तिमाही की राशि का वितरण वर्ष 2011-12 में कर दिया गया है। शेष दूसरी तिमाही की राशि उप आबकारी व कराधान आयुक्त (आबकारी) को पंचायतों को वितरण करने के लिए भेज दी गई है। शेष दो तिमाही की राशि 31-03-2012 तक जारी कर दी जाएगी। वर्ष 2011-12 की राशि की अदायगी वर्ष 2012-13 में जारी की जाएगी।

**नलवा विधान सभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत को शराब की बिक्री पर जारी किया गया फंड**

| क्रमांक | ग्राम पंचायत का नाम | राशि (रु0) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2008-09 के लिए 2009-10 में जारी | 2009-10 के लिए 2010-11 में जारी | 2010-11 के लिए (प्रथम तिमाही) 2011-12 में जारी |
| 1 | मिंगनी खेड़ा | 78858 | 139839 | 71772 |
| 2 | मातरश्याम | 21711 | 0 | 28973 |
| 3 | नियोली कलां | 100056 | 213871 | 66058 |
| 4 | लुडास | 25080 | 37235 | 19367 |
| 5 | शाहपुर | 24118 | 50960 | 20861 |
| 6 | किरतान | 18499 | 32638 | 17943 |
| 7 | रावलवास खुर्द | 15253 | 0 | 15505 |
| 8 | हिंदवां | 87121 | 170094 | 60022 |
| 9 | आर्य नगर | 0 | 50345 | 21519 |
| 10 | गंगवा | 73739 | 134738 | 57761 |
| 11 | पातन | 119439 | 181478 | 80204 |

[श्रीमती किरण चौधरी]

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 रावलवास कलां | 0 | 0 | 34344 |
| 13 भिवानी रोहिला | 188798 | 388129 | 137377 |
| 14 गोरची | 210718 | 358467 | 123872 |
| 15 पनीहार चक | 28837 | 78082 | 31260 |
| 16 भेरियां | 0 | 116540 | 22179 |
| 17 मुकलान | 160390 | 170092 | 46578 |
| 18 कैमरी | 126263 | 216427 | 111428 |
| 19 मंगाली | 227999 | 404825 | 157994 |
| 20 कालवास | 0 | 62354 | 19961 |
| 21 चौधरीवास | 154648 | 265104 | 107671 |
| 22 गावर | 0 | 0 | 30968 |
| 23 चिरोड़ | 45870 | 64424 | 34733 |
| 24 रावत खेड़ा | 83115 | 160955 | 69708 |
| 25 दया | 41580 | 65557 | 39498 |
| 26 तलवंडी रूका | 0 | 0 | 36250 |
| 27 भूरे | 0 | 0 | 40278 |
| 28 दुबेटा | 44997 | 0 | 35810 |
| 29 नालवा | 175383 | 429790 | 111011 |
| 30 साहरवा | 213281 | 418993 | 124863 |
| टोटल | 2265753 | 4210937 | 1775768 |
| टोटल | रु. 8252458 | | |

**Sex Ratio in Haryana**

**148. Shri Sampat Singh :** Will the Health Minister be pleased to state :-

(a) the district wise details of the male and female sex ratio in Haryana State according to the latest survey;

(b) whether female foeticide and crime against women are responsible for this decrease in male and female sex ratio; and

(c) the steps being taken by Haryana Government to improve sex ratio and for the prevention of female foeticide and crime against women ?

**स्वास्थ्य मंत्री (राव नरेन्द्र सिंह) :** श्री मान जी,

(क) नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार हरियाणा राज्य में पुरुष तथा स्त्री लिंग अनुपात का वर्ष 2011 का जिलावार विवरण संलग्न है।

(ख) जी हाँ, कन्या भ्रूण हत्या व औरत के विरूद्ध अपराध ही घटते हुए पुरुष तथा स्त्री लिंग अनुपात के लिए जिम्मेवार हैं।

(ग) लिंग अनुपात में सुधार के लिए तथा औरतों के विरुद्ध अपराध व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा पग उठाये जा रहे हैं।

**तालिका - 1**

**लिंगानुपात (जनगणना-2011 के अनुसार)**

| क्रम संख्या | जिला | नवीनतम जनगणना-2011 के अनुसार कुल लिंगानुपात | नवीनतम जनगणना-2011 के अनुसार 0 से 6 साल तक लिंगानुपात |
|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला | 882 | 807 |
| 2 | भिवानी | 884 | 831 |
| 3 | फरीदाबाद | 871 | 842 |
| 4 | फतेहाबाद | 903 | 845 |
| 5 | गुडगांव | 853 | 826 |
| 6 | हिसार | 871 | 849 |
| 7 | जींद | 870 | 835 |
| 8 | झज्जर | 861 | 774 |
| 9 | करनाल | 886 | 820 |
| 10 | कैथल | 880 | 821 |
| 11 | कुरुक्षेत्र | 889 | 817 |
| 12 | मेवात | 906 | 903 |
| 13 | महेन्द्रगढ़ | 894 | 778 |
| 14 | पंचकुला | 870 | 850 |
| 15 | पानीपत | 861 | 833 |
| 16 | पलवल | 879 | 862 |
| 17 | रोहतक | 868 | 807 |
| 18 | रिवाड़ी | 898 | 784 |
| 19 | सिरसा | 896 | 852 |
| 20 | सोनीपत | 853 | 790 |
| 21 | यमुनानगर | 877 | 825 |
| | **औसत हरियाणा राज्य** | **877** | **830** |

Haryana Vidhan Sabha Secretariat * Chandigarh * LIBRARY

[राव नरेन्द्र सिंह]

## तालिका - 2

हरियाणा सरकार द्वारा लिंगानुपात में सुधार लाने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने तथा औरतों के विरुद्ध अत्याचार को रोकने के लिए उठाए गये कदम :

1. **लिंग चयन एवं गर्भ पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक एक्ट, 1994 का अब तक कार्यन्वयन :-**

(1) अब तक 1251 अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों/जैनेरिक क्लीनिकों तथा 67 जैनेरिक सलाह केन्द्रों को पी0एन0डी0टी0 अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा चुका है, जिन में से 50 सरकारी क्षेत्र में हैं।

(2) अब तक 13798 विभिन्न अल्ट्रासाउंड मशीनों का निरीक्षण किया जा चुका है जिन में से समुचित प्राधिकारियों द्वारा 177 अल्ट्रासाउंड मशीनें पकड़ी जी चुकी है व सील की जा चुकी हैं।

(3) 327 अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का पंजीकरण निलम्बित/रद्द किया जा चुका है।

(4) हरियाणा (जिला फरीदाबाद) में इस अधिनियम के तहत न्यायालय में दायर किये गये पहले 3 मामले पूरे देश में अलग प्रकार के मामले थे।

(5) पी0एन0डी0टी0 एक्ट के तहत इस के दुरूपयोग को रोकने के लिए 70 कोर्ट केस विभिन्न न्यायालयों में दायर किये हैं।

(6) अब तक 30 लोगों को सजा दी जा चुकी है जिन में से 25 चिकित्सक हैं।

(7) हरियाणा राज्य में पी0एन0डी0टी0 एक्ट को सख्ती से लागू करने हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तर पर जिला टास्क फोर्स का गठन किया जा चुका है।

(8) वर्ष 2010 की तुलना में वर्ष 2011 में लिंग अनुपात में सुधार दर्शाने वाले 17 जिलों के उच्चतम लिंग अनुपात दर्शाने वाले प्रत्येक गांव को 1 लाख रुपये का ईनाम दिया गया है तथा पूरे राज्य में उच्चतम लिंग अनुपात दर्शाने वाले गांव को 5 लाख रुपये का ईनाम दिया जायेगा।

(9) हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा असवैंधानिक गतिविधियों जैसे लिंग जांच या कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने वाले व्यक्ति को 20,000/- रुपये तक के ईनाम की घोषणा की गई है।

2. **महिला सशक्तिकरण :**

1. महिलाओं के नाम पर घरेलू बिजली का कनैक्शन होने पर 10 पैसे प्रति यूनिट तथा महिलाओं के नाम जमीन जायदाद खरीदने पर उसकी रजिस्ट्री कराने में भी छूट दी जा रही है।

2. महिला के नाम पर अचल सम्पति खरीदने पर स्टाम्प डयुटी में 2% की छूट दी जा रही है।

3. शिक्षक वर्ग के सीधी भर्ती कोटे में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

4. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाडली योजना चलाई गई है जिसके तहत सरकार द्वारा दूसरी लड़की होने पर, प्रत्येक कन्या को 2500/- की दर से 5000/- रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस राशि को जीवन बीमा योजना में लगाया जा रहा है तथा कन्या के 18 वर्ष की होने पर उसे ब्याज सहित लगभग 90,000/- रुपये की राशि प्राप्त होगी।

5. लिंग अनुपात में सुधार दर्शाने पर प्रथम तीन जिलों को क्रमश: 5 लाख, 3 लाख तथा 2 लाख रुपये का ईनाम दिया जा रहा है।

6. सोनीपत के खानपुर कलां गांव में महिलाओं के लिए विशेष विश्वविद्यालय खोला गया है तथा लड़कियों के लिए एक चिकित्सा महाविद्यालय खोला जा रहा है।

3. **पक्ष समर्थन (एडवोकेसी) - सभी हिस्सेदारों में जागरूकता लाने के लिए :**

1. साक्षर महिला समूह के गतिविधि कलैंडर में 1 मार्च से 15 मार्च तक के पखवाड़े को प्रति वर्ष गांव में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम पर जागृति लाने हेतु समर्पित किया जा रहा है।

2. स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं कि प्रत्येक गांव के मुख्य स्थलों की "स्वास्थ्य दीवार" पर कुल जन्म संख्या बालक/बालिका वर्ष अनुसार लिखा जाए।

3. जिलों में कन्या भ्रूण हत्या के मद्दे-नज़र विचार-गोष्ठी, कार्य गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

4. बिगड़ते हुए लिंगानुपात के मुद्दे पर समय समय पर रेडियो जिंगलज़, प्रैस विज्ञापन व टैलीविज़न पर प्रोग्राम प्रसारित किये जाते हैं।

4. **महिलाओं के विरुद्ध अपराध को रोकने के लिए गृह विभाग, हरियाणा द्वारा उठाये गये कदम :**

* राज्य सरकार द्वारा महिला के विरुद्ध अपराध से सम्बन्धित अभियोगों की देखरेख सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम कदम उठाये गये हैं।

* महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मुकदमों को विशेष केसों के रूप में लिया जाता है और ऐसे मुकदमों का सत्यापन राजपत्रित अधिकारी द्वारा किया जाता है।

* ऐसे मुकदमों के अभियोजन व छानबीन, मण्डल व राज्य पुलिस मुख्यालय स्तर पर मॉनीटर किये जाते हैं।

* सरकार द्वारा दो महिला पुलिस थाने, खानपुरकलां व सोनीपत में स्थापित किये गये हैं जो कि विशेष रूप से महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध की जांच करते हैं।

* महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों के बेहतर प्रबन्धन के लिए पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए अलग से कैडर बनाया गया है।

[राव नरेन्द्र सिंह]

- पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु जिला स्तर पर महिला सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है, जो महिलाओं की सहायता करने के लिए 24 घन्टे तत्पर रहते हैं।
- महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए गोष्ठी/सैमीनार/वर्कशाप का आयोजन किया जाता है।
- सरकार के सभी विभागों में शिकायत कमेटियों का गठन भी किया गया है, जो कि कार्यक्षेत्र में महिलाओं से होने वाले यौन उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों की देखरेख करती हैं।

---

## अध्यक्ष द्वारा घोषणा

11.00 Hours

### अनुपस्थिति के संबंध में सूचना

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, I am to inform the House that I have received an intimation from Smt. Renuka Bishnoi, MLA in which she has expressed her inability to attend the sittings of the House on 6th and 7th March, 2012 due to marriage of her relative.

---

## मंत्री द्वारा व्यक्तव्य

**Mr. Speaker:** Hon'ble Members, Yesterday some of the Hon'ble Members drew my attention towards newspapers' reports and several other Members also while on their legs were demanding action and whatever. The Hon'ble Minister wants to give a statement on that issue. He may give his statement.

**Power Minister (Captain Ajay Singh Yadav):** Speaker Sir, the news item refers to an enquiry conducted by a two member Enquiry Committee constituted by Ministry of Environment & Forests (MoEF) on the representation of Mr. Sanjeev Chaturvedi leveling allegations against the State Government and various functionaries of the State Government. All the consequential actions of the MoEF are based on the Enquiry Report of this two member Enquiry Committee. The fact of the matter is that this Enquiry Committee has been held to be ultra-vires by DoPT. The Department of Personnel & Training (DoPT) was asked by the Prime Minister's Office (PMO) as to whether the MoEF is competent to institute an enquiry into charges leveled by an All India Service Officer serving under a State Government. अध्यक्ष महोदय, इसमें बड़ा क्लीयर है कि जो यह दो सदस्यीय कमेटी है इसके अधिकार क्षेत्र में यह बनता है कि नहीं बनता । इसमें पी.एम.ओ. से इन्क्वायरी ली गई थी। उसके बारे में यह कहा गया कि - In response to the communication No. 600/31/C/26/2011-ES-2, dated 24.11.2011 from Prime Minister's Office, the Department of Personnel & Training has held that the MoEF is not competent to order an enquiry into a

representation received from an All India Service Officer serving under the State Government. Therefore, institution of an enquiry in the matter by the Ministry of Environment and Forests was ultra-vires of their powers and hence devoid of any force of law. अध्यक्ष महोदय, यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता था और न उनकी कोई बात थी । डी.ओ.पी.टी. ने बाकायदा लिखित रूप में हमारे श्री एम.एम. जोशी को राईट टू इनफार्मेशन एक्ट के तहत यह इनफोर्मेशन दी गई है । हमें यह कोम्यूनीकेट किया है। The whole communication/action based on this Enquiry Committee report is without jurisdiction and has not legs to stand in the eyes of law. इसके कोई पाँव नहीं हैं । यह इन्क्वायरी टोटली अल्ट्रावायर्स एंड बॉयड है Speaker Sir, I have quoted from the communication from DoPT. Thus, the charges leveled by Sh. Sanjeev Chaturvedi, IFS, primarily fall within the jurisdiction of the State Government of Haryana and hence, the Centre Government is not competent to order an enquiry on a representation received from the member of service working in connection with affairs of the State Government. Therefore, institution of an enquiry in the matter by the MoEF was ultra-vires of their powers and hence devoid of any force of law. अर्थात् उनका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं बनता था लेकिन अपने अधिकार क्षेत्र को पार करके और अपने दायरे को बढ़ाकर उन्होंने यह काम किया। इसके अलावा DoPT has held that the charges leveled by the officer primarily fall within the jurisdiction of the State Government of Haryana and hence, Ministry of Enviornment and Forest is not competent to order and inquiry into a representation received from the member of service working in connection with affairs of the State Government. Speaker Sir, stand of the State Government communicated to Ministry of Enviornment and Forests *vide* D.O. letter No. 1400-Ft-2-2011/2853, dated 11-3-2011 has been vindicated by DoPT, wherein the State Government had communicated its disagreement with the findings of the two MoEF officers and questioned constitution of the Two Members' Committee as well as the jurisdiction of the MoEF in the matter. स्पीकर सर, इसका हमने उस समय भी विरोध किया था और उस समय उसमें एक मैमोरण्डम आया था कि "As such, the legal tenability of the order passed by the Ministry of Environment and Forests on 19th Januray, 2011 is doubtful." स्पीकर सर, इन्होंने 3-4 मुद्दे उठाये थे। पहला मुद्दा वहां पर सरस्वती वाईल्ड लाईफ सैंचुरी का था। सर, इस बारे में मैं यह बताना चाहता हूँ कि सरस्वती वाईल्ड लाईफ सैंचुरी का जो एरिया था इसमें से हमें बी.एम.एल. हांसी-बुटाना नहर को निकालना था और इसके लिए वर्ष 2002 के अंदर डिनोटिफिकेशन की कार्यवाही शुरु हो गई थी। ये केस हमने वर्ष 2005 के अंदर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को सबमिट किया था जो उनकी डॉयरैक्शन के ऊपर स्टैंडिंग कमेटी होती है जो कि सी.ई.सी. होती है उनके आदेश के ऊपर हमने इसको अक्तूबर, 2007 को डि-नोटिफाई किया । In the above background and considering that the area wherein the construction work of the canal was started is no more a part of a notified Wildlife Sanctuary. The approval under the Forest (Conservation) Act for the project has been accorded and that the irrigation Department has voluntarily deposited rupees One Crore with the Forest Department for undertaking conservation and protection work of the Sanctuary, the CEC is of the view that no further action on the issues raised in the present application is required. ये इश्यू इन्होंने वाईल्ड लाईफ सैंचुरी के बारे में उठाया

[Capt. Ajay Singh Yadav]

था। यह वाईल्ड लाईफ सैंचुरी हमारे द्वारा बाकायदा सी.ई.सी. से परमिशन लेकर बनाई गई थी। यह सब हमने बी.एम.एल. हांसी-बुटाना नहर के लिए किया था जो कि हमारा एक बहुत ही इम्पोर्टैंट प्रोजैक्ट था। उसके लिए इस ऑफिसर ने वहां पर काम रोका। इस बात को भी ये सही बता रहे हैं। इस मामले में दूसरा पहलू यह था कि "Development of Herbal Park in Village Gillankhera".

**Chief Minister (Shri Bhupider Singh Hooda) :** Speaker Sir, CEC is constituted by the Green Bench of the Supreme Court of India. CEC means Centrally Empowered Committee. It is legally constituted by the Green Bench of Supreme Court of India. So its decision is final.

**Capt. Ajay Singh Yadav :** Speaker Sir, in case of Development of Herbal Park in village Gillankhera, CEC has pronounced in their findings dated 14th October, 2009 that no irregularities of illegalities have been committed by the Haryana Forest Department in undertaking development of the Herbal Park. CEC has recommended to the Hon'ble Supreme Court for dismissal of the case. स्पीकर सर, गिलांखेड़ा के अंदर जो हर्बल पार्क बनाया गया है, इस हर्बल पार्क की जमीन पिछले लगभग 60 साल से रेवेन्यू रिकार्ड में शामलात देह है। ये लोग इस भूमि को प्राईवेट ज़मीन बताकर उस ज़मीन पर काम करने पर रुकावट डाल रहे थे। उसके बाद स्टेट गवर्नमैंट ने कहा कि आप इसके ऊपर काम करो। इसमें किसी भी स्तर पर कोई भी अनियमितता नहीं है। इस प्रोजैक्ट पर हमने जितना भी पैसा खर्च किया है वह As per Rules ही किया है। हमने इस परियोजना पर 28.49 लाख रुपये खर्च किये हैं। एक बात इन्होंने फॉरेस्ट डिपार्टमैंट में इररेगुलरटी की कही है। इस बारे में मैं इनको बताना चाहूँगा कि As regards mis-utilisation of Government funds, under the Central Government funded FDA Scheme (Plantation at Jhajjar, Jui-Mithathal Feeder Plantation), the matter has already been inquired into by the State Government and the disciplinary proceedings have been initiated against the delinquent officers/officials. The principles of natural justice and fair play must prevail. I am saying on record, if during the departmental proceedings, involvement of any other officer/employee comes to notice of the Forest Department then the guilty shall not be spared. So then where is the irregularity. We are totally ready to take action against the officials. स्पीकर सर, इसमें लगभग 40 ऐसे ऑफिसर हैं जिनको हमने चार्जशीट कर दिया है। इसके अतिरिक्त एक डी.एफ.ओ. है जिसके अगेंस्ट रूल-8 की कार्यवाही के लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अपनी अप्रूवल दे दी है जो कि एल.आर. के पास वैटिंग के लिए गया हुआ है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस मामले में जो भी दोषी अधिकारी होगा उसे बख्शा नहीं जायेगा। दूसरी बात मैं इस बारे में यह बताना चाहूंगा कि the establishment of Herbal Park at Gillan Khera and digging of Hansi-Buttana Canal were social projects undertaken by the State Government in public interest. The State Government is committed to increase the green cover and reaffirms its commitment. Thank you, Speaker Sir.

**श्री अनिल विज :** अध्यक्ष महोदय, कैप्टन अजय यादव जी ने जो पत्र पढ़ कर सुनाया है उसके जवाब में 20 जून, 2011 को कैप्टन अजय सिंह यादव के नाम केन्द्रीय मंत्री श्री जयराम रमेश का लिखा हुआ पत्र मेरे पास है, मैं उसको पढ़कर सुनाना चाहता हूँ। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** वह पत्र आप मुझे दे दो पहले मैं पढ़ लेता हूँ। (शोर एवं व्यवधान)

**कैप्टन अजय सिंह यादव :** सर, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है। सर, डी०ओ०पी०टी० के उस लैटर के बाद इस लैटर की कोई रैलीवैन्सी नहीं है। This is null and void. इसलिए इसको न सुना जाये। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अनिल विज :** स्पीकर सर, **** (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker:** You can give this letter to me. You cannot read this letter. This is irrelevant and nothing is to be recorded.

**श्री अनिल विज :** अध्यक्ष महोदय ****

---

## ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा उस पर वक्तव्य

**Mr. Speaker:** Hon'ble Members, I have received a Calling Attention Motion from Shri Naresh Kumar Badli, MLA regarding Sports Policy of Haryana Government. I admit it. Shri Naresh Kumar Sharma may read his notice.

**श्री नरेश कुमार बादली :** अध्यक्ष महोदय, मैं इस महान सदन का ध्यान एक अत्यावश्यक लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ कि खेलें भारत से बाहर तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मुख्य गतिविधियों के रूप में उभरी हैं। खेलें लाभप्रद पेशे के संबंध में प्रभावी शक्ति, राज्य तथा राष्ट्रीय प्रतिष्ठा एवं किशोरावस्था की सकारात्मक शक्ति को चैनेलाईज करने का एक साधन है, इसके द्वारा उनका ध्यान छोटे-मोटे अपराधों / मादक द्रव्यों से हटा कर दूसरी दिशा में लगाने को भी कम आंका नहीं जा सकता। मैं सरकार से सदन के पटल पर निम्नलिखित बिन्दुओं पर एक विस्तृत विवरण देने का अनुरोध करता हूँ :—

(i) राज्य सरकार द्वारा करवाये गये स्पेट (SPAT) में खेलों का प्रभाव एवं भागेदारी;

(ii) राज्य में खिलाड़ियों को दी गई सुविधाएं;

(iii) राज्य में अब तक सृजित की गई तथा आगामी वर्षों में सृजित की जानी प्रस्तावित खेलकूद अवसंरचना;

(iv) राज्य, राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न श्रेष्ठ खिलाड़ियों को रोजगार के रूप में विशेष लाभ या नीति मानदण्ड के अनुसार दिये गये या दिये जाने वाले प्रस्तावित पुरस्कार; तथा

(v) इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को दिये गये विशेष प्रोत्साहन तथा ज्यादा प्रशिक्षकों को उभारने के लिए भविष्य योजना।

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

**युवा खेल राज्यमंत्री (श्री सुखबीर कटारिया) :** हरियाणा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भारत के नवीनतम उत्थान का केन्द्र रहा है। राष्ट्रमंडल खेल- 2010, नई दिल्ली में राज्य के खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 6 रजत तथा 8 कांस्य पदक जीते। एशियाई खेल-2010 में राज्य के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 9 रजत तथा 7 कांस्य पदक जीते। बीजिंग औलम्पिक-2008 में भारतीय दल में 16% खिलाड़ी हरियाणा से थे। 34वें राष्ट्रीय खेल, रांची में 42 स्वर्ण, 33 रजत तथा 40 कांस्य पदकों के साथ पदकों की श्रंखला में हरियाणा ने सर्विसिज एवं मणिपुर के बाद तृतीय स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष से कम आयुवर्ग के लड़के व लड़कियों की राष्ट्रीय ग्रामीण प्रतियोगिता में राज्य राष्ट्रीय चैम्पियन के रूप में उभरा।

सरकार ने वर्ष 2009 में एक सक्रिय खेल नीति को अपनाया है, जिसके अनुसरण में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है, युवा प्रतिभाओं की पहचान की जा रही है तथा उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों को नकद पुरस्कारों एवं सरकारी पदों से पुरस्कृत किया जा रहा है। सरकार खेलों में पर्याप्त आय एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए कदम उठा रही है ताकि राज्य में प्रतिभाशाली युवा खेलों को आजिविका के रूप में अपनाएं।

**(i) राज्य सरकार द्वारा आयोजित स्पैट कार्यक्रम का खेलों पर प्रभाव तथा इसमें प्रतिभागिता**

हरियाणा सरकार वर्ष 2010 से हर वर्ष 'प्ले फार इंडिया' अभियान के अंतर्गत एक खेल प्रतिभा खोज का आयोजन करती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आरम्भिक आयु में प्रतिभाशाली खिलाडियों की पहचान करना तथा उनको उनकी खेल क्षमता अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में विकसित करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 8-19 वर्ष आयुवर्ग में 5000 उच्च क्षमतावान खिलाड़ियों को 8-14 वर्ष आयुवर्ग के लिए 1500/- रुपये की दर से तथा 15-19 वर्ष आयुवर्ग के लिए 2000/- रुपये की दर से एक वर्ष के लिए मासिक छात्रवृतियाँ दी जाती हैं। उन्हें उनके पसंदीदा खेल में प्रशिक्षण तथा प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर दिया जाता है।

पहले खेल नर्सरियों के लिए उच्च क्षमता के खिलाड़ियों की पहचान के लिए प्रयोग किए जाने वाले टैस्ट का नाम बदल कर स्पोर्टस एण्ड फिजीकल एप्टीटयूड टैस्ट (स्पैट) कर दिया गया है। ये टैस्ट हैं : **30 मीटर फ्लांइग स्टार्ट, स्टैण्डिंग ब्रांड जम्प, मैडीशन बॉल थ्रो, 6 X 10 मीटर शटल रन, फारवर्ड बैण्ड एण्ड रीच, स्टैण्डिंग वर्टिकल जम्प तथा 800 मीटर रन।** छात्रवृति प्राप्त करने के लिए स्पैट में 75% अंक (21 में से 16) प्राप्त करने को न्यूनतम योग्यता निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम सशर्त नकद अंतरण अपनाता है जहां छात्रवृति धनराशि सीधे ही छात्रवृति-धारक के खाता में चली जाती है, बशर्ते उसे एक महीने में कम से कम 22 दिन खेलना होगा।

**स्पैट-2010** का आयोजन 3000 खेल छात्रवृतियों के लिए दो चरणों में हुआ, 8-19 वर्ष आयुवर्ग के 41361 लड़के तथा लड़कियों ने प्रथम चरण में भाग लिया। 5162 खिलाड़ियों ने दूसरे चरण के लिए उत्तीर्ण किया। अंत में 1606 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें 88% लड़के व 12% लड़कियां थीं, 71% 8-14 वर्ष के आयुवर्ग में थे तथा 29% 15-19 वर्ष के आयुवर्ग में थे। उन्हें जुलाई, 2010 से लेकर मार्च , 2011 तक 2.06 करोड़ रुपये की धनराशि की छात्रवृतियाँ प्रदान की गई थीं।

**स्पैट-2011** तीन चरणों में 5000 खेल छात्रवृत्तियों के लिए आयोजित किया गया। लगभग 7,54,261 ने खेल विभाग की वेबसाईट www.play4india.com पर स्पैट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया। 88, 898 खिलाड़ी दूसरे चरण हेतु उत्तीर्ण हुए। 8265 खिलाड़ियों का अंतिम चरण हेतु उत्तीर्ण हुए। अंतत 4996 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उनमें से 945 (19%) लडकियां, 4051 लड़के (81%) थे। इन खिलाड़ियों में से 82.5, 8-14 वर्ष आयुवर्ग में तथा 17.5% 15-19 वर्ष आयुवर्ग में थे। इन सफल खिलाड़ियों को जनवरी, 2012 तक 6.66 करोड़ रुपये की छात्रवृतियां दी गई हैं।

**स्पैट 2012** में स्पैट आई डी के लिए 3,91,151 प्रतिभागियों ने ऑनलाईन आवेदन किया। स्कूल राऊंड के 132243 प्रतियोगी दूसरे चरण के लिए सफल हुए। 25579 खिलाड़ियों ने अंतिम चरण के लिए सफलता प्राप्त की। इस राऊंड में 12645 खिलाड़ियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। वर्ष 2012-13 के लिए प्रथम 5000 का चयन छात्रवृति तथा अन्य लाभों के लिए किया गया।

**स्पैट का प्रभाव**

* राज्य में खेलों को बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बनाने में तथा लाखों बच्चों, माता-पिताओं, शिक्षकों तथा आम जनता को खेल के मैदानों में लाने के लिए स्पैट बड़े पैमाने पर सफल रहा है। खेल परिसर अब प्रतिभागियों तथा दर्शकों के सैलाब से लबालब है।
* स्पैट खेलों को राज्य के कोने-कोने में ले गया है।
* स्पैट ने राज्य में स्वास्थ्य स्तर बढ़ाने में सहायता की है।
* स्पैट ने कनिष्ट स्तर पर खेल के स्तर को बढ़ाने में सहायता की है। भारत सरकार द्वारा पंचायत युवा क्रीड़ा और खेल अभियान के तहत 16 वर्ष से कम आयुवर्ग के लड़के व लड़कियों के लिए 10 खेलों में आयोजित खेल प्रतियोगिता में राज्य, तामिलनाडू को दूसरे स्थान पर धकेलकर वर्ष 2012 में नया राष्ट्रीय चैम्पियन बना है।

| | 2010 | 2011 | 2012 |
|---|---|---|---|
| स्पैट के अन्तिम चरण में +75% अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की संख्या | 1,606 | 4,996 | 12,645 |
| पायका प्रतियोगिता में जीते गए पदकों की संख्या | 20 स्वर्ण | 19 स्वर्ण | 33 स्वर्ण |
| | 05 रजत | 12 रजत | 12 रजत |
| | 02 कांस्य | 12 कांस्य | 21 कांस्य |
| | योग 27 पदक | योग 43 पदक | योग 66 पदक |

* स्पैट ने राज्य को इसकी आधारभूत स्तर पर अग्रणी खेल उन्नयन गतिविधियों के लिए फिक्की तथा एन०डी०टी०वी० द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खेल राज्य पुरस्कार जीतने में सहायता की है। भारत सरकार ने नई दिल्ली में स्पैट को आधारभूत स्तर पर सर्वश्रेष्ठ खेल उन्नयन कार्यक्रम के रूप में नई दिल्ली में आयोजित कॉमनवैल्थ एडवाइजरी बोर्ड ऑन स्पोर्टस सम्मेलन में भी प्रस्तुत किया।

[ श्री सुखबीर कटारिया ]

(ii) **राज्य में खिलाड़ियों को दी गई सुविधाएँ**

(iii) **राज्य में अब तक बनाया गया तथा आगामी वर्षों में बनाए जाने वाला प्रस्तावित इन्फ्रास्ट्रक्चर**

(iv) **राज्य, राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विभिन्न खिलाड़ियों को नीतिगत रूप में दी गई या दी जाने वाली प्रस्तावित रोजगार या नकद ईनाम राशि का विशेष लाभ :**

* **इन्फ्रास्ट्रक्चर-** राज्य में 2 राज्य खेल परिसर, 21 जिला खेल परिसर 13 उपमण्डलीय खेल परिसर, 226 लघु स्टेडियम, 9 तरणताल, 5 बहुउद्देशीय हाल, 5 हॉकी एस्ट्रोटर्फ तथा 3 सिंथैटिक्स एथलैटिक्स ट्रैक हैं। वर्तमान सरकार ने 222 राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर खंड स्तर पर स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें से 134 संबंधित जिला खेल परिषदों द्वारा प्रभार में ले लिए गए हैं। पंचायत युवा क्रीडा और खेल अभियान के तहत, वर्ष 2009 से अब तक हर वर्ष राज्य के 10% गांवो तथा खण्डों में पायका केन्द्र खोले जा रहे हैं। 1.00 लाख रुपये की लागत से स्कूल/पंचायत खेल मैदानों का उन्यम्न किया जा रहा है। खण्ड स्तरीय खेल मैदानों पर 5.00 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। 500 रुपये प्रतिमास के मानदेय पर क्रीड़ाश्री नियुक्त किये जा रहे हैं। इस दर पर वर्ष 2009 से प्रारम्भ कर अगले 10 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत सभी गांवों तथा खण्डो को शामिल करने का विचार है। राज्य में 15 चालू परियोजनाएं हैं। अन्य 30 आधारभूत सुविधाएं परियोजनाएं प्रक्रिया के अंतर्गत है।

* **नर्सरियां, विंगें तथा अकादमियां :** वर्ष 2005 में राज्य के पास 8 आवासीय तथा 26 डे-बोर्डिंग नर्सरियां थीं। अब राज्य में 97 डे-बोर्डिंग तथा 11 आवासीय नर्सरियां हैं। आवासीय को 150 रुपये प्रतिदिन की दर से खुराक राशि दी जाती है। डे-बोर्डर्स को स्पैट छात्रवृति दी जा रही हैं। राज्य में 11 डे-बोर्डिंग तथा दो आवासीय अकादमियां भी हैं जिसमें 188 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। डे-बोर्डर्स को 2000 रुपये मासिक छात्रवृति मिलती है, आवासीय खिलाड़ियों को 150 रुपये प्रतिदिन की खुराक राशि मिलती है। राज्य में 52 खेल विगों में 852 पदक विजेता खिलाड़ी प्रशिक्षण तथा खेल उपकरण सहित 6 मास के लिए कनिष्ठ वर्ग हेतु 1500 रुपये प्रतिमास की दर से तथा वरिष्ठ वर्ग 2000/- रुपये प्रतिमास की दर से छात्रवृति प्राप्त कर रहे हैं।

* **प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिताएँ :** खेल विभाग प्रतिवर्ष खण्ड, जिला तथा राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 10 खेलों में 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों तथा लड़कियों के लिए पायका प्रतिस्पर्धा तथा महिला खेल उत्सव का आयोजन करता है। यह पैरालम्पिक खिलाड़ियों के लिए वार्षिक राज्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी करता है। खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए सभी प्रमुख राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से पूर्व प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन भी किया जाता है।

* **विशेष खेल उपलब्धियों के लिए नकद ईनाम तथा सरकारी नौकरियाँ :** 1999-2005 तक 3979 खिलाड़ियों को दिए गए 7.94 करोड़ रुपये के नकद ईनामों की तुलना में, वर्तमान सरकार ने 7677 खिलाड़ियों को 37.41 करोड़ रुपये के नकद ईनाम

दिए है। इस अवधि में, 13837 स्कूल तथा कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को 1.68 करोड़ रुपये की खेल छात्रवृति दी गई है। लगभग 10.00 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष स्पैट के 5000 अर्हता प्राप्त खिलाड़ियों पर खर्च किए जा रहे हैं। 1999-2005 की अवधि में 136 खिलाड़ियों को नौकरियां दी गई थी। 2005 से 2011 तक 361 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी नौकरियाँ दी गई हैं इनमें से 12 को उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। अन्य 37 खिलाड़ियों को भी नौकरियाँ दी जा रही हैं, जिनमें से 5 को उप पुलिस अधीक्षक का पद दिया जा रहा है। 69 अर्जुन, द्रोणाचार्य तथा ध्यानचंद विजेताओं को 5000 रुपये प्रतिमास मानदेय दिया जा रहा है। राज्य में प्रतिवर्ष 6 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भीम अवार्ड से नवाजा जाता है।

* वर्तमान सरकार पदक जीतने वाले अनुसूचित जाति के खिलाड़ियों को फेयरप्ले छात्रवृतियां लागू कर रही है ताकि उनको खेलों को भविष्य के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उनको उनकी खेल प्रदर्शन के स्तर के आधार पर 1500-8000 रुपये के बीच की छात्रवृति एक वर्ष तक दी जाती है। पैरालम्पिक खिलाड़ियों को तुलनात्मक प्रतियोगिताओं में सामान्य खिलाड़ियों के समान नकद प्रोत्साहन दिए गए हैं।

* वर्ष 2005 से 2012 तक 7677 खिलाड़ियों को 37.41 करोड़ रुपये के नकद ईनाम दिए हैं। 2005 से 2011 तक 361 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां दी गई है, इनमें से 12 को उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। सरकार खिलाड़ियों हेतु उपलब्धि आधारित जॉब गारण्टी योजना ला रही है।

(v) **इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण देने वालों को दिए गए विशेष प्रोत्साहन व उन खेल प्रशिक्षकों के विकास के लिए भी योजना बनाई जा रही है।**

हरियाणा सरकार ने प्रशिक्षकों को श्रेणी-II राजपत्रित अधिकारियों का दर्जा दिया है। ओलम्पिक, एशियाई एवं राष्ट्रमण्डल खेलों के पदक विजेताओं को कार्यकुशलता के अनुरूप नकद ईनाम दिए गए हैं।

**श्री नरेश कुमार बादली :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो यह 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से खिलाड़ियों को खुराक राशि दी जाती है इसके अतिरिक्त जो खिलाड़ी खेलने के लिए बाहर कैम्पों में जाते हैं क्या उनको उसके लिए टी.ए.डी.ए. के रूप में कुछ राशि दी जाती है ? जो 150 रुपये की राशि खुराक के लिए दी जाती है, इसको बढ़ाने का प्रावधान है या नहीं ? अगर नहीं है तो क्या इसका प्रावधान रखेंगे ? मैं समझता हूं कि यह जो 150 रुपये की खुराक राशि है, यह आज के मंहगाई के दौर में कम है। यह मेरा आग्रह है।

**श्री सुखबीर कटारिया :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि पहले खिलाड़ियों को 50 रुपये की राशि खुराक के लिए दी जाती थी, हमारी सरकार ने यह राशि बढ़ाकर 150 रुपये की है। इसके अतिरिक्त उन खिलाड़ियों के आने-जाने का सारा खर्च सरकार उठाती है, सारा खाना पीना और ड्रैसिज ट्रैक सूट आदि का खर्च सरकार उठाती है।

**श्री नरेश कुमार बादली :** अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रदेश में जो स्टेडियम बनाए गए हैं उनमें कोच व अन्य स्टाफ के लिए क्या प्रावधान है, उनको कब तक नियुक्त कर दिया जायेगा ?

**श्री सुखबीर कटारिया :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि जो स्टेडियम बनाए गए हैं उनमें हम 168 ग्राउंड मैनेजर व 168 ग्राउंड मैन की अपॉइंटमैंट करने जा रहे हैं। पानीपत, हिसार, गुड़गांव व नारनौल इन 4 डिस्ट्रिक्ट्स में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और हमने 16-16 ग्राउंड मैनेजर व ग्राउंड मैन लगा दिए हैं।

**श्री प्रदीप चौधरी:** स्पीकर सर, हमारे पंचकुला जिले में नटवाल और पपडेहा में जो स्टेडियम बन रहे हैं वे कछुवे की चाल से धीरे-धीरे बनाये जा रहे है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि ये स्टेडियम कब तक बनकर तैयार हो जायेंगे ?

**श्री सुखबीर सिंह कटारिया:** स्पीकर सर, अब तक सरकार ने 122 स्टेडियम बनाकर हैंड ओवर कर दिए हैं। मैं मेरे माननीय दोस्त से कहना चाहूंगा कि अगर कोई स्टेडियम रह गया है तो ये इस बारे में लिखकर दे दें तो इनके स्टेडियम भी जल्दी ही बना दिये जायेंगे।

---

## विद्यार्थियों द्वारा अभिकथित आत्महत्याओं संबंधी मामले का उठाना

**डॉ० अजय सिंह चौटाला:** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की तरफ दिलाना चाहता हूं। हमारे प्रदेश में एक मात्र महिला विश्वविद्यालय भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय है जहां पर पिछले एक महीने से लगातार लड़कियां सुसाईड कर रही हैं। मेरी जो जानकारी है और इस बारे में अखबारों में भी छपा है कि पिछले एक महीने से यानी दो फरवरी से लेकर तीन मार्च तक तीन लड़कियों ने सुसाईड किया है और पहले भी इस तरह की घटनायें वहां पर घट चुकी हैं। यह हमारे प्रदेश के लिए और उस महिला विश्वविद्यालय के लिए चिंतनीय विषय है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि इस मामले की विस्तृत जाँच करवाई जाये ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाएं न घटें।

**Mr. Speaker:** Hon'ble Minister will you be ready for a statement tomorrow after examining the whole issue ?

**Smt. Geeta Bhukkal Matanhail:** Speaker Sir, we will examine the whole issue.

## वर्ष 2012-13 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा

**Mr. Speaker**: Hon'ble Members, now the general discussion on the budget estimates for the year 2012-2013 will take place.

**प्रो० सम्पत सिंह (नलवा)**: स्पीकर सर, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया है। स्पीकर सर, सर्व प्रथम तो मैं हमारे वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि ऐसे हालात में जहां एक तरफ तो सारे वर्ल्ड के लिए रिसैसन आया हुआ है और दूसरी तरफ इन्फलेशन का दौर चल रहा है।**(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए)** ऐसे वक्त में जहां माननीय सरदार मनमोहन सिंह और श्रीमती सोनिया गान्धी जी के नेतृत्व में देश का बजट

रखा गया है उसी तरह से पहले माननीय वित्त मंत्री महोदय कैप्टन अजय सिंह यादव ने बजट रखा था और अब सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा जी ने बजट रखा है जिसमें ग्रोथ रेट भी 9.6 प्रतिशत रहा है। इसका मतलब क्या है ? It menas Haryana is going in a right direction. यह बहुत ही सूझबूझ और अनुभव वाला व्यक्ति, इंटैलीजैंट, सक्षम व्यक्ति ही ऐसा काम कर सकता है। ऐसा बजट बनाना कोई आसान बात नहीं है। डिप्टी स्पीकर सर, मैंने भी पांच बजट इस सदन में पेश किए थे और मेरे सामने भी स्वाभाविक है कि चेलेंजिज होते थे। उस समय पे-कमिशन की रिपोर्ट आई तो हम भी लड़खड़ा गये थे। आफिसर्ज की धैर्यता का प्रयास और अनुभव का असर था जो आज हम देख रहे हैं इसलिए इस बजट के लिए धन्यवाद देने में हमें कोई दिक्कत नहीं हो रही है। This is the best Budget ever presented in the Haryana Vidhan Sabha. इतना मैनेज्ड, बैलैंसड बजट यह बनाया गया है क्योंकि बहुत सी बातें होती हैं जिनको आपने देखना होता है जैसे आपका बजट के अन्दर एक्सपैंडीचर कितना है उसके बाद रिसीट कहां से लायेंगे, रेवेन्यू रिसीट और कैपिटल रिसीट कितनी लायेंगे, ऐक्सपैंडीचर आप रेवेन्यू पर करेंगे या कैपिटल पर करेंगे। अगर रेवेन्यू रिसीट पर करते हैं as compared to capital receipts, that is a good indicator. अगर Capital receipts as compared to the revenue receipts खर्च करते हैं तो that is a bad indicator.

उपाध्यक्ष महोदय, यही बात मैं खर्चे के बारे में कहना चाहता हूं कि जो कैपीटल एक्सपैंडीचर है अगर वह बढ़ता है और रेवेन्यू एक्सपैंडीचर उसके मुकाबले में घटता है तो इसका मतलब है कि आप राइट डायरैक्शन में जा रहे हैं और you are creating assets. यदि हम पूंजी निवेश कर रहे हैं तो वे चीजें आइंदा के लिए सोर्सिज आफ इन्कम बनेंगी। उपाध्यक्ष महोदय, इसी तरह मैं ग्रोस डोमैस्टिक प्रोडक्ट की बात करना चाहता हूं। हमारी टोटल वैल्यू कितने की है इस पर भी बहुत कुछ आंका जाता है क्योंकि पर-कैपिटा इन्कम उसी से आती है। इस साल का GSDP 3 लाख 69 हजार 525 रुपये बनता है। इसके हिसाब से पर-कैपिटा इन्कम करोड़ों में आ रही है। जो वर्ष 2012-13 के बजट एस्टीमेट्स में इन्होंने प्रपोज की है। वह बहुत बढ़कर 1 लाख 28 हजार 341 करोड़ रुपये आ रही है इसके बारे में हमारे कई माननीय सीनियर साथियों ने एतराज उठाया है। माननीय साथी विज साहब जो अभी बैठे नहीं हैं उन्होंने भी गवर्नर एड्रैस पर बोलते हुए कह दिया कि कर्जा बढ़ रहा है। वे कह रहे थे कि 25 हजार रुपये प्रति व्यक्ति कर्जा हो जाएगा लेकिन वे इन्कम की बात नहीं कर रहे थे। आज यह कर्जा 30 हजार रुपये प्रति व्यक्ति भी हो सकता है। (विघ्न )मैं इन्कम की बात कर रहा हूं मगर वह इन्कम सबकी इन्कम नहीं है। इन्कम को तो वे डिफैरैंशिएट कर रहे थे कि दो आदमियों की इन्कम ज्यादा है और एक की कम है लेकिन लाइबिलीटीज का जिक्र वे नहीं कर रहे थे। हर आदमी की अपनी औकात के हिसाब से ही लायबिलीटीज बढ़ेंगी। हर आदमी पर 25 हजार, 26 हजार या 30 हजार रुपये कर्जा नहीं बनेगा। आपकी इन्कम जितनी ज्यादा है स्वाभाविक है उतनी लाइबिलीटीज भी आपकी बढ़ती जाएंगी क्योंकि आपने कहीं से लोन ले रखा है, कहीं इन्वैस्टमैंट कर रखी है, कहीं कैपीटल इन्वैस्टमैंट कर रखी है जो आगे जाकर इन्कम आपके पास ही आएगी। उपाध्यक्ष महोदय, इन्कम को तो हम डिवाइड कर लें क्योंकि यह हमारे हक में है लेकिन लाइबिलीटीज को आप डिवाइड न करो तो यह कोई पैरामीटर नहीं है। पैरामीटर्ज तो यही हैं कि ग्रोथ हमारी हो रही है। यह सबसे बैस्ट पैरामीटर है। दूसरी बात, मैं यह कहना चाहूंगा कि रिवैन्यू जनरेशन कितना हो रहा है। जैसे मैंने कहा कि on account of revenue and capital expenditure प्लान साइज की आपकी क्या पोजीशन है।

[ प्रो० सम्पत सिंह ]

प्लान साइज का डैफीसिट, फिसकल डैफीसिट और प्राइमरी डैफीसिट, ये भी एक पैमाने होते हैं। एक चिंता यह भी जाहिर की गई है कि रेवेन्यू डैफीसिट भी इस बार काफी आ रहा है लेकिन अगर हम पीछे से कम्पैरीजन करें तो पिछले तीन सालों से यह घट रहा है। विज साहब ने जुलाई, 2005 के फिजीकल रिस्पौंसबिलिटी एण्ड बजट मैनेजमैंट एक्ट का एग्जाम्पल दे दिया था। नो डाउट, यह एक्ट बना था लेकिन अब यह एक्ट रिवाइज हो गया है। पहले तो यह था कि 2005 और 2006 के अंदर आपको जीरो बजटिंग करनी थी, उसके बाद यह हो गया कि आप सरप्लस बजटिंग करेंगे। जहां तक प्रेजैंट गवर्नमैंट का सवाल है, इन्होंने तो इसको बहुत पहले ही अचीव कर लिया था। डैफीसिट को जब ये पोजीटिव में लेकर आए थे तो रेवेन्यू सरप्लस में आ गया था। रेवेन्यू 2005-06 में 1213 करोड़ रुपये सरप्लस आया, 2006-07 में 1590 करोड़ रुपये सरप्लस आया। 2007 में 2224 करोड़ रुपये का सरप्लस बजट पेश किया गया, (विघ्न) लेकिन बाद में रेवेन्यू डैफीसिट आया। There are valid reasons, जोकि न केवल हरियाणा के लिए बल्कि सारे देश पर लागू है, सारी स्टेटों पर लागू हैं। मैं तो कम्परैटिव आंकलन बता रहा हूं। मेरे पास हर स्टेट का, सभी चीजों का, सारे पैरामीटर्ज का सारे इंडीकेटर्स का कम्परैटिव आंकलन है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरी आदत है कि या तो मैं किसी ईशू को छेड़ता ही नहीं और यदि छेड़ता हूं तो उसमें कोई कमी नहीं छोड़ता यानी मैं उस पर दिन रात पूरी तैयारी करता हूं। मैंने कल भी दिन-रात पूरी तैयारी की है and I slept only for two hours after taking dinner hosted by our Hon'ble Speaker. मैंने सारे आंकड़े पढ़े हालांकि इसके लिए एक रात कम थी। यदि ज्यादा टाईम मिलता तो मैं और आंकलन भी करता लेकिन जितना मैं मोटा-मोटा आंकलन कर पाया वह सदन के सामने रखना चाहता हूं कि हमारा प्रदेश सरप्लस में तो आ गया था। उन दिनों मेरे पर भी मजबूरी थी और मेरे पर उन दिनों काफी वित्तीय बर्डन था। जिस समय मैं वित्त मंत्री था मैं 258 करोड़ रुपये का डैफीसिट छोड़कर गया था। उसके बाद 2005-06 में मौजूदा सरकार आई तो 1263 करोड़ रुपये अगले साल सरप्लस हो गये। इसी तरह 2006-07 में 1590 करोड़ रुपये और 2007-08 में 2224 करोड़ रुपये सरप्लस हो गये यानी अच्छी कलैक्शन रही और उसका यह फायदा हुआ कि हम सरप्लस हो गये। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं reason of deficity पर आना चाहूंगा कि इस बजट का आंकलन करना मेरे लिए बहुत मुश्किल था। ऐसा उस आदमी के लिए स्वाभाविक है जिस आदमी ने 5 बजट प्रस्तुत किए हों और उसके बाद चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी और कैप्टन अजय सिंह जी वित्त मंत्री रहे और अब सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा साहब वित्त मंत्री हैं। मैं मुख्यमंत्री जी की मौजूदगी में यह सब कह रहा हूं कि हरियाणा में जितने भी वित्तमंत्री रहे हैं, उनमें से चट्ठा साहब सबसे इंटलीजैंट हैं इसमें कोई दो राय नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता था कि बाद में डैफीसिट आया है, लेकिन बाद में एफ०आर०बी०एम० को रिवाईज कर दिया गया। जब देखा कि बाजार में रिसैशन है, इनफलेशन है और पे-वेजिज बढ़ते जा रहे हैं तो इसको चेंज करके 2011-12 में ले गये। लेकिन अभी भी हम जीरो बजटिंग पर नहीं पहुंचे हैं और वित्तमंत्री जी ने कहा है कि हम 2013-14 में जीरो बजटिंग पर पहुंच जायेंगे। वित्तमंत्री जी का जो आश्वासन है वह इनके एक्सपीरियंस और बुद्धिमता के आधार पर है। उस पर हमें विश्वास करना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, यह क्यों आया ? इसका मेन कारण एक तो छठा वेतन आयोग है और दूसरा great recession in the market at global level है। देश के प्रधानमंत्री जी ने तो

देश को बचा लिया और हमारे मुख्यमंत्री जी तथा वित्तमंत्री जी ने स्टेट को बचा लिया। उपाध्यक्ष महोदय, जो 2008-09 में 2082 करोड़ रुपये का डैफीसिट हुआ। इसका मेन कारण यह था कि तनख्वाहों के साथ-साथ डी०ए० भी बढ़ा और बाद में एरियर भी दिया गया। 2008 में ही 28 प्रतिशत डी०ए० बढ़ गया था जो डैफीसिट बढ़ने का मेन कारण है। डी०ए० सैलरी का महत्त्वपूर्ण कंपोनैंट होता है वह अगर वन थर्ड बढ़ जाता है तो स्वाभाविक है कि डैफीसिट भी बढ़ेगा। डी०ए० इनफलेशन की वजह से बढ़ा था। इस तरह से 2009-10 में डैफीसिट 4265 करोड़ रुपये हो गया और वह 2011-12 में कम होकर 2747 करोड़ रुपये हो गया जो कि अच्छी बात है। इसका मतलब यह नहीं है कि 2011-12 में डैफीसिट कम हुआ तो डी०ए० नहीं बढ़ा। डी०ए० 2008 में 28%, 2009 में 11%, 2010 में 18% और 2011 में 13% बढ़ा है। इसका मतलब डी०ए० कंटीन्यूवसली बढ़ता जा रहा था और इसके बावजूद भी हमारा डैफीसिट 4265 करोड़ रुपये से कम होकर 2747 करोड़ रुपये पर आ गया जो कि बहुत बड़ी बात है। उसके बाद फिर घटकर 2562 करोड़ रुपये हो गया और अब इसको 2456 करोड़ रुपये पर ले आये हैं। उपाध्यक्ष महोदय, ये good indicators हैं कि इतनी महंगाई और रिसैशन के बाद भी डैफीसिट कम किया गया है। उपाध्यक्ष महोदय, 2011-12 में सैलरीज आदि पर 13930 करोड़ रुपये खर्च किया गया। यह अमाउंट बहुत बड़ी अमाउंट है। इतनी बड़ी अमाउंट से बजट लड़खड़ा जाता है। यही वजह है कि यह डैफीसिट आया था। उपाध्यक्ष महोदय, अब हमें यह देखना है कि Ministry of Finance and FRBM की जो रिकमंडेशंज हैं ये केवल डैफीसिट या सरप्लस बजट पर नहीं हैं। There are so many guidelines कि आप उनको पूरा कर रहे हैं या नहीं कर रहे। जैसा मैंने बताया कि वित्तमंत्री जी ने आश्वस्त किया है कि वे 2013-14 में जीरो बजटिंग लेकर आयेंगे।

सैकेण्ड गाईड लाईन है fiscal deficit should be 3 percent at G.S.D.P. from the financial year 2010-11 and that will continue upto 2014-15. अब सरकार की पोजीशन देखिए। सरकार द्वारा यह लक्ष्य वर्ष 2010-11 में अचीव कर लिया गया है और यह हो गया है 2.7% अर्थात् 3% का लक्ष्य निर्धारित किया गया था सरकार उसे 2.7% पर ले आई है। इसका मतलब यह हुआ कि अच्छे इंडीकेटर्ज़ है। Now, not only maintaining but decreasing. अब आप वर्ष 2011-12 के बाद की स्थिति देखिए यह 2.5% पर आ गया है। 2012-13 के बजटरी एस्टीमेट्स देखिए उनमें यह 2.1% पर आ गया है। इसका मतलब यह हुआ कि सरकार ने निर्धारित सीमा को बहुत पहले ही पार कर लिया है और ये निर्धारित गाईड लाईन्स के अनुसार चल रहे हैं। इसका मतलब यह भी हुआ कि हमारा जो बजट मैनेजमैंट है that is the best. अगली बात इसमें यह है कि total liability as percentage of G.S.D.P. shall be 22.4% in the year 2010-11 मतलब है कि पहले 22.4% था फिर 22.6% हो गया और फिर 22.7%, ये सभी एक्ट और गाईड लाईंस के मुताबिक है। अब हम देखें कि स्टेट ने क्या अचीव किया। स्टेट ने पहले साल में अचीव कर लिया 19.29%, फिर 18.47% फिर 17.31% और अब ये हो गया है 16.36% जो कि 22.7% अलाऊड था वह 16.36% पर आ गया है। विपक्ष के साथी कैसे कह सकते हैं कि सरकार की डैट लाईबिलिटी बढ़ गई हैं। यह बात रैलियों में, जलसों में और पार्टी मीटिंग्स में, कोई अपने भाषण में चाहे कुछ भी कहता रहे कि सरकार प्रदेश को कर्जे में डुबो रही है ऐसा कर रही है वैसा कर रही है लेकिन हमें यह देखना चाहिए कि सरकार के पास सम्पत्ति कितनी है और आपकी इन्कम कितनी है। आपकी पेइंग कैपेसिटी कितनी है। जो आपकी टोटल

[ प्रो० सम्पत सिंह ]

इन्कम है, उसका टोटल कितना प्रतिशत उसमें जा रहा है। डिप्टी स्पीकर सर, हमें इन सब चीज़ों का आकलन करना चाहिए। इन सब चीजों का आंकलन करके ही हम आगे बढ़ सकते हैं। ये जो लाईबिलिटीज़ थी, मैं यह नहीं कहता कि मैंने फाईनैंस मिनिस्टर रहते समय बहुत कुछ अच्छा किया but I try my best. लेकिन इसके बावजूद भी वर्ष 2004-05 में डैट लाईबिलिटी 20.04% थी और आज यह आ गई है 16.36% पर, despite all these inflation और रिसैशन इत्यादि सबकी वजह से। अब मैं सैलरी और पैंशन के बारे में बताना चाहूंगा। कल ही हमारे एक साथी प्रैस में चर्चा कर रहे थे जिसे मैंने आज अखबारों में पढ़ा है। इससे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि हमें बिना सोचे-समझे अखबारों या टी०वी० चैनल्स पर कोई ध्यान नहीं देना चाहिए क्योंकि विधान सभा के पटल पर भी हमें बोलना पड़ता है और अकेले अखबारों या टी०वी० चैनल्स पर बोलने से काम चलने वाला नहीं है। अब मैं उनके ब्यान के बारे में बताता हूं। उन्होंने कहा कि 70% पैसा तो तनख्वाहों में, पैंशन में और लोन की रिपेमैंट में ही चला जायेगा। इसके अलावा कुछ ने इसे 80% तक कहा है और कहा है कि स्टेट के पास पैसा खर्च करने के लिए बचेगा ही नहीं। मैं पूछना चाहूंगा कि कैसे नहीं बचेगा। मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि वे इस बारे में सरकारी डाक्यूमैंट्स देखें। सैलरी और पैंशन पर हमारा जो टोटल फण्ड है जिसे हम कंसोलीडेटिड फण्ड बोलते हैं, उस टोटल फण्ड के मुकाबले में आप कितना खर्च कर रहे हैं। डिप्टी स्पीकर सर, हमारा टोटल फण्ड 54 से 55 हज़ार करोड़ रुपये है, अर्थात् हमारा कंसोलीडेटिड फण्ड 54,540 करोड़ रुपये है और इसमें सैलरी और पैंशन का कम्पोनैंट भी आता है। इसमें 16.91% लोन रिपेमैंट है और 9.65% इंटरैस्ट की रिपेमैंट है। इस प्रकार से ये दोनों मिलाकर हो गये 26.54%। अब आप सैलरी एण्ड पैंशन के बारे में देखिए। इस 54,540 करोड़ रुपये की राशि में से इस मद के लिए 14,908 करोड़ रुपये रखा गया है। मैंने इस सबको अपने पुराने हिसाब से भी देखा है और किसी कैलकूलेटर वाले की भी मदद ली। इस प्रकार से इस सबके बावजूद यह बनता है 27.33% 27.33% और 26.56% इस प्रकार से यह 54% से कुछ कम है but it is not 70 to 80%. मैं यह कहना चाहता हूं कि इस एक्सपैंडिचर को हम इसमें नहीं ले सकते कि इससे क्या डवैल्पमैंट होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, देखना यह है कि जो कैपीटल आप बोरो कर रहे हैं, आप जो डैट लायबिलिटी बढ़ा रहे हैं, इस साल जो आप कर्जा बढ़ा रहे हैं, उसका परपज क्या है ? अगर वह कैपीटल ग्रोथ के लिए बढ़ा रहे हैं तो that is best one, और अगर वह रिवैन्यू एक्सपैंडीचर के लिए बढ़ा रहे हैं तो वह गलत है। उपाध्यक्ष महोदय, अगर आप बजट में आँकड़ों को देखेंगे तो जो टोटल एक्सपैंडीचर का कैपीटल एक्सपैंडीचर है वह लोन रिवाईज्ड एट 7305 करोड़ रुपये इस बार फालतू लोन ले रहे हैं और जो कैपीटल एक्सपैंडीचर है वह 5535.41 करोड़ रुपये है इसका मतलब है 76% आप कैपीटल असैट्स बनाने में लगा रहे हैं। जब आप असैट्स बनाने में लगा रहे हैं तो इसमें गलत क्या है। अगर आप कोई काम करने के लिए कर्ज लेते हैं तो कोई बुरी बात नहीं है। अगर आप व्यक्तिगत तौर पर कर्ज लेते हैं जैसे कोई शराब पीने में ले लेगा, कोई ब्याह शादी के लिए ले लेगा या नशा करने के लिए ले लेगा तो वह बैड इकोनॉमी है। यह तो एक हैल्दी साईन है कि आप कैपीटल पर खर्च करने जा रहे हो और वह भी 76%। वैसे तो प्लान और नॉन प्लान बजट को नापने का कोई पैमाना नहीं है। इनमें कोई फर्क नहीं है। आदमी को लगता ही है कि प्लान का खर्चा इतना हो रहा है और नॉन प्लान का इतना हो रहा है। सर, कई बार नॉन-प्लान

एक्सपैंडीचर बाद में प्लान का हिस्सा बन जाता है। मैं अपने समय के दौरान के लिए कह सकता हूँ पैन्शन खर्च जो था वह नॉन प्लान में था और अब वह प्लान का हिस्सा बन गया है। इसी तरह से कई स्कीमें ऐसी हैं जो ये कल प्लान का हिस्सा बन जायेंगी। दूसरी बात, जो मैं कहना चाहता हूँ कि आज नॉन-प्लान खर्चा या रेवैन्यू एक्सपैंडीचर हो रहा है इसका मतलब केवल उसी से अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता कि आपकी बैड इकोनॉमी है। अन्दाजा क्यों नहीं लगा सकते ? आज आप यूनिवर्सिटी में रिसर्च पर खर्च कर रहे हैं। आज आप प्रोफैसर्स को, डॉक्टर्स को, इंजीनियर्स को तनख्वाह दे रहे हैं, आज कॉलेजिज में आप तनख्वाहें दे रहे हैं, तो खर्चा तो रेवैन्यू में ही आयेगा और वह कैपिटल में नहीं जोड़ा जायेगा लेकिन क्या वे हमारी फ्यूचर असैट्स नहीं है ? वे हमारी फ्यूचर असैट्स हैं। यह कह देना कि रेवैन्यू एक्सपैंडीचर इतना हो गया या नॉन-प्लान एक्सपैंडीचर इतना हो गया, इससे काम नहीं चलता। आपको यह देखना है कि अंत में नैट रिजल्ट क्या आयेगा ? इसी तरह से हैल्थ सर्विसिज हैं। उसमें आपको इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी खर्च करना पड़ता है, वेजिज पर भी खर्च करना पड़ता है, इन्श्योरेंस स्कीमें आपकी होती हैं उन पर भी खर्च करना पड़ता है। इसी प्रकार से शिक्षा है। शिक्षा में आपको गरीब बच्चों को वजीफा भी देना पड़ता है। उसको आप किस मद में डालोगे। शुरू में वह नॉन प्लान और रेवैन्यू एक्सपैंडीचर में ही आयेगा। अगर आप प्लान में भी डाल लोगे तो भी रेवैन्यू एक्सपैंडीचर में आयेगा। वह कहाँ अपने आपको प्रेजैन्ट करेगा, उसकी प्रैजैन्स रेवैन्यू एक्सपैंडीचर में आयेगी। जब रेवैन्यू एक्सपैंडीचर में प्रैजैन्स आयेगी तो हम कह देंगे कि रेवैन्यू एक्सपैंडीचर बढ़ रहा है तथा कैपीटल एक्सपैंडीचर कम हो रहा है। सर, ये कुछ चीजें ऐसी हैं जिनकी तरफ हमको देखना है कि ये राईट डायरेक्शन में जा रही हैं या नहीं। इसके बाद आपको यह देखना होगा कि जी.एस.डी.पी. में यह कंट्रीब्यूशन कहाँ-कहाँ से आ रहा है ? Deputy Speaker, Sir, I got an opportunity, with the support of your Chair and the Chief Minister, worthy Finance Minister and Parliamentary Affairs Minister, to attend some workshop regarding MLAs. PRS Legislative Research that always organizes workshops for MLAs, first was on India Leadership - how to build the future leaders of India, कि आपको यह देखना होगा कि आगे क्या करना है, कैसा नेतृत्व आपको चाहिए। यह आई०आई०एम० बैंगलोर में थी। Second was Vision of India 2025 which was conducted in ISB Hyderabad. Sir, you must have visited. You are learned person, Sir, otherwise must have heard about it. Third was at Indian Institute of Public Finance and Policy, New Delhi and fourth again in ISB in the only one year. That is my tremendous experience from those institutions. Though, I have been minister for many years, have been Finance Minister for 5 years, but there were so many things which were hidden from me. They would have been known to me. डिप्टी स्पीकर सर, वहां जाकर पता लगता है कि आप कहां पर हैं। मुझे खुशी है कि मेरे साथ कुछ माननीय सदस्यों को भी जाने का मौका मिला है। दूसरी स्टेट्स के रिपरेंजेंटेटिव भी आये। एक बार तो 11 स्टेट्स के रिप्रजेंटीव थे, एक बार 12 स्टेट्स के रिप्रजेंटीव थे। We had interaction among outsiders. बी०बी० बत्रा जी ने अटैंड किया था, श्रीमती सुमिता सिंह जी ने अटैंड किया था, ढुल साहब नें अटैंड किया था, इधर हमारे ओबरा जी चले गए हैं, यहाँ पर बैठे थे, उन्होंने भी अटैंड किया था, अशोक कश्यप जी ने भी अटैंड किया था और आफताब अहमद जी ने अटैंड किया था। सर, सबसे पहले तो मैं आपके माध्यम से मेरे साथी साथियों को कहना चाहता हूँ कि to be an effective M.L.A. हमें ऐसी वर्कशॉप में जाना चाहिए और सर आपको भी ऐसी चीजों के लिए प्रोत्साहित करते रहना चाहिए ताकि हम लर्निंग प्रोसैस में से गुजरें। यह बजट है,

[ प्रो० सम्पत सिंह ]

बजट डोक्यूमैंट है। पॉलेटिकली आप इसके बारे में कुछ भी कह दें। सरकार की तरफ से कहा जायेगा कि बजट उत्तम है, बैलैंस्ड है और विरोधी कहेगा बड़ा नीरश है। स्वाभाविक है क्योंकि वो निराश है तो उसको नीरस नजर आएगा। वो खुश है तो उसको बढ़िया नजर आएगा। लेकिन सच्चाई क्या है, वो कहने की हिम्मत होनी चाहिए। ऐसे टाइम में हर आदमी को चाहिए कि he should put off his specs of any colour. We must wear only transparent colour type of specs. Glasses must be transparent, not of any colour. Then and only then you can understand what is happening कि बजट में क्या हो रहा है, क्या नहीं हो रहा है, तब जा कर बात बनती है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको कह रहा था कि वहाँ जाने का जब मौका मिला उसमें हमें और स्टेट्स से मुकाबला करने का मौका भी मिला। हमारे इन्डीकेटर हर तरफ बढ़िया थे। एक इन्डीकेटर जिसको मैं एडमिट करूँगा और मैंने गवर्नमेंट को लिखा भी है। सर, मैं अपने माननीय सदस्यों को बता दूँ की पहली बार मैंने एक हैल्दी परम्परा शुरू की है। मैंने प्री-बजट सुजैशन माननीय वित्त मंत्री जी को लिखे हैं। मेरे हल्के की माँगें क्या हैं, तकलीफ क्या है, मेरा हल्का क्या चाहता है, आपसे क्या उम्मीद करता है, और स्टेट आपसे क्या उम्मीद करती है, वह मैंने इनको लिखा है ? प्री-बजट सुजैशन मैंने वित्त मंत्री सरदार एच०एस० चट्ठा जी को लिखे हैं। मेरे पास कॉपीज हैं बोलने के बाद उनको मैं हाउस की टेबल पर रख दूंगा। अगर चेयर इस बात को परमिट करे तो इनको भी पार्ट बनाया जाए। ये मेरे व्यक्तिगत विचार हैं, मेरे हल्के की डिमांड्स भी हैं, और मेरी स्टेट की भी हैं। कम से कम मेरे हल्के की जो डिमांड हैं, उनको तो जरूर पार्ट ऑफ डिबेट बनाया जाये ताकि यहाँ पर हाउस का कीमती समय बर्बाद न हो।

**श्री उपाध्यक्ष :** उन डिमांड्ज को आप दे देना तो उनको प्रोसिडिंग में जोड़ लिया जाएगा।

**श्री सम्पत सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, उस बहाने मुझे एक चीज नजर आई है कि जहाँ तक बेसिक इन्फरास्ट्रक्चर, फिजिकल इन्फरास्ट्रक्चर जिसको कहते हैं, जिसमें Power, Irrigation, Roads, Transport etc. आते हैं we are at the best, जो हम खर्चा कर रहे हैं, उस खर्चे में, सोशल डिवैल्पमैंट में We are at the best on percentage of expenditure. But I am sorry to say Deputy Speaker Sir, that despite all these heavy expenditures social indicator हमारे अदरवाइज आ रहे हैं यही मैंने कालिंग अटैन्शन मोशन दी थी। स्वास्थ्य मंत्री जी से और शिक्षा मंत्री जी से मैं उम्मीद करता हूँ कि इन इंडीकेटर्ज पर पूरा जोर देना चाहिए। You

12.00 Hours

are well equipped with budget. You are well equipped with your knowledge and your experience and everything. Public is behind you, at your call. सारी चीजें आपके पास हैं। आप थोड़ी सी मोनिटरिंग बढ़ाईये। इसको आप केवल मात्र अधिकारियों के ऊपर मत छोड़ें। आप इसे अपने ऊपर लें और उसको लागू करें ताकि हमारे यहां जो हैल्थ और शिक्षा का स्तर है, वह ऊंचा हो। Deputy Speaker Sir, what is happening regarding mathematics? मैं केवल अपने यहां की बात नहीं बल्कि पूरे देश की बात कर रहा हूं। हिंदुस्तान मैथेमैटिक्स में पूरे संसार में नं० एक पर था। आज हिंदुस्तान मैथेमैटिक्स में 45वें नं० पर आ गया है। Today we have to see, towards research & development. अभी पिछले दिनों हमारे यूनियन स्टेट एजुकेशन मिनिस्टर ने कहा कि हमारी कोई भी यूनिवर्सिटी संसार की ऊपरी 100 यूनिवर्सिटिज में नहीं आ रही है। हम इतनी पॉलिसी ला रहे हैं, इतने प्रोग्राम ला रहे हैं, फिर भी हम एजुकेशन में आगे क्यों नहीं आ रहे हैं। हमारे देश से जब ब्रेन का एक्सपोर्ट हो रहा है तो हमें इसका इम्पोर्ट करने में भी कोई बुराई नहीं होनी चाहिए। पंजाब यूनिवर्सिटी जब

सरदार प्रताप सिंह कैरों जी ने बनाई थी, उस समय पंजाब के लोग आये और बोले सरदार जी ये की कर दिता सारे बिहारी लगा दिते इत्थे। कैरों जी ने कहा कि काका जदों तु बच्चों का ट्यूश्न करदा है तो ट्यूश्न किस कौम को करता है। उसने कहा मैं इन्हे देश से इम्पोर्ट करके लाया हूं। ये तुम्हें अच्छा बनायेगा और उसके बाद तुम्हारे ही टीचर आयेंगे। डिप्टी स्पीकर सर हमें ट्राईबल करैक्टर को भी खत्म करना चाहिए। In some of the universities, in some of the educational institutions and other institutions, कई बार लोकल, नॉन-लोकल का इश्यु छिड़ जाता है और ग्रुप बन जाता है और फिर राजनीति होने लगती है जो बहुत गलत है। At least on education and health हमें ध्यान रखना चाहिए कि इस पर कोई राजनीति न हो। डिप्टी स्पीकर सर, जहां तक खर्चे का सवाल है यह रिमार्केबल है। According to your consolidation fund, इस पर आप एक सिंगल इयर में कुल 54,540.01 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हो। Deputy Speaker Sir, I was surprised to know these figures and my figures. लेकिन हैरानी के साथ-साथ मुझे खुशी है कि यह खर्च मेरी स्टेट के लिए हो रहा है, हमारी जनता के लिए हो रहा है। It is not a case of any individual, not remaining in false prestige कि क्या हो रहा है और क्या नहीं हो रहा है। हमें यह देखना है कि असलियत में क्या हो रहा है। डिप्टी स्पीकर सर, मेरे पास पुराना रिकार्ड पड़ा था तो मैंने देखा कि 2000 से लेकर 2005 में मैं 71,890 करोड़ रुपये प्लान और नान प्लान पर खर्च कर पाया था और आपने इसका 76 परसैंट केवल मात्र इस साल में ही प्रावधान रख दिया। This is very astonishing, very surprising. यह केवल आपकी बुद्धिमता और आपका अनुभव है जो आपने इतना बढ़िया काम किया है और as compared to plan रिसोर्सेज क्रंच होते हैं।

**श्री उपाध्यक्ष:** सम्पत जी आप कनकल्यूड करें।

**श्री संपत सिंह:** सर, मैं तो केवल आंकड़ों पर बोल रहा हूं और तो कुछ नहीं कह रहा हूं। Let me speak, Sir. मैं जब भी कहीं ट्रैक से उतरूं Please let me know. I am not like that person कि मैं ट्रैक से उतरूंगा। मैं तो केवल बजट पर ही बोल रहा हूं। 2009-10 की एक साल की सिंगल ईयर प्लान 4624 करोड़ रुपये की थी और during my period in five years I could fix only 9235 करोड़। मैं पांच साल में 9235 करोड़ की कर पाया था जबकि इन्होंने एक साल में 4624 करोड़ रुपये की कर दी, *i.e.* 9% against the achievement of 5 years. In single year 2012-13, It will be Rs.16549.48 crores including CSS.

**श्री उपाध्यक्ष:** सम्पत जी, आप जल्दी खत्म कीजिये, दूसरे सदस्यों को भी बोलना है।

**प्रो. सम्पत सिंह:** डिप्टी स्पीकर सर, यह 72 प्रतिशत एक सिंगल ईयर की ओवर द फाईव ईयर अचीवमैंट है। मैं पांच साल के अंदर टोटल एक्सपैंडिचर 71,890 कर पाया था जबकि इन्होंने एक साल में ही 54,540 का प्रावधान रख दिया। 5 साल के मुकाबले में 76 परसैंट एक साल में है। सर, टोटल एक्सपैंडीचर ऑन इन्फ्रास्ट्रक्चर जिसको हम आधारभूत संरचना भी बोलते हैं, वह दो किस्म की हैं we can divide it in physical and social. फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो प्रावधान किया है वह 4155.62 करोड़ रुपये किया है, यह 28.66 परसैंट बैठता है और सोशल पर 7726 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, यह 53.28 परसैंट बनता है। इसका मतलब है कि आपका इन्फ्रास्ट्रक्चर फिजिकल और सोशल दोनों मिलाकर 81 परसैंट बनता है। Deputy Speaker Sir, this is a healthy sign.

**श्री उपाध्यक्ष :** संपत सिंह जी, आपको बोलते हुए काफी समय हो गया है अब आप समाप्त करिए।

**प्रो० संपत सिंह :** ठीक है सर, सर अगर टोटल प्लान में PSUs जोड़ लें लोकल बॉडीज जोड़ लें क्योंकि that is our part, उनमें डिवोल्यूशन ऑफ फंड्स होता है उनको ग्रांट इन एड दी जाती है, तो प्लान साइज 26485 करोड़ रुपये बनता है। (विघ्न) क्योंकि PSUs को हम 9950 करोड़ रुपये दे रहे हैं और लोकल बॉडीज को 2035 करोड़ रुपये दे रहे हैं इस लिए यह बहुत ही बढ़िया बजट है। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। एक तो सुझाव यह देना चाहता हूं कि जहां आपने सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात की है इसमें कोई दो राय नहीं है कि आप 20 लाख लोगों को पेंशन दे रहे हैं, 18 लाख एस०सी०, बी०सी० और बी०पी०एल० परिवारों के बच्चों को वजीफे दे रहे हो। यह मिलाकर 38 लाख हो गए और हैल्थ बीमा 5 लाख लोगों का कराया है। इस प्रकार टोटल 43 लाख लोग हो गए और 3.5 लाख परिवारों को बी०पी०एल० के तहत प्लॉट अलॉट किए हैं, इस प्रकार 50 लाख लोगों से ऊपर हो गए। टोटल हमारी आबादी कितनी है ? ऐसी कोई स्टेट नहीं होगी जहां इतनी कैश मनी इतने इतने पर-हैड घरों में जा रही हो। (विघ्न)

**श्री उपाध्यक्ष :** संपत सिंह जी, आप कनकल्यूड करें।

**प्रो.संपत सिंह :** आज ये बताएं कि तनख्वाह किसकी नहीं बढ़ी, ऑनरेरियम किसका नहीं बढ़ा है। सरपंच का मानदेय बढ़ा है, पंचों का बढ़ा है, पंचायत समिति के सदस्यों का बढ़ा है, चेयरमैन जिला परिषद् का बढ़ा है और जिला परिषद् के मैंम्बरों का बढ़ा है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री शेर सिंह बड़शामी :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर है। संपत सिंह जी पांच साल तक अपने जिस बजट की तारीफ करते रहे आज उसी बजट को निकम्मा बताकर ये क्या शो करना चाहते हैं ? ऐसा लगता है कि इन का कोई स्टैण्ड ही नहीं है। इनके स्टैण्ड का पता ही नहीं लगता है।

**प्रो० संपत सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, मैंने इनको कभी इंट्रप्ट नहीं किया। इनको जो तकलीफ है वह तो इनको सारी उम्र ही रहेगी। इन्फैक्शन लग चुका है और उसके लिए मैं क्या कर सकता हूं। इस चीज का तो मेरे पास कोई इलाज ही नहीं है, मेरे पास कोई दवा नहीं है। आज हर आदमी को पैसा मिल रहा है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जितनी हमारे देश की लोकल बॉडीज हैं जैसे बम्बई की है, बंगलौर की है मैंने उन सबके बजट मंगाए हैं, मैंने माननीय वित्त मंत्री जी को लिखा है और उनको कहना भी चाहता हूं कि मैंने स्टडी करके पाया है कि वे सभी सैल्फ सफीशिएंट हैं। मेरा यह मानना है कि हमारे यहां की लोकल बॉडीज को भी सैल्फ सफीशिएंट बनाना चाहिए, इसमें कोई बुराई नहीं है। सर, लोकल बॉडीज जहां इलैक्टिड बॉडी हैं जैसे आगे चलकर कमेटी के चुनाव होने हैं, जितनी भी कार्पोरेशन और कमेटीज हैं उनके लिए आपको कोई पैनल, कमेटी या कमीशन रेवेन्यू जनरेशन के लिए बनाना चाहिए, फोरमेशन करनी चाहिए ताकि आप अपने निगमों को गाइड कर सकें कि आपको यह करना है। They are local bodies but for their guidance इस बारे में उनको एडवाईस कर सकें कि आपको रेवेन्यू जनरेट कैसे करना है। कई जगह ऐसी हैं जहां हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई और ही यूज कर रहे हैं जैसे कोई केबल पर कर रहा है, कोई टेलीफोन पर कर रहा है, कोई हमारी हैल्थ को बिगाड़ रहा है तो कोई हमारी वाटर की लाईन बिगाड़ रहा है और कोई बिजली की लाईन बिगाड़ रहा है। ऐसे लोगों पर क्यों न सर्विस चार्जिज

हों ताकि उन कमेटियों की और कारपोरेशंज की माली हालत ठीक हो सके और वे सैल्फ डिपैंडैंट बन सकें। इस बारे में पंचायती एक्ट में और कारपोरेशन एक्ट में सब जगह लिखा हुआ है।

**श्री उपाध्यक्ष:** सम्पत सिंह जी, आप बैठिये आपको बोलते हुए काफी समय हो गया है। Thank you very much. (Interruption).

**Prof. Sampat Singh:** All has been said on reality. Sir, I am an independent person. I have mind. (विघ्न) मैं अपने दिमाग से डिसाईड करता हूं कि क्या चीज ठीक है और क्या चीज गलत है। ये इन्होंने देखना है कि क्या करेंगे, क्या नहीं करेंगे? ये केवल प्रोवोक करेंगे but I will never be provoked. मैं अपने दिमाग की बात करता हूं मेरा दिमाग बिल्कुल सैट है लेकिन मेरे कुछ साथी जिनको बाद में कुछ मैंटल प्रॉब्लम हो गई हो तो उसके लिए मैं क्या कर सकता हूं? इसमें मेरा क्या कसूर है ? कई बार हालात ऐसे होते हैं, कई कारण होते हैं। उनको इस बात के लिए पर्सनल नहीं आना चाहिए। (विघ्न)

**श्री उपाध्यक्ष:** सम्पत सिंह जी आप बैठिये Thank you very much.

**प्रो. सम्पत सिंह:** डिप्टी स्पीकर सर, अगर ये अनहैल्दी परम्परा छेड़ेगें तो भी सम्पत सिंह ऐसी परम्परा नहीं छेड़ेगा। चाहे कोई इनिशिएट करेगा तो भी मैं नहीं करूंगा मेरा अपना करैक्टर है। (शोर एवं व्यवधान) People know me for my character, for my honesty and for my principle. चाहे मुझे दुनिया से जाना पड़े वह मैं साथ लेकर जाऊंगा ये चीज मेरे साथ हमेशा ही रहेगी। इन चीजों को कोई छोड़ नहीं सकता Each and every body he may be from opposition party or may be from ruling party, every body has some respect, has some appreciation. That is my asset और मेरे पास कोई एसैट नहीं है। मेरे पास यही एसैट है। धन्यवाद सर।

**श्री भारत भूषण बतरा (रोहतक):** आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट को सैकेण्ड करने के लिए मौका दिया उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। जहां तक हरियाणा प्रदेश की बात है हरियाणा प्रदेश के अन्दर चहुंमुखी विकास हुआ है। जो पिछले सात सालों में विकास हुआ है उस विकास को तो प्रति पक्ष को भी मानना चाहिए कि हरियाणा प्रदेश में विकास हुआ है। ये विकास की बात करते हैं (विघ्न) आज हम उद्योग नीति की बात करते हैं, कृषि नीति की बात करते हैं, आज सोशल सैक्टर की बात करते हैं, आज हम इन्फ्रास्ट्रैक्चर की बात करते हैं, इण्डस्ट्रियल पॉलिसी की बात करते हैं, आज हम स्पोर्ट्स पॉलिसी की बात करते हैं, टैक्नीकल ऐजूकेशन की बात करते हैं। इन सब में जो हरियाणा का नम्बर है वह सारे भारतवर्ष में सबसे ऊपर आता है। आज के दिन हरियाणा नम्बर एक पर हकीकत में है। मैं विधानसभा के सभी सदस्यों को कहना चाहता हूं कि it will be advanced Haryana सभी लोग ये कहेंगे कि हरियाणा में आने का क्या फायदा है? हरियाणा में इण्डस्ट्रीज लगाने का क्या फायदा है ? एग्रीकल्चर सैक्टर, बागवानी सैक्टर में क्या फायदा है? हरियाणा में क्या इन्फ्रास्ट्रक्चर है। कहां पर रोड्ज और बिल्डिंग की बात है। इन सब बातों के लिए हमारा प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इसके साथ साथ मुख्यमंत्री महोदय के 7 सालों के शासन काल के दौरान जो प्रगति हुई है उसके बारे में यदि मैं यह कहूं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि हमारे मुख्यमंत्री हरियाणा के विकास पुरूष हैं। हमारे मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में बहुत ज्यादा तरक्की की है और इस प्रदेश को एक राजनैतिक

[ श्री भारत भूषण बतरा ]

दिशा दी है। इस व्यक्ति की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। माननीय मुख्यमंत्री जी अब सदन में बैठे नहीं हैं लेकिन उनके बारे में मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि-

काम करो ऐसा कि पहचान बन जाए,
हर कदम चलो ऐसा कि निशान बन जाए।
जिंदगी ऐसे सभी काट लेते हैं मेरे दोस्त,
तू जिंदगी तो जी ऐसे कि मिसाल बन जाए।।

आज जब हम हरियाणा प्रदेश की बात करते हैं तो हमारे प्रांत की जनसंख्या 25353081 है जिसके अंदर 6841 गांव हैं। (विघ्न) इस समय स्टेट का जी०डी०पी० हमारे सामने 3,09,326 करोड़ रुपये है। उपाध्यक्ष महोदय, ये अपने से कम्पेयर कर लें, कहो तो सम्पत सिंह जी ने जो बजट पेश किया था, वह मैं पढ़कर बता देता हूं। इनके समय में पर कैपिटा इन्कम 26632 रुपये थी और आज हरियाणा में पर कैपिटा इन्कम 1,09,227 रुपये है। आज इस प्रदेश के अंदर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो मैं माजरा जी को बता दूं कि प्रदेश में नैशनल हाइवे 1462 किलोमीटर हैं और स्टेट हाइवे 2523 किलोमीटर हैं। जहां तक सड़कों के जाल की बात है तो प्रदेश में 25653 किलोमीटर सड़कों के जाल बिछे हुए हैं। उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं बजट पर आता हूं। अच्छा बजट किसको कहते हैं। दो बातें अच्छे बजट की होती हैं और इन बातों को प्रतिपक्ष भी मानेगा। एक तो सोशल सर्विस सैक्टर है और दूसरा जैंडर सैक्टर। सोशल सर्विस सैक्टर में यह देखा जाता है कि कितना प्रदेश का पैसा हम सोशल कामों में लगाते हैं और जैंडर सैक्टर में यह देखा जाता है कि हम कितना पैसा वूमैन डिवैल्पमैंट के लिए लगाते हैं। ये दोनों बातें अच्छे बजट के लिए होती हैं। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) हमारे बजट में सोशल सैक्टर में कितना प्रावधान किया गया है उसको आप देखें। फाइनैंस मिनिस्टर चड्ढा साहब ने 53.28 परसैंट बजट का प्रावधान इस सैक्टर के लिए रखा है। जो कि आज रिकार्ड है, यह सबसे ज्यादा है। इतना ज्यादा प्रावधान बजट में कभी भी सोशल सैक्टर के लिए नहीं रखा गया है। इनके समय में सोशल सैक्टर में 42 परसैंट बजट रखा गया था और आज के दिन सोशल सैक्टर में 53 परसैंट बजट रखा गया है।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं सदन के सामने रखना चाहूंगा कि सोशल सैक्टर में कौन-कौन सी सर्विसिज कवर होती हैं। (विघ्न) सोशल सैक्टर में मैडीकल हैल्थ सर्विसिज, फेमिली वैलफेयर, जनरल एजूकेशन, टैक्नीकल एजूकेशन, वाटर सप्लाई सैनीटेशन, मिड डे मील, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, सैलरी ऑफ दी टीचर्स आदि सर्विसिज कवर होती हैं। अध्यक्ष महोदय, हमारे वित्तमंत्री जी बजट बनाते वक्त बड़ी कुशलता से कार्य करते हुए जहां बजट में रैवेन्यू बढ़ाने की तरफ बढ़े हैं वहीं दूसरी तरफ फिसकल डैफीसिट को कम करने का काम भी किया है। वित्त मंत्री जी ने यह भी सोचा है कि आज के दिन proposed fiscal deficit percentage to the SGDP is 2.1% और उसके बाद वित्तमंत्री जी ने यह भी कोशिश की है कि आगे इसको जीरो बजटिंग तक ले जाया जाये। अध्यक्ष महोदय, जहां तक टैक्नीकल एजूकेशन की बात है विपक्ष के साथियों की सरकार के समय में वर्ष 2004-05 के अंदर 195 करोड़ रुपया खर्च किया गया था और मौजूदा बजट में 2965 करोड़ रुपये का प्रोविजन टैक्नीकल एजूकेशन के लिए किया गया है जो कि टोटल

बजट का 20.45 प्रतिशत है जबकि इनके समय में यह केवल 9 प्रतिशत था। अध्यक्ष महोदय, ये फीगर्ज मैं रिकार्ड के आधार पर बता रहा हूं। उस समय स्टूडैंट्स की इनटेक कैपेसिटी 9308 बताई गई थी और साथ में यह भी कहा था कि यह कैपेसिटी 20970 हो जायेगी। हमें तो पता नहीं, हुई या नहीं हुई, इस बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता। आज के दिन स्टूडैंट्स की इनटेक कैपेसिटी 143226 है इस पर मुझे गर्व है। अध्यक्ष महोदय, टैक्नीकल एजूकेशन में प्लान और नॉन प्लान में टोटल बजट 1938.56 करोड़ रुपये इनके समय में रखा गया था और अब इसके लिए 8245 करोड़ रुपये का प्रोविजन किया गया है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जो बजट होता है उसका प्लान एक्सपैंडीचर होता है उसमें Expenditure on schemes and projects covered by the five years plans होते हैं। नॉन प्लान एक्सपैंडीचर के अंदर expenditure not covered by the plans, this encloses payment of the Government debts, expenditure on judiciary, police, administration and maintenance of the existing Government establishments etc., उसके बाद सैलरीज हैं ये सब उसमें आते हैं। सबसे बड़ी बात कहूंगा कि जो आखिरी बजट इनके तरफ से वर्ष 2004-05 में पेश हुआ उसमें कहीं भी अलग-अलग बाईफ्रकेशन नहीं की गई थी और वह बजट जनता को गुमराह करने के लिए पेश किया गया था। मैं हमारे वित्तमंत्री जी की तारीफ करना चाहता हूं कि इन्होंने सभी कॉलम्ज के अंदर जो बजट रखा है उसको अलग-अलग बायफ्रकेट किया है और बताया गया है कि स्कीमवाईज इतना प्लान बजट है और इतना नॉन प्लान बजट है। इनकी सरकार के समय जो बजट पेश किया गया था उसमें किसी भी कॉलम के अंदर प्लान और नॉन प्लान बजट को बायफ्रकेट नहीं किया गया था। (विघ्न) It is a serious matter which was seen here. इस तरह का बजट ये लोग पेश करते थे।

स्पीकर सर, अब मैं एजुकेशन के बारे में बात करूंगा। मैं बड़े नट-शैल में एजुकेशन की बात करूंगा। मैं हमारी सरकार द्वारा पिछले सात साल में हरियाणा प्रदेश में स्थापित की गई यूनिवर्सिटीज़ और दूसरे शिक्षण संस्थानों की गिनती नहीं कराऊंगा क्योंकि उनकी गिनती करते-करते आदमी थक जाता है और अंगुलियां कम पड़ जाती हैं। अब मैं यह बताना चाहूंगा कि मैं जैण्डर के कैलकूलेशन की बात क्यों कर रहा था। हमारे फाईनैंस मिनिस्टर साहब ने जो कल बजट पेश किया है उसमें चार गवर्नमैंट कालेज फॉर विमैन खोलने का प्रावधान किया गया है जो कि इस प्रकार से हैं पहला बवानी खेड़ा में, दूसरा मेवात में, तीसरा पलवल में और चौथा रतिया में। इसके बाद इस बारे में मैं माननीय शिक्षा मंत्री महोदया जी की तारीफ करूंगा कि आरोही मॉडल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हरियाणा प्रदेश में खोले हैं यह भी जैण्डर की बात आती है। चाहे हमारी सरकार द्वारा विमैन डिवैल्पमैंट के कितने ही सोशल प्रोग्राम चलाये जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी बजट में किया गया प्रावधान बहुत ज्यादा अच्छा होता है कि सोशल सर्विसिज़ सैक्टर में कितनी धनराशि का प्रावधान रखा गया है और उसके बाद यह बात आती है कि हमने जैण्डर में महिलाओं के लिए कितने पैसे खर्च किये हैं। मैं इस बात के लिए इस मुख्यमंत्री जी और कांग्रेस सरकार की तारीफ करूंगा कि इस साल हम राजीव गांधी एजुकेशन सोसायटी के अन्दर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनाने जा रहे हैं जो कि एक बड़े गर्व की बात है। हमारे देश में नेशनल लॉ कॉलेज बंगलौर है, नलसार हैदराबाद में है, वासिज पुणे में है और जोधपुर में भी लॉ कॉलेज है। इसी स्टैंडर्ड के ऊपर आप सभी देखेंगे कि हमारे यहां भी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनेगी। उसका जो एक्ट है वह हमें सर्कुलेट किया हुआ है। मैं सभी माननीय सदस्यों को यह बताना चाहूंगा कि वो एक्ट

[ श्री भारत भूषण बतरा ]

बहुत ही वैल ड्राफ्टिड है। मैं यह चाहूंगा कि ऐसा एक्ट और यूनिवर्सिटीज़ का भी बनना चाहिए कि उसके अन्दर इतना अच्छा प्रावधान रखा गया है। जब बजट पास होने के लिए आयेगा तो हम इस बात पर चर्चा करेंगे कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का एक्ट कैसा होना चाहिए। मैं एक छोटी सी बात माजरा जी को जरूर बताना चाहूंगा कि जब 2004-05 में इनकी सरकार थी तो इन्होंने चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी शुरू की थी और बजट में प्रावधान रखा था सिर्फ 15 करोड़ रुपये का। मैं इनको बताना चाहूंगा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद यह यूनिवर्सिटी जिस स्टेज़ के ऊपर थी अगर कोई और प्रतिद्वंदी मुख्यमंत्री होता तो उसने इस यूनिवर्सिटी को टोटली क्लोज कर देना था लेकिन चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ऐसे मुख्यमंत्री थे जिन्होंने कहा कि यह यूनिवर्सिटी पूरी तरह से चलेगी। इस हिसाब से पूरा प्रतिपक्ष भी देख सकता है कि आज के दिन इस यूनिवर्सिटी का स्टेट्स क्या है, उसके अंदर इन्फ्रास्ट्रक्चर क्या है और उसमें फैकल्टी क्या-क्या चल रही हैं ? यह यूनिवर्सिटी कि प्रकार शानदार तरीके से चल रही है ? अगर विपक्ष इस बात को गहराई से देखे तो पूरी बात उसकी समझ में आ जायेगी कि माननीय मुख्यमंत्री जी के मन में किसी प्रकार का हरियाणा प्रदेश के सम्पूर्ण विकास में क्षेत्र विशेष या पार्टी विशेष का कोई भेदभाव नहीं है। इसलिए मैं यह कहता हूँ कि पिछले सात वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समय में हरियाणा प्रदेश में जो बहुमुखी प्रोग्रैस हुई है वह उल्लेखनीय है। स्पोर्ट्स के ऊपर मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा। मेरे पास इस बारे में कहने को तो बहुत कुछ था लेकिन क्योंकि आज इस विषय पर एक काल अटैंशन मोशन भी आ चुका है और इस बारे में काफी अच्छी बहस आज इस हाउस में हो चुकी है। इसके बावजूद भी एक बात ज़रूर कहना चाहूंगा कि विपक्ष के साथियों की सरकार के समय में जब बजट पेश हुआ तो यह कहा गया कि हरियाणा में एक यूनिक स्पोर्ट्स पॉलिसी आ रही है और साथ में यह भी कहा गया कि ऐसी यूनिक पॉलिसी पूरे भारतवर्ष में नहीं है। लेकिन हमें स्पोर्ट्स के मामले में उस सरकार की कोई यूनिक पॉलिसी देखने को नहीं मिली और न ही यह पता चला कि उसमें क्या-क्या प्रावधान थे और किसके लिए प्रावधान थे। उस समय जो टोटल पैसा स्पोर्ट्सपर्सन को बांटा गया वह सिर्फ 1.61 करोड़ रुपये था। इसके अतिरिक्त उसमें यह प्रावधान रखा गया कि अगर किसी खिलाड़ी की खेल के दौरान हुई इंजरी के कारण मृत्यु हो जाती है तो उसे मुआवज़े के तौर पर पांच लाख रुपये की राशि दी जायेगी। इससे ज्यादा स्पोर्ट्स पॉलिसी के अन्दर कोई भी प्रावधान नहीं था। इसके विपरीत जहां तक आज की स्पोर्ट्स पॉलिसी का सम्बंध है जैसे कि माननीय सदस्य श्री दांगी साहब कह रहे थे आप देख सकते हैं जहां तक स्पोर्ट्स एण्ड फिजीकल टैस्ट की बात है, कॉमन वैल्थ की बात है, एशियाड की बात है, ओलम्पिक की बात है उसमें भाग लेने वाले जो हमारे खिलाड़ी अच्छे रहे और जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया उन कुल 361 खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार ने विभिन्न पदों पर नौकरी प्रदान की है। चाहे वह कृष्णा पूनिया थी, चाहे विरेन्द्र सिंह था और चाहे क्रिकेटर जोगिन्द्र सिंह था, इन सभी को इम्प्लॉयमैंट दी। डी०एस०पी० के पद पर इम्पलॉयमैंट देना कोई आसान काम नहीं है। अगर स्पोर्ट्सपर्सन को इतना अच्छा कैरियर दिया तो वह चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार ने दिया है।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं पब्लिक सैक्टर के बारे में बताना चाहता हूँ। 2004-05 का जो बजट पेश हुआ था उसमें प्लान बजट में 165 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था लेकिन आज अगर 2012-13 की बात की जाये तो 2212 करोड़ रुपये पब्लिक सैक्टर के लिए रखे गये हैं।

अध्यक्ष महोदय, अन्ततः आप खुद देख सकते हैं कि कहाँ तो 165 करोड़ और कहाँ 2212 करोड़ ? इसी प्रकार से अगर विकास की बात की जाये तो आज हमारा गुड़गाँव शहर अन्तर्राष्ट्रीय मानचित्र पर आ गया है। आज मैट्रो की बात की जाती है। मैट्रो गुड़गाँव तक पहुंच गई है। फरीदाबाद में भी मैट्रो जायेगी, बहादुरगढ़ में भी मैट्रो जायेगी, कुण्डली और मानेसर तक भी मैट्रो जायेगी। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से अगर एक्साईज पॉलिसी की बात की जाये तो वहाँ पर भी बहुत अन्तर नजर आता है। जब चौटाला जी की सरकार थी तो एक्साईज पॉलिसी का बहुत बुरा हाल था। अब एक्साईज पॉलिसी से रिवैन्यू कहाँ से आया ? 2004-05 में सिंडिकेट सिस्टम में सारे हरियाणा को डिवाईड किया हुआ था। वे सिंडिकेट कौन-कौन थे? अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी इजाजत से बताना चाहता हूँ। श्री अशोक वाडिया एंड कम्पनी और विनायक वाईन्स, वे सिंडिकेट थे। इन दोनों के बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता। आप सभी इससे परिचित हैं और पब्लिक भी जानती है कि ये किस तरह की कम्पनियाँ थीं और किस-किस के साथ उनका लेनदेन था। आज जो हमारी सरकार की पॉलिसी है उसमें वैंड्स की इंडिविज्वल ऑक्शन होती है। उनकी विडियोग्राफी होती है, कोई मोनोपली नहीं है, किसी का प्रभुत्व नहीं है और किसी का कोई लेना देना नहीं है। हमारे पास 2010-11 में एक्साईज पॉलिसी से 2374 करोड़ रुपया आया है तथा 2011-12 में जनवरी तक के आँकड़े बता रहा हूँ 2274.60 करोड़ रुपया आया है। इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूँ कि 2012-13 के इस रिवैन्यू को जनरेट करने के लिए वित्त मंत्री जी ने 3000 करोड़ रुपये का टारगेट रखा है। हमारे विपक्ष के साथी देख लें कि इनके समय में कितना रिवैन्यू आता था ? कैसे शराब माफिया स्टेट में ऑपरेट करता था और आज हमारी क्या स्थिति है ? अध्यक्ष महोदय, 2004-05 तक इनकी जो रिवैन्यू प्रोग्रैस थी, जो रिवैन्यू इन्होंने जैनरेट किया उसमें 5.75 परसैंट का बढ़ावा मिला और जब से वर्तमान सरकार आई है 2006 से 2011 तक की फिगर्स दे रहा हूँ, उसमें 16.4 परसैंट की बढ़ोतरी रिवैन्यू रिसीट में हुई है। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ कि रोहतक में स्टेट इन्सटीट्यूट ऑफ फैशन एण्ड डिजाईन का कोर्स शुरू हो गया है। जुलाई 2012 तक फिल्म एण्ड टी.वी. और फाईन आर्ट के कोर्सिज भी शुरू हो जायेंगे।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** सब कुछ रोहतक में ही तो हो रहा है और कहाँ हो रहा है ?

**श्री भारत भूषण बतरा :** अच्छा किया आपने जो यह कह दिया। मैं भी यही चाहता था कि आप यह पूछें। मैं आपको इसका जवाब देता हूँ। आज आप रोहतक की बात करते हो, उस रोहतक की पिछले 40 सालों में जो दुर्दशा हुई क्या आपने कभी जानने की कोशिश की ? यहाँ पर श्री आनन्द सिंह दांगी जी बैठे हुये हैं, डॉ. रघुवीर सिंह कादयान बैठे हुये हैं। यहाँ पर 1982 में बाढ़ आई, 1985 में बाढ़ आई और 1995 में बाढ़ आई। लोगों के घर 18-18 फुट पानी में डूबे हुये थे, उस समय किसी को रोहतक की याद नहीं आई कि रोहतक की विडम्बना क्या है ? उस समय रोहतक के सीवरेज सिस्टम की बात नहीं की। आपका राज 1999 से 2004 तक रहा तो आप बताओ आपने रोहतक की सब- डिविजन पर कितने पैसे खर्च किए ? आज अगर मुख्यमंत्री ने रोहतक की व्यवस्था को सुधार दिया तो रोहतक का नाम सामने आने के बात आ गई। आपके समय में तो रोहतक के लोगों को बादल नजर आते थे और उन का दिल दहल जाता था। उस समय आप नहीं सोचते थे। (शोर एवं व्यवधान) 1996 के बाद तो हरियाणा विकास पार्टी-भाजपा की सरकार आ गई थी। (शोर एवं व्यवधान) 1995 में बाढ़ आई थी, सिर्फ 6 महीने की बात थी। उसके बाद

[ श्री भारत भूषण बतरा ]
1996 और 1999 में क्या कंट्रीब्यूशन हुआ ? 1999 में भाजपा की सरकार साथ में थी और आपने रोहतक की डिवल्पमैंट में कितना कन्ट्रीब्यूशन किया, आप इस बात को बता दो। 2002 से लेकर 2005 तक और मुझे याद है कि उस समय मुख्यमंत्री जी मैंबर पार्लियामैंट थे, सैंट्रल गवर्नमैंट की टीम स्पैशली ये लेकर आए थे उसके बाद कुछ रिलीफ मिला और लोगों को राहत मिली। हमें अब भी वो लम्हें याद हैं। उस समय में सारे के सारे सिविल रोड पर, मॉडल टाऊन में, यूनिवर्सिटी में, सुभाष नगर, जगदीश कालोनी, राम नगर में कितना-कितना पानी था ? छोटू राम चौक पर जहाँ चौधरी छोटू राम जी की मूर्ति लगी हुई है वहाँ पर 18-18 फुट पानी था। सुभाष रोड से जब मुख्यमंत्री जी हमारे साथ फ्लड के दौरे पर जाते थे तो उस समय सुभाष रोड पर 6-6 फुट पानी था सिर्फ डी०टी०-14 नाम का एक ट्रैक्टर चलता था। उसके अलावा कोई ट्रैक्टर भी नहीं चलता था। उस सड़क के ऊपर ट्राली में बैठकर लोग जाते थे। उस समय किसी ने रोहतक की दुर्दशा नहीं देखी। (शोर एवं व्यावधान)

**श्री अध्यक्ष :** कृपया शांति बनाए रखें। बैठे-बैठे कोई कमैंट्री न करें। (शोर एवं व्यावधान)

**श्री भारत भूषण बतरा :** अब ये बताएं H.V.P. और B.J.P. सरकार ने 1996 से 1999 हमारे रोहतक में फ्लड से बचने के लिए क्या किया ? इस समय रोहतक की फ्लड के मारे हालत बुरी थी और लोगों के घरों में पानी घुसता था। जब आपके यहां घरों में पानी घुसेगा तो आपको पता लगेगा कि पानी कैसे घुसता है। जब लोगों की सारी की सारी चीजें बरबाद होती हैं, बिलौंगिंग्स बर्बाद होती हैं, आपको लोगों की उस विडम्बना का नहीं पता है और ऐसे में रोहतक का अगर मुख्यमंत्री जी ने उद्धार कर दिया, इस रोहतक का मुख्यमंत्री जी ने सैनीटेशन सुधार दिया ताकि फ्लड का पानी ना आए तो इनको रोहतक के नाम से तकलीफ होने लगी। (शोर एवं व्यवधान) 40 साल में किसी ने भी रोहतक का विकास नहीं किया, चाहे वह किसी की भी सरकार थी।

**श्री आनंद दांगी :** स्पीकर सर, इसमें क्या दिक्कत है। 40 साल दूसरे लोगों ने राज किया कोई हिसार से कोई चौटाला से कोई सिरसा से कोई भिवानी से। एक कर्मयोगी व्यक्ति के हाथ में इस प्रदेश की आज बागडोर आई है और जिस इलाके को पूरी तरह से पॉलिटिकली बर्बाद करके रख दिया था उसका काम आज अगर थोड़ा बहुत हुआ है तो इनको किस बात की पीड़ा होने लग रही है। आज हरियाणा प्रदेश का ऐसा कोई कोना नहीं है जिसमें भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की रहनुमाई में चहुंमुखी विकास न हुआ हो। इनको दर्द होता है। (शोर एवं व्यवधान) मैं तो कहता हूँ एक कहावत है, ऊँट तो अरडांदे लदया करैं। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री जी आप चलते रहो, इस हरियाणा प्रदेश का विकास करते रहो। इन लोगों के पास दूसरी कोई बात ही नहीं है करने के लिए। इन्होंने इस प्रदेश का सत्यानाश करके रख दिया था। आज चहुंमुखी विकास पूरे प्रदेश के अन्दर हो रहा है।

**श्री अजय सिंह चौटाला :** स्पीकर सर, मेरा प्वॉयंट ऑफ ऑर्डर है। इस समय सदन में डिवल्पमैंट की बात चल रही है। सरकार का काम डिवल्पमैंट करने का है वह करे और माननीय सदस्य जहाँ से आए हैं उनका भी गुणगान करने का फर्ज है, वह करें। परन्तु ये बार-बार जो पिछले 40 साल का हवाला दे रहे हैं कि पिछले 40 साल में कहीं कुछ ठीक नहीं हुआ है तो ये सरकार का काम है कि वह उसे ठीक करे। पिछले साल कुरुक्षेत्र में, अम्बाला में जब 18-18 फुट पानी आया, लोग वहाँ बर्बाद हुए तब सरकार ने क्या किया, जरा उसके बारे में भी तो एक्सपलेन करें।

**श्री भारत भूषण बत्रा :** स्पीकर सर, जो बात अजय जी ने ही है उसके बारे में मैं सिर्फ दो लाइन कहूंगा। कुछ रोहतक की डिमांड भी हैं उनके बारे में भी कहना चाहता हूं कि राजनीति के क्षितिज पर अगर किसी व्यक्ति को और किसी पार्टी को पहुंचाया तो किसने पहुंचाया, वो रोहतक के लोग थे। उस समय आया राज करने का, तो आपने कहा किलोई डैड कांस्टीच्यूएंसी है। यह रिकार्ड की बात है। इन रोहतक वालों ने आपको डिप्टी प्राइम मिनिस्टर के पद तक भी पहुंचाया था। सारे रोहतक क्षेत्र के अंदर कांग्रेस को एक सीट भी नहीं मिलती थी तो उस समय यह आपका फर्ज था कि इन रोहतक वालों का ख्याल रखते। आपका उस समय कर्त्तव्य था कि जिस रोहतक ने आपको इतनी बड़ी उपलब्धि पर पहुंचाया है, उसका भी विकास करते (विघ्न)।

**Mr. Speaker:** Anita ji, your own party member is speaking so please sit down.

**श्रीमती अनीता यादव:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वॉयंट आफ आर्डर है।

**श्री अध्यक्ष:** अनीता जी, आपका प्वॉयंट आफ आर्डर क्या है ?

**श्रीमती अनीता यादव:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वॉयंट आफ आर्डर यह है कि अभी मेरे साथी प्रोपर रोहतक के बारे में बात कर रहे थे। मैं इनको बताना चाहूंगी कि साल्हावास विधान सभा तो केवल रोहतक का एक पार्ट था और जब मैं अपोजीशन के बैंचों पर एम.एल.ए. होती थी तो मैंने गवर्नमैंट कालेज, नाहड़ की मरम्मत के लिए चौटाला साहब से रिक्वैस्ट की थी। अभय चौटाला जी कालेज का दौरा करके भी आये थे लेकिन इसके बावजूद भी इन्होंने कालेज की मरम्मत के लिए दो रुपये तक भी नहीं दिये और आज मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने नाहड़ के गवर्नमैंट कालेज की सुध ली है और 263 करोड़ रुपये गांव व कालेज में लगाकर कालेज को चालू हालत में किया। अतः इनको मुख्यमंत्री चौ. भुपेन्द्र सिंह हुड्डा साहब से सीख लेनी चाहिए (विघ्न)। बहादुर सिंह जी आप अभी अपने मुंह से कह रहे थे कि हरियाणा के सिंचाई मंत्री जब कैप्टन अजय सिंह जी थे उस समय उन्होंने सभी नहरी खालों को पक्का किया और उनमें पानी भिजवाया। तो अब आप ही बतायें कि विकास का काम कहाँ नहीं हुआ है। यदि आपके नांगल चौधरी में कोई समस्या है तो आप हमें बतायें, हम मुख्यमंत्री जी से सिफारिश करके आपके हर कार्य को पूरा करवायेंगे। आज हरियाणा का कोई भी ऐसा कोना नहीं है जिसमें विकास कार्य नहीं चल रहे हों। (विघ्न)

**आबकारी व कराधान मंत्री (श्रीमती किरण चौधरी):** अध्यक्ष महोदय, अभी एक माननीय सदस्य ने बैठे-बैठे यह कहा कि भिवानी में पाले से जो नुकसान हुआ है उसके ऊपर हमारी सरकार ने कुछ नहीं किया। हमारी सरकार के प्रयासों से ही केन्द्र सरकार ने वहां पर एक टीम भेजी है और वहां एक-एक गांव के अंदर पूरे का पूरा ब्यौरा लिया गया है तथा गिरदावरी आर्डर की गई है । (विघ्न)

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** अध्यक्ष महोदय, जैसाकि मंत्री जी ने कहा है कि पाला पड़ने से भिवानी, महेन्द्रगढ़ और झज्जर के कुछ इलाकों के किसानों की फसलों को बड़ा भारी नुकसान हुआ है। चूंकि पाला से होने वाला नुकसान नैशनल कैलेमिटी फंड में शामिल नहीं है, इसलिए हमने केन्द्रीय कृषि मंत्री जी से इस बारे में बात की। उन्होंने हरियाणा के इन क्षेत्रों में पाले से हुए नुकसान का जायज़ा लेने के लिए टीमें भेजी हैं। मैंने उनको एक पत्र भी लिखा है और हम

[ श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ]

हर संभव प्रयास भी कर रहे हैं तथा मुझे पूरा विश्वास है कि वहां कुछ न कुछ राहत अवश्य दी जायेगी। पाला हरियाणा में कोई पहली बार नहीं पड़ा है और न ही इससे पहली बार नुकसान हुआ है बल्कि हमारे से पहले जो सरकार थी उस समय भी पाले से बहुत भारी नुकसान हुआ था। पांच-पांच, छः-छः साल ये मुख्यमंत्री रहे कभी इन्होंने एक पैसा भी पाले के नाम दिया हो तो आज यहां बता दें (विघ्न)। जहां पर भी ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ उसके मुआवजा के तौर पर इन्होंने जो प्रति एकड़ किसानों को मुआवजा दिया था और आज जो हम प्रति एकड़ किसानों को मुआवजा दे रहे हैं मैं उसका सारा हिसाब दे सकता हूं। हम तो मुआवजा प्रति एकड़ दुगना तिगुना देते हैं। हमने तो फ्लड में भी राहत दी है लेकिन पाले से नुकसान की भरपाई के लिए यदि आपने एक पैसे की भी राहत दी हो तो आप बता दें।

**श्री भारत भूषण बतरा:** स्पीकर सर, बजट पर बोलते हुए मैं कहना चाहता हूं कि वित्तमंत्री जी के बजट की जितनी तारीफ की जाये उतनी ही कम है, पर साथ में डिमांड की बात जहां तक आई है। (विघ्न)

**Mr. Speaker:** Hon'ble Member, others have to speak. So, you please kindly wind up in five minutes only.

**श्री भारत भूषण बतरा:** अध्यक्ष महोदय, आप टाईम फिक्स मत कीजिये मैं जल्दी समाप्त कर दूंगा। मैं मुख्यमंत्री महोदय से सविनय निवेदन करूंगा कि रोहतक के अंदर जब बारिश आती है (विघ्न) तो रेलवे रोड की दुकानों में पानी चला जाता है इसी तरह से राम नगर, जगदीश कालोनी में भी बुरी हालत हो जाती है, गांधी कैम्प में भी पानी भरता है। (विघ्न)

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, जब इनके रोहतक की ये पोजीशन है तो बाकी की जगहों पर क्या हाल होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है।

**श्री भारत भूषण बतरा :** अध्यक्ष महोदय, यदि हम डिमांड रखें तो इनको बर्दाश्त नहीं होता, न रखें तो इनको बर्दाश्त नहीं होता है। इनको क्या बर्दाश्त होता है वह बताएं। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट की मंत्री महोदया श्रीमती किरण चौधरी जी यहां बैठी हुई हैं इनके मंत्रालय में काफी समय से यह केस लंबित पड़ा हुआ है। मैं मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि इसके लिए पैसा ग्रांट करें क्योंकि फ्लड की जो हालत होती है, पानी की हालत होती है उसके बारे में मैंने पहले भी बताया है उसको आप अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अध्यक्ष महोदय, दांगी साहब ने यहां एक अच्छा प्वाइंट उठाया है कि आउटर कालोनीज या जितनी भी अनअथोराइज्ड कालोनीज हैं उसके लिए प्रक्रिया मुख्यमंत्री जी ने पहले शुरु की हुई है। उसमें मैं चाहूंगा कि उसको जल्दी से फाइनेलाइज किया जाए। सदन के सामने यह बात भी रखना चाहूंगा कि जो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमैंट है ये जितनी भी अनअथोराइज्ड जगह बनी हुई हैं उसको डिमारकेट करके वही रैगुलराइज करना चाहते हैं यह पॉलिसी ठीक नहीं है। (विघ्न)उसमें होता यह है जिन लोगों ने अनअथोराइज्ड बना लिया उसको तो लाइसैंस मिल गया, रैगुलर हो गया, सब कुछ हो गया और कानून की पालना करने के बाद जिनके प्लॉट पड़े हुए हैं उनको आप रैगुलराइज नहीं करना चाहते, यह ठीक नहीं है। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मैं दो छोटे छोटे सुझाव और देना चाहूंगा कि हुडा एक्ट 1975 में फ्रेम हुआ था। यह एक्ट थोड़ा सा आउटडेटेड हो

गया है। यह जो लैंड माफिया है उसकी वजह से कॉमनमैन इज डिप्राईव्ड ऑफ दि ऐफोर्डेबल हाउसिंग और उसकी वजह से सरकार पर बोझ पड़ता है। जब एक अनअथोराइज्ड कालोनी बन जाती हैं तो सरकार ही उसकी सड़क बनाती है, सरकार ही सीवरेज डालती है, सरकार ही पानी देती है। इसके बारे में कानून में चैंज करके प्रावधान करके, इस लैंड माफिया से सख्ती से निपटा जाना चाहिए और ऐफोरडेबल हाउसिंग का प्रोविजन सरकार जल्दी करे। एक गरीब आदमी गांव से चलता है, नौकरी वाला गांव से चलता है, बाहर आउटस्कड में अपना मकान बनाता है उसको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए सरकार को कारगर कदम उठाने चाहिएं। सर, इस बारे में मैंने और आफताब जी ने एक.... (विघ्न)

**जन स्वास्थ्य मंत्री (श्रीमती किरण चौधरी) :** अध्यक्ष महोदय मैं क्लेरिफिकेशन देना चाहूंगी, जैसा माननीय सदस्य ने कहा कि पब्लिक हैल्थ में केसिज बहुत दिनों से लंबित पड़े हुए हैं। मैं बताना चाहती हूं कि पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट सीवरेज और पानी का काम केवल वहां कर सकता है जो अथोराइज्ड कॉलोनी हों। अनअथोराइज्ड कालोनीज में हम काम नहीं करते हैं। जो अथोराइज्ड कालोनीज हैं उनमें काम की कोई कमी नहीं है।

**श्री भारत भूषण बत्तरा :** मंत्री महोदया, मैं रोहतक के रेलवे रोड का जिक्र कर रहा हूं। यह तो पार्टीशन से पहले की कालोनी है। वह बसा ही रेलवे रोड पर था तो अनअथोराइज्ड कालोनी की बात हो ही नहीं सकती। गांधी कैम्प 1947 में बसा था। अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि मैंने और आफताब अहमद ने इस बारे में एक कालिंग अटैंशन मोशन दिया था जोकि आपने डिसअलाऊ कर दिया था और कहा था कि आप इस पर बजट पर चर्चा के समय अपनी बात कह देना। अध्यक्ष महोदय, आज एक समस्या हमारे प्रांत की सबसे ज्वलंत समस्या है। वह यह है कि एक्सीडैंट्स बहुत ज्यादा हो रहे हैं। सर्दियों के दिनों में हम अखबारों में पढ़ते हैं। उनमें एक से ज्यादा कैजुअलिटी और फैटल ऐक्सीडेंट्स होते हैं कई बार तो एक ही परिवार के दस दस लोगों की डैथ हो जाती है। उसमें सुबह सात बजे तो कभी पोस्टमार्टम शुरु नहीं होता। सुबह नौ बजे से सनसैट तक डॉक्टर्स पोस्टमार्टम करते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरे विचार से जब इतना इन्फ्रास्ट्रक्चर वगैरह आ गया है तो इसमें कोई बुराई नहीं है कि पोस्ट मार्टम शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक किये जाएं क्योंकि ऐसे मामलों में जो विडंबना परिवार को झेलनी पड़ती है, जो वेदना परिवार की होती है, उस वेदना को हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं। एक्सीडेंट के अंदर आदमी की डैथ होती है, पति की डैथ होती है, बेटे की डैथ होती है, ऐसे में पोस्ट-मार्टम की कार्यवाही यदि फटाफट हो जाए तो परिवार की वेदना कम हो जाती है। इस बारे में कोई कानून ऐसा प्रतिबिंबित नहीं करता कि रात के समय पोस्ट-मार्टम नहीं हो सकता। स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि पोस्ट मार्टम का समय बढ़ाया जाए, साथ में एक बात और भी है कि एक छोटी सी कमेटी बना दें जो इस बारे में राजस्थान ने जो रूल बनाए हैं, उनकी स्टडी कर ले। राजस्थान हमारे पड़ौस का प्रांत है वहां पर पुलिस रूल्स में अमैंडमैंट करके उसमें यह प्रावधान किया है कि जो मास एक्सीडैंट होते हैं उनमें उन रूल्स के तहत डी.एस.पी. रैंक का अधिकारी एक सर्टिफिकेट देता है कि यह डैथ ऐक्सीडैंट से हुई है।

आपको पोस्ट मार्टम कराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इसमें इन्श्योरैंस क्लेम में कोई बाधा नहीं आती। एक कमेटी राजस्थान जाकर इस बारे में उनके पैटर्न की जानकारी हासिल कर ले ताकि वह पैटर्न अपने स्टेट में लीगली लागू हो सके। मैं यह भी गुजारिश करूंगा कि जहां इतनी

[ श्री भारत भूषण बतरा ]
वेदना और इतने ज्यादा एक्सीडेंट होते हैं वे परिवार उस पोस्टमार्टम करने के प्रोसैस से बच जाएं और जल्दी से क्रिमेशन करके उस दुख की घड़ी से बच जाएं।

**Mr. Speaker:** I think this is a very good suggestion. Hon'ble Minister may please note it down.

**श्री भारत भूषण बतरा:** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर अपनी बात विस्तार से कहने का समय दिया और माननीय मुख्यमंत्री जी भी सदन में मौजूद हैं इसलिए मैं यही कहूंगा कि :—

तुफान कितना भी हो, हाथ उठाये रखना,
दल दल कितनी भी हो, पैर जमाये रखना,
कौन कहता है कि छलनी में पानी नहीं रूकता,
जब तक बर्फ न जमे, हाथ लगाये रखना।

**डॉ. हरिचन्द मिड्ढा :** अध्यक्ष महोदय, बजट के अन्दर जो दर्शाया गया है वह जीन्द में कुछ भी नहीं है। पानी की बहुत कमी है सड़कों की हालत खस्ता है। इसलिए मैं एक शेयर सुनाना चाहता हूं :—

आज लोग घरों से बाहर आने लगे हैं,
गाते-गाते चिल्लाने लगे हैं,
बदल दो पानी इस तालाब का,
इसमें गुलाब के फूल भी मुरझाने लगे हैं।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला:** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए अवसर प्रदान किया इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। अध्यक्ष महोदय, यह एक ऐसा दिशाहीन और नीरस बजट प्रस्तुत किया गया है जिससे कहीं भी कोई लाभ हासिल होता हुआ दिखाई नहीं देता है। इस सरकार की यह पुरानी आदत है। पिछले बजट अधिवेशन में भी टैक्स फ्री बजट सिर्फ मुफ्त में लोगों की वाहवाही लूटने के लिए प्रस्तुत किया गया था। पुराने वित्त मंत्री जो थे वे इस समय सदन में बैठे नहीं हैं उठकर चले गये। जब वे अपना रिप्लाई दे रहे थे उस समय मैंने उनसे एक आश्वासन चाहा था कि सरकार यह तो आश्वस्त करे कि इस बजट अधिवेशन के बाद कोई नये टैक्स नहीं लगाये जायेंगे लेकिन मेरी बात का कोई जवाब उस समय नहीं दिया गया था। बल्कि मुझे जो शंका थी वह सच्ची साबित हुई। ज्यों ही बजट अधिवेशन समाप्त हुआ तो 19 अप्रैल को हर चीज पर चाहे वह गेहूं, धान, चावल, कपास, कपड़ा या टायरों पर जो भी रोजमर्रा की इस्तेमाल की चीजें हैं उन सब पर वैट बढ़ा दिया गया। इस सरकार के लोग अपने चुनाव घोषणा पत्र में गला फाड़ फाड़ कर कहते थे कि हमारी पार्टी आयेगी तो वैट को समाप्त कर देंगें। समाप्त करना तो दूर रहा वैट को चार प्रतिशत से बढ़ाकर जिन्दगी की जरूरियात की चीजों पर पांच प्रतिशत कर दिया यानी 25 प्रतिशत टैक्स नये सिरे से लगा दिया गया। इसी प्रकार से सर्कल रेट कई दफा बढ़ाये गये, स्टॉम डयूटियां बढ़ाई गई जिसकी वजह से लोगों पर कितना आर्थिक बोझ पड़ा होगा यह आप स्वंय अंदाजा लगा लें। सरकार ने जो बजट पेश किया है उस बजट में कहीं भी किसी हिसाब से ऐसी चीज दिखाई नहीं देती जिससे लोगों को कोई राहत मिलती दिखाई देती हो। अध्यक्ष महोदय,

सबसे पहले तो मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि जब बजट प्रस्तुत हो रहा था और वित्त मंत्री जी अपना अभिभाषण दे रहे थे तो उस समय उस में से एक पैरा ड्रॉप करने की क्या आवश्यकता पड़ी थी। इसकी जरूरत ही नहीं थी। इसी प्रकार से इस बजट में गरीब लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दस हजार रुपये की जो अनुदान राशि थी उसको बढ़ाकर ग्यारह हजार रुपये करने का निर्णय लिया है इसके लिए हम आपकी सराहना करते हैं। अगर इस राशि को इक्कीस हजार रुपये कर दिया जाए तो हम और ज्यादा सराहना करेंगे लेकिन सदन में बजट सैशन चल रहा हो और प्रैस गैलरी में जाकर मुख्यमंत्री जी यह कहें कि हम ग्यारह हजार करने जा रहे हैं अध्यक्ष महोदय, क्या यह सदन की अवमानना नहीं है ?

**मुख्यमंत्री(श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** अध्यक्ष महोदय, मैंने ऐसा कोई ब्यान नहीं दिया। वित्त मंत्री जी मेरे साथ थे, यह तो उनका सुझाव था। मैंने कहा था कि वित्त मंत्री जी आपके सुझाव पर गौर करेंगें।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने ब्यान दिया है।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** अध्यक्ष महोदय, मैं ऑन दि फलोर आफ दि हाउस कह रहा हूं कि मैंने ऐसा कोई ब्यान नहीं दिया।

**श्री अध्यक्ष:** ठीक है क्लीयर हो गया।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** मुख्यमंत्री जी, क्या आपने यह पैरा भी नहीं कटवाया है ?

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** वह पैरा तो हाउस में ही कटवाया गया है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** आपने कटवाने के लिए कहा है, हाउस से कहां पूछा गया है।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री जी ने कहा है कि मैं यह पैरा ओमिट करता हूं। मैंने तो क्लैरीफिकेशन दी है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** वित्त मंत्री जी को तो इस बात का ज्ञान ही नहीं था। वित्त मंत्री जी ने तो कहा ही नहीं है, आपने ही बीच में उठकर कहा है।

**Mr. Speaker:** No, no he is the Finance Minister. Everybody has heard it.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** अध्यक्ष महोदय, सभी मैम्बर्ज यहां मौजूद थे और आप भी यहां मौजूद थे।

**श्री अध्यक्ष:** चौटाला जी, आप भी मौजूद थे वाली बात तो ठीक है लेकिन मैं वित्त मंत्री जी की स्पीच को सुन रहा था। जब इन्होंने उस पैरा को ओमिट किया तो इन्होंने अपनी स्पीच में यह कहा कि Para No. 97 may be omitted.

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे एक अनुरोध करूंगा कि आप जाते जाते तो कोई एक आध अच्छा निर्णय ले लें।

**श्री अध्यक्ष:** मैं कहां जा रहा हूं ?

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** ऐसा सुनने में आ रहा है कि आप मंत्री बनने जा रहे हैं और मैं आपको एडवांस में बधाई दे रहा हूं। बहुत अच्छी परम्परा है कि मुख्यमंत्री जी ने इस कुर्सी पर बैठने वाले जितने भी लोग थे उनको मंत्री बनाया है। एक पता नहीं बेचारे डॉ० कादियान के साथ कैसे ज्यादती हुई है। मुझे इन पर तरस आता है। मुख्यमंत्री ने भी इनके साथ ज्यादती की और आपने तो और ज्यादा ज्यादती की। आपने इनकी सीट भी चेयर के बिल्कुल सामने कर दी ताकि ये इसको देखते रहें। आपने इनको स्पैशली इस कुर्सी के सामने इसलिए बैठाया है ताकि ये सोचते रहें कि इस कुर्सी पर वे बैठा करते थे, उससे भी ये वंचित हुए और मंत्री पद भी इनको नहीं मिला। चलो यह तो मुख्यमंत्री जी का अधिकार है, मैं इसमें कुछ नहीं कहना चाहूंगा। (विघ्न)

**श्री रघुबीर सिंह कादियान:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। माननीय चौटाला साहब ने मेरा नाम लेकर एक बात कही है तो मैं इसके संदर्भ में एक बात कहना चाहता हूं। एक आदमी दूसरे को कहने लगा कि आपको शेर मिल जाए तो आप क्या करोगे ? तो उसने कहा कि शेर मिल जाए तो मैं भाग लूंगा। फिर वह बोला कि शेर भी भाग ले, तो बोला मैं वृक्ष पर चढ़ जाऊंगा। फिर वह बोला कि शेर भी वृक्ष पर चढ़ जाए तो क्या करोगे। फिर वह बोला कि पहले यह बताओ कि आप मेरे फेवर में हो या खिलाफ हो ? (हंसी)

**श्री अध्यक्ष:** चौटाला साहब, यह सवाल तो मैं भी आपसे पूछ रहा हूं कि आप मेरे हक में हो या खिलाफ हो ?

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी भी सराहना कर रहा हूं और आप की भी सराहना कर रहा हूं। दोनों को एडवांस मे बधाई दे रहा हूं। मैं तो यह कह रहा हूं कि मुझे इनके ऊपर तरस आता है। इस बेचारे का ऐसा क्या कसूर था कि इनको मंत्री पद से वंचित रखा गया। (हंसी)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** अध्यक्ष महोदय, कौन मंत्री बनेगा, कौन नहीं बनेगा, यह तो मुख्यमंत्री के ऊपर है।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** यह तो मैंने कह ही दिया कि यह तो मुख्यमंत्री का अधिकार है।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** आपने बिल्कुल ठीक कहा है लेकिन आप तो वही बात कर रहे हैं जैसे एक दूसरे को कहने लगे कि-केड़ा प्रशाद बनाया है तो दूसरा कहने लगा कि सानूं की। फिर पहला बोला तुआडे वास्ते बनाया है, तुवानूं की तां सानूं की।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** अध्यक्ष महोदय, यह तो मैंने पहले ही कह दिया है कि यह तो मुख्यमंत्री का अधिकार है कि किसको मंत्री बनाएं, किसको मंत्री न बनाएं। मैं इस विषय में कुछ नहीं कहना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, बजट पर चर्चा चल रही है। इस बजट के प्रति हर हरियाणा वासी की एक उम्मीद होती है कि लोगों को किसी प्रकार की कोई सुविधा इस बजट से मिले। लेकिन जिस प्रकार से यह बजट प्रस्तुत किया गया है, उससे आम लोगों की एक शंका और बढ़ रही है। इसमें कहीं भी किसी प्रकार का कोई रिलीफ तो दिया नहीं गया है उल्टा लोगों के ऊपर कर्जे का बोझ और बढ़ता जा रहा है। पिछले बजट अधिवेशन में सरकार की तरफ से जो रिपोर्ट आई थी उसके आधार पर कर्जे की राशि 52702 करोड़ रुपये थी और इस साल के अंत में वह राशि बढ़कर 60437 करोड़ रुपये होने जा रही है। अध्यक्ष महोदय, इनके अपने सरकारी आंकड़ों

के हिसाब से अगर मैं बताऊं तो हरियाणा बनने के बाद 39 साल के अरसे में जो कर्जा था वह केवल 23 हजार करोड़ रुपये था। इनकी सरकार बनने के बाद कर्जा हर वर्ष निरंतर बढ़ा है। वर्ष 13.00 बजे 2005-06 में 26268 करोड़ रुपये, 2006-07 में 27514 करोड़ रुपये, 2007-08 में 28649 करोड़ रुपये, 2008-09 में 31817 करोड़ रुपये, 2009-10 में 39230 करोड़ रुपये, 2010-11 में 46743 करोड़ रुपये, 2011-12 में 53132 करोड़ रुपये और अब 2012-13 में यह बढ़कर 60437 करोड़ रुपये होने जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, सरकार कर्ज लिया करती है और लेना भी चाहिए लेकिन उस कर्ज के पैसे का सदुपयोग होना चाहिए। आज प्रदेश में हालत यह है कि विकास के नाम पर कोई प्रोग्रेस नहीं है और कहीं कोई काम नहीं हो रहा है। हर स्तर पर विकास के नाम पर बहुत परेशानी है। हमारा प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है। आज किसान की हालत सबसे ज्यादा दयनीय है। आज किसान को पानी, बिजली और खाद आदि कुछ नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ बिजली और खाद के रेट भी बढ़ाये जा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, पिछले साल डी.ए.पी. का रेट 2000 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा है और अभी फिर चर्चा है कि यूरिया के दाम बढ़ने जा रहे हैं। यदि किसान का उत्पादन निरंतर घटेगा और लागत मूल्य बढ़ेगा तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था चरमरा जायेगी। यही कारण हैं कि आज इन को कर्जे के ब्याज की किस्त अदा करने के लिए निरंतर कर्ज लेना पड़ रहा है। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने आमदन के जराया 37327 करोड़ रुपये के दिखाये हैं और अभी सम्पत सिंह जी भी इस बारे में कह रहे थे। इसका 40 प्रतिशत तो कर्ज के ब्याज की अदायगी में चला जायेगा और 40 प्रतिशत सैलरी तथा पैंशन आदि में चला जायेगा। इसके अतिरिक्त कुछ मैडीकल की सुविधा या दूसरी सुविधाओं में चला जायेगा फिर विकास के लिए कहां से पैसा बचेगा। ये सरकारी आंकड़े हैं। जब पैसा बचेगा ही नहीं तो विकास कहां से होगा। यही कारण है कि आज विकास की दृष्टि से हर स्तर के ऊपर निरंतर नुकसान होता जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, पिछले साल भी इसी प्रकार से टैक्स की रेशो बढ़ाई गई थी अभी प्रस्तावक तथा अनुमोदक ने यह भी कहा था कि प्रति व्यक्ति आमदन बढ़ी है और हरियाणा प्रदेश प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से दूसरे नम्बर पर है। अध्यक्ष महोदय, प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से हरियाणा दूसरे नम्बर पर हमारी सरकार के समय में भी था। अभी कहा गया कि 109227 रुपये सालाना प्रति व्यक्ति आय है। अध्यक्ष महोदय, आप भी जानते हैं और प्रदेश की हालत से वाकिफ हैं कि आज 5 से 10 प्रतिशत गिने-चुने लोग हो सकते हैं जिनके पास अथाह पैसा होगा लेकिन आम गरीब आदमी की हालत बहुत दयनीय है और निरंतर दयनीय बनाई जा रही है। जो बी.पी.एल. परिवार हैं उनको नीचे ले जाया जा रहा है। वृद्धों की पैंशन काटी जा रही है। इसके अतिरिक्त जो पीले और गुलाबी कार्ड धारक हैं उनके कार्ड भी काटे जा रहे हैं। किसी भी कैटेगरी को किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जा रही है। अध्यक्ष महोदय, आज प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से 90 प्रतिशत संख्या ऐसे लोगों की होगी जिनकी सालाना आमदन लाखों की नहीं है फिर उनका कैसे गुजारा होगा। अध्यक्ष महोदय, जहां तक राजस्व घाटे की बात है बजट में राजस्व घाटा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 करोड़ रुपये दिखाया गया है जबकि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और हमारे प्रदेश केकानून के मुताबिक राजस्व घाटा जीरो होना चाहिए था। इस प्रकार से सरकार ने न केवल खुद के बल्कि भारत सरकार के कानून की भी धज्जियां उड़ाई हैं और बजट में दिए गए आंकड़ों की विश्वसनियता पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अध्यक्ष महोदय, यदि बजट का गहराई से आंकलन किया जाये तो विकास के नाम पर कहीं कोई खर्च नहीं हो रहा है। यदि मैं सभी स्कीम्ज का विस्तार से उल्लेख करूंगा तो बहुत समय लगेगा लेकिन आप

[ श्री ओम प्रकाश चौटाला ]

इसी से अंदाजा लगायें कि विकलांगों के लिए 22 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान रखा गया है और उसमें से 11 करोड़ रुपये प्रशासनिक खर्चे में खर्च हो जायेगा यानी 50 प्रतिशत पैसा तनख्वाह आदि में चला जायेगा।

इसी प्रकार से आज 80 करोड़ रुपये की बात कही गई थी कि सरकार द्वारा 80 करोड़ रुपये हरियाणा प्रदेश में फ्लड की रोकथाम के लिए रखा गया है। इस 80 करोड़ रुपये में से 45 करोड़ रुपये बाढ़ रोकने के लिए नहीं बल्कि प्रशासनिक अमले पर खर्च होगा और इस प्रकार से बाढ़ की रोकथाम के लिए महज़ 35 करोड़ रुपये ही बचते हैं। मुख्यमंत्री जी ने यह भी दावा किया था कि ओटू हैड की खुदाई करवाई गई है जिससे लोगों को बहुत फायदा पहुंचाया गया है। यह मैं मानता हूं कि ओटू हैड की खुदाई से लोगों को फायदा हुआ होगा लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार ने ओटू हैड की खुदाई के लिए 47 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया था। सरकार ने ऐसे ठेकेदारों को इसकी खुदाई का ठेका दिया जिन्होंने खुदाई से निकली मिट्टी को ही बेचना शुरू कर दिया। इस बारे में मैं एक बात यह बताना चाहता हूं कि घग्गर एक ऐसा दरिया है जो अपने साथ सबसे ज्यादा मिट्टी लेकर आता है। वह मिट्टी इतनी ज्यादा उपजाऊ होती है कि खाद का काम करती है। अगर सरकार अनुमति दे तो उस मिट्टी को तो लोग ऐसे ही उठाकर ले जाना चाहते हैं। इसके अलावा उसको हर साल जितना भी खोदा जायेगा वह उतनी ही भरती भी जायेगी लेकिन सरकार ने कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए 47 करोड़ रुपये का ठेका दे दिया। अध्यक्ष महोदय आप स्वयं जाकर देखना, वह हर साल भर जाता है। उस मिट्टी से उसके बैंक मजबूत बनाये जाते और सड़कें बनाई जाती तो आवागमन के साधन सुलभ होते और सरकार को भी उससे कुछ आमदनी होती लेकिन इसको इस नज़रिये से उपयोग नहीं किया गया बल्कि उनको डबल मुनाफा दिया गया। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से सरकार द्वारा माईनर इरीगेशन के लिए नौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और नौ का नौ करोड़ ही प्रशासनिक अमले पर खर्च होगा। इससे किसान को एक नये पैसे का भी लाभ नहीं होगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने लोगों को सिंचाई की सुविधा निशुल्क देने का निर्णय लिया था। हमने निर्णय लिया था कि उनसे कोई पैसा न लिया जाये क्योंकि जितना पैसा उनके लिए रखा जाता है उससे उनको कोई फायदा नहीं होता और वह सारे का सारा पैसा तनख्वाहों में और दूसरे खर्चों में चला जाता है। किसान को कोई लाभ नही होता था इसलिए हमने यह निर्णय लिया था क्योंकि इसमें सरकार का भी कोई एक्सट्रा पैसा नहीं लगना था और लोगों को लाभ मिल जाता लेकिन इस सरकार ने आने के बाद उस स्कीम को रद्द कर दिया। इसके विपरीत उस पैसे को नये सिरे से और बढ़ाकर उनसे वसूल करना शुरू कर दिया। अध्यक्ष महोदय, इस वर्ष के जो भी आंकड़े लिखे हैं चाहे वे सिंचाई के बारे में हो, बिजली के बारे में हों, यातायात के बारे में हों, शिक्षा के बारे में हों, बिजली के बारे में हों, समाज कल्याण के बारे में हों, शहरी विकास के बारे में हों या सड़कों के निर्माण के बारे में हों, उनके ऊपर बहुत ज्यादा चर्चा सदन में चली है। मुख्यमंत्री जी तो जहां भी जाते हैं वहां हैलीकॉप्टर से जाते हैं इसलिए इनको सड़कों की वास्तविक हालत के बारे में नहीं पता है। अपने मंत्रियों को भी इन्होंने ऊंची कारें दे दी हैं ताकि किसी को भी सड़कों की वास्तविक हालत का पता न चल पाये लेकिन अगर प्रदेश के अंदर जाकर अगर देखा जाये तो सड़कों की जो दयनीय हालत है वह ऐसी है कि यह पता नहीं चलता कि सड़क में गढ्ढे हैं या फिर गढ्ढों में सड़क है। सड़कों की दयनीय हालत के कारण लोगों को कितनी मुश्किलात का सामना करना पड़ रहा है

उससे उनको निजात दिलाने के लिए कितनी राशि खर्च की जाये इसका भी कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है। इसी प्रकार से औद्योगिक नीति का भी बड़ा जिक्र किया गया है कि हरियाणा प्रदेश में उद्योगों का काफी विकास हुआ है। अध्यक्ष महोदय, हमने तो सरकार को पहले भी कई मर्तबा कहा था कि सरकार इस बारे में श्वेत पत्र जारी करे लेकिन सरकार ने नहीं किया। मुख्यमंत्री जी कई मर्तबा विदेशों के दौरे भी करके आये और आने के बाद प्रैस कांफ्रैंस बुला करके ब्यान भी दिये कि हरियाणा में इतना विदेशी निवेश आयेगा और इतने उद्योग-धंधे स्थापित होंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं यह रिकार्ड की बात बता रहा हूं कि वर्ष 1999 में जब हमारी सरकार बनी उस समय रजिस्टर्ड इण्डस्ट्रीज़ की संख्या 945 थी और वर्ष 2004 में जब हमारी सरकार गई तो इस अरसे के दौरान इस संख्या को हमने बढ़ाकर 1435 तक पहुंचाने का काम किया क्योंकि हम समझते थे कि जब तक प्रदेश में उद्योग-धंधे स्थापित नहीं होंगे तब तक बेरोज़गारी का मसला हल नहीं होगा। मैं समझता हूँ कि लोगों को रोज़गार देना बहुत जरूरी होता है ताकि बेरोजगार नवयुवक सही रास्ते से भटककर क्राईम के रास्ते पर न जायें। बेरोजगार युवकों को रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए उद्योग-धंधों की स्थापना बेहद जरूरी है। इसलिए हमने उद्योग-धंधों को बढ़ावा देकर उनकी संख्या 1435 तक पहुंचाया लेकिन कांग्रेस सात साल के कुशासन के दौरान हरियाणा प्रदेश में रजिस्टर्ड उद्योगों की संख्या घटकर 1,091 रह गई है। फिर भी ये कहते हैं कि बहुत सी इण्डस्ट्रीज पाईपलाईन में हैं। वह पाईपलाईन लम्बी होती जा रही है और पता नहीं वह कहां तक बढ़ेगी। (विघ्न)

**श्री भारत भूषण बतरा :** स्पीकर सर, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है। श्री चौटाला जी ने इस समय हरियाणा प्रदेश में 1,091 रजिस्टर्ड इण्डस्ट्रीज़ की संख्या बताई है जो कि वास्तव में 10,513 है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** स्पीकर सर, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है। जैसा कि बतरा जी ने आंकड़ा भी दे दिया है। सबसे बड़ा पैमाना किसी प्रदेश के अन्दर उद्योग और निवेश का यह है कि कितनी इनवैस्टमैंट स्टेट के अंदर इण्डस्ट्री के तौर पर आई है।

अध्यक्ष महोदय, जब से हरियाणा बना है तब से और मार्च 2005 तक जब चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सरकार बनी है यानी 1 नवम्बर, 1966 से मार्च 2005 तक लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। मुझे यह बताते हुये खुशी हो रही है कि पिछले 7 वर्षों में लगभग 39 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और लगभग 80-90 हजार करोड़ रुपये के प्रोजैक्ट इस समय पाईपलाईन में हैं और सी०एम०आई० जो एक इंडिपैंडैंट इण्डस्ट्री की ऑरगेनाईजेशन है उन्होंने भी यह कहा है कि हरियाणा हिन्दुस्तान में पहला प्रान्त है जहाँ 84 परसैंट of all the committed investment comes on the ground. During Chautalaji's tenure, we were at $14^{th}$ number in terms of per capita investment. I am very happy to say that under Chaudhary Bhupinder Singh Hooda's Government, Haryana is now at No. 1 in India in per capita income. (Thumping)

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मैंने तो जो सरकारी आँकड़े हैं वे प्रस्तुत किये हैं और उस पर भी ये प्वाइंट ऑफ ऑर्डर की बात करते हैं फिर भाषण देना शुरू कर देते हैं। या तो मैं गलत हूँ या ये आँकड़े गलत हैं। अगर मैं गलत हूँ तो सरकार मेरे खिलाफ एक्शन ले और अगर आँकड़े गलत हैं तो सरकार की जिम्मेदारी है कि उन आँकड़ों को ठीक करने का काम करे। आज

[ श्री ओम प्रकाश चौटाला ]

कानून व्यवस्था की स्थिति सबसे ज्यादा दयनीय है और बजट में कानून व्यवस्था के नाम पर कोई पैसा खर्च करने का उल्लेख ही नहीं किया गया है। क्या प्रदेश के लोगों को इसी पर छोड़ दिया जाये कि वे अपनी सुरक्षा स्वयं करें। कानून व्यवस्था के नाम पर आज सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग हो रहा है। कानून व्यवस्था के नाम पर लोगों को सरकारी गाड़ियाँ प्रोवाईड की गई हैं। आप सरकार से पूछ कर इस बात का अंदाजा लें कि कहाँ-कहाँ कितनी गाडियाँ इस्तेमाल की गई ? किन-किन लोगों को सिक्योरिटी प्रोवाईड की गई ? अध्यक्ष महोदय, आप सुन कर हैरान होंगे कि हरियाणा सरकार की सिक्योरिटी पंजाब में भी है, हरियाणा सरकार की सिक्योरिटी के लोग उत्तर प्रदेश में भी हैं और हरियाणा सरकार की सिक्योरिटी के लोग राजस्थान में भी हैं। पैसा हरियाणा का खर्च होता है और सिक्योरिटी अपने मंजूरे नजर लोगों को दूसरे प्रदेशों में दी जा रही है। वह सिक्योरिटी छिपाने का एक तरीका अख्तियार कर लिया है अध्यक्ष महोदय, वह सिक्योरिटी कागजों में दर्ज नहीं की जाती है सिक्योरिटी वैसे ही दी जाती है। उसका कहीं उल्लेख नहीं है और सरकार का पैसा जा रहा है। आज हालत यह है, जैसा मैंने बताया था कि मुख्यमंत्री केवल स्पीकर की कुर्सी पर बैठने वालों पर मेहरबान नहीं है सरकारी अधिकारियों पर भी बड़े मेहरबान हैं। जो भी अधिकारी रिटायर होते हैं उनको सारी सुविधाएं दी जाती हैं। ठीक है दी जायें सुविधाएं।

**श्री अध्यक्ष :** आप पर भी बहुत मेहरबान हैं।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** ठीक है सुविधाएं दी जायें। सी०आई०डी० के ए०डी०जी०पी० रिटायर हुये और जिस दिन रिटायर हुये उसी दिन उनको फिर से नौकरी दे दी और आज उसी दफ्तर में बैठे हुये हैं वहीं गाड़ियाँ लिये हुये हैं और उसी प्रकार से ऑर्डर चल रहे हैं। इस प्रकार से तो प्रशासन पंगु बन जायेगा और दूसरे अधिकारी डिमोर्लाईज हो जायेंगे। लोगों को इन्साफ कैसे मिलेगा और आज हालत इस प्रकार की है कि किसी को पता ही नहीं कि इन्साफ कैसे मिलेगा ? कानून व्यवस्था की स्थिति का मैं लम्बा चौड़ा उल्लेख नहीं करूँगा। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से स्वास्थ्य का भी जिक्र चला और स्वास्थ्य मंत्री ने भी जिक्र किया था। स्वास्थ्य की दृष्टि से भ्रूण हत्या का बड़ा जिक्र किया जा रहा है लेकिन आज तक किसी एक भी व्यक्ति के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। आज शिक्षा का स्तर उठाने की बहुत बात की जाती है कि हमने इतने कॉलेज बना दिये हैं। लेकिन सदन में बैठे किसी भी विधायक का या मंत्री का बच्चा सरकारी स्कूल में दाखिल नहीं है किसी भी अधिकारी का बच्चा सरकारी स्कूल में दाखिल नहीं है। शिक्षा का स्तर आज बहुत गिर गया है। इसलिए लोग प्राइवेट स्कूलों में जाते हैं। लेकिन आम गरीब आदमी की क्या हालत होगी ? वह अपने बच्चों को कैसे शिक्षित कर पायेगा ? अगर बच्चे किसी तरह जुगाड़ बिठा कर शिक्षा ग्रहण कर भी लें तो फिर उनको रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। नौकरियों में बंदरबांट का खेल हो रहा है।

**श्रीमती अनीता यादव :** अध्यक्ष महोदय, शिक्षा के बारे में जिला महेन्द्रगढ़ को बहुत पिछड़ा हुआ माना जाता था और कोई भी अध्यापक या अधिकारी वहाँ जाना नहीं चाहता था। इसलिए अगर किसी को सजा देनी होती तो उसको महेन्द्रगढ़ में भेजते थे। लेकिन आज हरियाणा को केवल एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय मिला है और वह भी महेन्द्रगढ़ जिले को मिला है। जब महेन्द्रगढ़ जैसे जिले पर मुख्यमंत्री जी ने कृपा दृष्टि करके केन्द्रीय विश्वविद्यालय दिया है तो शिक्षा का स्तर कहाँ से गिर गया। आज दुनिया के कोने-कोने से छात्र महेन्द्रगढ़ जिले में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ रहे हैं। जहाँ पर अफसरों को चौटाला साहब सजा के तौर पर महेन्द्रगढ़ भेजते थे लेकिन आज

ऑफिसर्ज खुश होकर महेन्द्रगढ़ जा रहे हैं तो शिक्षा का स्तर गिरा या ऊपर आया, आप ही बताएं। सर, ये इनका भाषण है जो ये समय-समय पर देते रहते हैं। इनकी कथनी और करनी में अंतर है और इस बारे में हरियाणा वासी सब जानते हैं। ये रैली तो है नहीं, इनको यहां बजट पर अपनी बात कहनी चाहिये थी।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, देखिए सरकार में किस प्रकार से कुप्रबंधन हो रहा है। यह मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि कैग की रिपोर्ट है, वह आपके सामने मैं प्रस्तुत करना चाहूँगा। वर्ष 2011 में विकास से जुड़े हुए लगभग विभिन्न विभागों का कुल बजट प्रावधान जो था वो लगभग 43000 करोड़ रुपये था और इसमें लगभग 95000 करोड़ रुपये यानी कि तकरीबन कुल बजट का पांचवा हिस्सा सरकार ने बिना खर्च किए ही वापस लौटा दिया। यानी एक तरफ तो सरकार टैक्स फ्री बजट दे रही है और दूसरी तरफ जहाँ सरकार को कहीं से पैसा मिल रहा है किसी अच्छे काम के लिए, उस पैसे का ठीक से इस्तेमाल नहीं होगा तो दोनों तरफ से जब मार पड़ेगी तो फिर घाटा बढ़ेगा कि नहीं बढ़ेगा ? आज इससे ज्यादा अजीब बात क्या होगी कि इस प्रकार पैसा बिना लोगों की भलाई के खर्च हुए वापस जा रहा है। ये मैं नहीं कह रहा हूँ कैग रिपोर्ट के वोल्यूम नं० 1 के पेज 39 पर लिखा है। आप रिकॉर्ड मंगवा के देख लें, इन्होंने ये पढ़ा हुआ है भारत सरकार के कई विभागों एवं योजनाओं का जो ढिंढोरा ये सरकार पीटती है इसके नाम पर खर्च किस प्रकार से होता है यह आप देखिये। सर्वशिक्षा अभियान का लगभग 100 करोड़ रुपया खर्च नहीं किया गया। अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत लगभग 180 करोड़ रुपया खर्च हुए बगैर रह गया अभी तक खर्च नहीं किया गया। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत लगभग 110 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए। ये मैं कैग की रिपोर्ट के अनुसार बता रहा हूँ। अध्यक्ष महोदय ,पिछड़े वर्ग के 10वीं पास बच्चों के लिए मिले लगभग 3000 करोड़ रुपये में से हैरानी की बात है, इससे शर्मनाक बात क्या होगी कि 405 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और 2500 करोड़ रुपया बिना खर्च किए पड़े हैं। यानी जिन लोगों के लिए बाहर से पैसा आता है और वह पैसा गरीब लोगों की भलाई पर खर्च हो सके वह भी ये करने के लिए तैयार नहीं हैं। इसी प्रकार से केन्द्र के विभिन्न योजनाओं के लगभग 15000 करोड़ रुपये प्रदेश की सरकार ने लगभग 6000 करोड़ रुपये बिना खर्च वापस लौटाए। 15000 करोड़ रुपये में से 6000 करोड़ रुपये खर्च हुए। आज हरियाणा में सरकारी कम्पनियों पर 6376 करोड़ रुपये के निवेश पर मात्र 2.48 करोड़ रुपये खर्च हुए यानी उन गरीब वर्ग के मजदूरों को उनका हक मिल जाता लेकिन सरकार कहती है ये तो बाहर के मजदूर आते हैं। बाहर से आएं या कहीं से भी हों, यदि किसी ने मजदूरी की है तो उसको लाभ मिलना चाहिए और हैरानी की बात ये है कि उस पर वो पैसा जो है उनकी भलाई के लिए खर्च नहीं किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, कैग की रिपोर्ट में आप देखें हर विभाग के अन्दर चाहे वो श्रम एवं रोजगार का विभाग है, चाहे वो सिंचाई विभाग हो........

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब आपको बोलते हुए 32 मिनट हो गए हैं।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** स्पीकर सर, ये पाबंदी सिर्फ मेरे ही ऊपर है। आप हैरान होंगे कि प्रस्तावक और अनुमोदक दोनों एक-एक घंटा बोले हैं किसी ने ये नहीं कहा कि टाइम हो गया है। जब मैं बोलना शुरू करता हूँ तब आप आ जाते हैं, और जब और कोई बोलता है तो उपाध्यक्ष महोदय को चेयर दे देते हैं आपने मेरे से कोई विरोधाभास है क्या ? आप अगर मुझे सुनना नहीं चाहते तो मैं तो बैठ जाता हूँ किसी और को बुला लीजिए ! ईफ और बट मेरे ही नाम पर क्यों लगाए जाते हैं, अब आप प्वायंट ऑफ ओर्डर सुनना शुरू कर देंगे।(शोर एवं व्यवधान)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, on point of order. He has yielded Sir, Sir, I have asked you. (Interruption) He has yielded that is why I am standing. I am not interrupting him. सर, आदरणीय चौटाला जी ने ये कहा कि बहुत सारे मजदूर जो बाहर से हरियाणा की पब्लिक सैक्टर अंडर टेकिंग्ज में आते हैं, उनको मजदूरी नहीं दी जाती। अध्यक्ष महोदय, ये बात सरासर असत्य है। किसी P.S.U के अन्दर बाहर से मजदूर बुलाकर हरियाणा सरकार एंगेज नहीं कर रही। रैगुलर इम्पलोयी हैं उनको पूरी तन्खवाह पे-कमीशन के अनुसार दी जा रही है। अगर इनके कोई नोटिस में हैं तो बताएं, नहीं तो कम से कम इस सदन को गुमराह न करें।

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, श्री सम्पत सिंह 39 मिनट बोले हैं, श्री बी०बी० बत्रा 30 मिनट बोले हैं, और आप तो 32 मिनट बोले हैं।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** आपको इतना कष्ट करने की जरूरत ही नहीं है। मैं तो आपके कहने से बैठ जाता हूँ। लेकिन इस प्रकार का यह ठीक रवैया नहीं है।

**श्री अध्यक्ष :** नहीं फिर भी बता देता हूँ। प्लीज कैरी ऑन। आप 32 मिनट बोले हैं।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** सर, इस प्रकार से ये कोई ठीक है ? आप जैसे जिम्मेवार आदमी एक जिम्मेवार कुर्सी पर बैठे हुए हो, आपको तो एक कस्टोडियन के रूप में सबके साथ एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।

**श्री अध्यक्ष :** चौटाला साहब, मैं आपको सारे फैक्ट्स बता देता हूँ कि गवर्नर एड्रैस पर आप कितना बोले और ये कितना बोले।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** स्पीकर सर, मुझे बोलने नहीं दिया जाता, मुझे तो इंटरप्ट किया जाता है। हैरानी तो इस बात की है कि आपके द्वारा लोगों को उत्साहित किया जाता है। आप बुला-बुला के पूछते हैं कि आपका प्वॉयंट ऑफ आर्डर था।

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला):** अध्यक्ष महोदय, चौटाला साहब इसलिए बैठना चाहते हैं कि जो पांच पन्ने लिखकर लाये थे वे पूरे हो गये हैं।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** स्पीकर सर, अगर इनकी बात ठीक है तो आपको तो आपत्ति होनी ही नहीं चाहिए, फिर तो मुझे बोलने देना चाहिए।

**श्री अध्यक्ष:** चौटाला साहब, गवर्नर एड्रैस पर ट्रेजरी बैंचेज से कुल 175 मिनट बोले। अपोजीशन बैंचेज में दो पार्टियां नामत: आई०एन०एल०डी०190 मिनट और बी०जे०पी० 52 मिनट बोली है। These are the House figures चौटाला साहब आपका यह कहना कि अपोजीशन को बोलने नहीं दिया जा रहा है, बेबुनियाद है। आप 32 मिनट बोल चुके हैं। it's my duty as Speaker to you tell you that you have spoken for 32 minutes. इसमें क्या गलत कह दिया आपको।

**श्री ओम प्रकाश चौटाला:** स्पीकर सर, बजट पर 11.15 बजे बहस शुरू हुई थी और मुझे आपने जब एक बजने में पांच मिनट कम थे तब बोलने के लिए समय दिया था यह मैं हाउस में लगी हुई घड़ी के हिसाब से बता रहा हूं।

**श्री अध्यक्ष:** चौटाला साहिब, मेरे पास भी यही घड़ी है। और मैं इसी को देख कर बता रहा हूँ।

**श्री ओमप्रकाश चौटाला :** आपके यहां कोई न्यारी घड़ी है क्या ?

**Mr. Speaker :** No, I have this. यह हाउस का रिकार्ड है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, जो आपने मुझे बोलने का समय दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं और आपसे एक व्यवस्था भी चाहता हूं कि जो आप टाईम गिनवाते हो उसमें से जो इंटरप्शन होता है उस समय को हमारे टाईम से निकाल दिया करें।

**श्री अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप खुलकर बोलिये।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट रखा और माननीय श्री सम्पत सिंह जी ने प्रस्तावक के रूप में और माननीय श्री भारत भूषण बतरा ने अनुमोदक के रूप में उस बजट की बहुत तारीफें की हैं, करनी भी चाहिएं। श्री सम्पत सिंह जी आज ट्रेजरी बैंचेज पर हैं तो आज उसकी खूबियां गिनायेंगे अगर इधर अपोजीशन में होते तो इसमें मीन मेख निकालने का काम भी यही करते। अध्यक्ष जी, यह बजट हरियाणा के तमाम वर्गों को निराश करने वाला बजट है। इस बजट में किसी भी वर्ग का चाहे वो किसान है, उद्योगपति है, कर्मचारी है, व्यापारी है किसी का भी कोई ख्याल नहीं रखा गया है। प्रो. सम्पत सिंह बोलते हुए कह रहे थे कि घाटा कम हो रहा है। अध्यक्ष जी, मैं वित्त मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जब कर्जा भी बढ़ रहा है और खर्चा भी बढ़ रहा है तो घाटा कम कैसे होगा ? यह वे अपने जवाब में बतायें। अध्यक्ष जी, बढ़ते कर्ज के बावजूद राजकोषीय वित्तीय घाटा गत वर्षों से कम कैसे होगा यह तो वित्त मंत्री जी ही बता सकते हैं। बजट भाषण में पैरा नं. 33 पर बजट अनुमान प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि "2012-13 के कुल खर्च भुगतानों को छोड़कर"। मैं वित्त मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वो भुगतान कौन से हैं जिनको छोड़ा जा रहा है। क्या वे भुगतान रिपेमैंट आफ लोन हैं या कोई दूसरे भुगतान हैं जिनको 45,318.93 करोड़ दर्शाया गया है अगर उनको जोड़ दिया जाये तो घाटा कम कैसे होगा बल्कि घाटा तो और बढ़ जायेगा। यही नहीं वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में पेज नं.29 पैरा नं.97 पर कहा है (विघ्न) कि दिनांक 1.4.2012 से चीनी और कपड़े पर 5 परसैंट की दर से कर लगाने का निर्णय लिया है, लेकिन भाषण के दौरान वित्त मंत्री जी ने कहा कि इस प्रस्ताव को ओमिटिड माना जाए। वित्त मंत्री जी, मैं जवाब के दौरान जानना चाहूंगा कि यदि ऐसा है तो राजस्व प्राप्ति के अनुमान सही कैसे हो सकते हैं क्योंकि आपने अपनी प्राप्तियों में इस पांच फीसदी वैट से आने वाले राजस्व को जोड़ा होगा। इसी तरह से अध्यक्ष जी, वित्त मंत्री जी ने 11वीं योजना से पहले चार वर्षों में 9.3 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर हासिल की, उसमें कितनी सत्यता है यह तो समय ही बताएगा। इसी प्रकार सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 9.6 परसैंट की विकास दर हासिल करने का अनुमान अनुमान ही रहेगा क्योंकि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद दर पिछली तिमाही में गिरकर 6.8 फीसदी रह गई है। इसका असर विकास की गति पर नहीं पड़ेगा तो किस पर पड़ेगा? इस पर विश्वास करना मुश्किल है। इसी तरह से पेज नंबर 2 के अनुसार राज्य सकल घरेलू उत्पाद कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान वर्ष 2004-05 में 23 फीसदी था और यह 2011 में घटकर 16.3 फीसदी रह गया। अध्यक्ष महोदय, एक कृषि प्रधान प्रदेश के लिए यह एक चिंता का विषय है। बिजली कंपनियों के घाटे और बिजली उपभोक्ताओं द्वारा लगभग 3900 करोड़ रुपये

[ श्री कृष्ण पाल गुर्जर ]

के बिलों के भुगतान के बारे में राज्य सरकार क्या कर रही है ? इसी तरह उद्योग जगत के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। क्षेत्रवार आवंटन बजट भाषण के पैरा नंबर 134 के अनुसार ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। प्रो० संपत सिंह जी ने कहा कि बजट का 70 फीसदी पैसा सेलरी, पेंशन और लोन के रीपेमेंट पर खर्च नहीं होता है। यह मैं नहीं कहता, यह इनका बजट का ऐट ए ग्लांस कहता है कि कितना परसैंट किस पर खर्च आ रहा है, बजट के पेज नंबर 5 पर आप देखेंगे कि इंट्रैस्ट 9.65 परसैंट है, इसी तरह अगर आप देखेंगे तो पाएंगे कि इन्ट्रैस्ट पेमेन्ट रेवेन्यू रिसीट 14.09 परसैंट है और सेलरी पर खर्च 30.14 परसैंट और पेंशन पर खर्च 9.30 परसैंट है, यह इनका बजट ऐट ए ग्लांस कहता है। (विघ्न)

**प्रो०संपत सिंह :** अध्यक्ष महोदय, क्योंकि श्री कृष्ण पाल गुज्जर ने पिन पॉइंट करके 2-3 बातें मेरे लिए कही हैं। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि जहां तक बजट घाटा है चाहे वह फिस्कल घाटा है चाहे प्राइमरी घाटा है, चाहे यह रेवेन्यू घाटा है उसके आंकड़े दर्शाते हैं कि वह बाकायदा घट रहा है। ऐसे ही सट्टे मारने का कोई फायदा नहीं है। सैलरी, पेंशन और लायबिलिटीज की जहां तक बात है उसके बारे में यह भी बता दूं कि यह जो पैरा पढ़ रहे हैं इस के साथ जनाब जो सैलरी वाला चैप्टर है, वह भी खोल लें। सेलरी एंड पेंशन ऐक्सपैंडीचर ऑफ दि स्टेट, इस बारे में आप 11 पेज पर देखें तो पाएंगे कि इस पर 14908 करोड़ रुपये खर्च होंगे और यह 54000 करोड़ रुपये में से होंगे। तो सर, यह जो परसैंटेज बैठती है सैलरी एंड पेंशन की, यह 27.33 परसैंट बैठती है। अब अपने अंदाजे से ये चाहे कहीं लगा लें। ये रेवेन्यू रिसीट के मुकाबले में कंपेरिजन कर रहे हैं। अकेली रेवेन्यू रिसीट नहीं होती हैं, कैपिटल रिसीट भी होती हैं, बोरोविंग रिसीट भी होती है। आपकी टोटल इंकम का जो हिस्सा है जो आपके पास आ रहा है और ऐक्सपैंडीचर जो हो रहा है, उसकी परसैंटेज देखी जाती है। It is not more than 27.33 percent.

जो लोन रिपेमेंट और इन्ट्रस्ट है that is not more than 26.56 % I am right पहले भी मैंने ठीक कहा है और अब भी मैं ठीक कह रहा हूं। ये अपने आंकड़े दुरूस्त कर लें। ऐसे टविस्ट करने से कोई बात नहीं बनती। अब ये कह देंगे और बाहर अखबारों में कह दिया था कि यह तो आंकड़ों की बाजीगिरी करता है। मैं बाजीगिरी नहीं करता, सर, मैं पढ़ता हूं और अपना समय लगाता हूं, कन्संट्रेशन रखता हूं।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, यह मैं नहीं कहता यह बजट एट ए ग्लांस कह रहा है और इसमें फिगर दर्शायी गई हैं। आप पेज न. 12 पर पढ़ लें। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से मैंने सवाल किया था, उसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में वर्ष 2010-2011 में पूंजी निवेश 6376 करोड़ रुपये हुआ। लेकिन उससे आमदनी कितनी हुई? मेरे एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री जी ने बताया था और जब ये अपना बजट का रिप्लाई दें तब भी बता दें। उस समय इन्होंने बताया था कि 0.04 प्रतिशत यानी दस प्रतिशत आमदनी होती तो 640 करोड़ रुपये का फायदा होता और अब 640 करोड़ को इसमें घाटा हुआ है, जो पूंजी निवेश इन्होंने किया। इसी तरह इन्होनें अपने जवाब में बताया था कि जो लोन इन्होंने दिया 2982 करोड़ रुपये और आमदनी 1.83 प्रतिशत हुई। अगर यह पैसा दस प्रतिशत ब्याज पर होता तो 240 करोड़ रुपये का अब नुकसान होता और इसी तरह से इन्होंने एक साल में 880 करोड़ रुपये

का घाटा पूंजी निवेश और लोन में कर दिया। इसको कम करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं, वित्त मंत्री जी अपने जवाब में बता दें। घाटा तो और बढ़ेगा क्योंकि हर चीज में घाटा हो रहा है। उसको घटाने की कोई बात नहीं की गई है। अध्यक्ष महोदय, आप देख रहे हैं जो प्रदेश में पाला पड़ा है और जिसके कारण फसलों का नुक्सान हुआ है, उसके बारे में इस बजट में कुछ भी नहीं कहा गया है। आज हरियाणा में युवा वर्ष मनाने की घोषणा की गई है लेकिन बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। किसान के लिए कुछ नहीं है। अध्यक्ष महोदय, बिजली की बहुत तारीफ की जा रही थी मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और मंत्री जी के ब्यान पढ़कर बता देता हूं। इन्होंने क्या कहा था कि तीन साल के अन्दर 24 घण्टे बिजली देंगे। बिजली मंत्री ने कहा था कि दो साल के अन्दर बिजली सरप्लस होगी। लेकिन न तो 24 घण्टे बिजली दी और न ही सरप्लस हुई है। सरप्लस की बात तो छोड़ दीजिए, किसानों के खेतों में बिजली नहीं है, उद्योगों में बिजली नहीं हैं छात्र पढ़ते हैं तो बिजली गायब रहती है ये लोग बतायें कि बिजली है कहां ? और इस बार तो हद ही कर दी। इस बार सर्दियों में किसानों को जो एक हफ्ता रात को बिजली मिलती थी और एक हफ्ता दिन में बिजली मिलती थी। लेकिन इस बार रात के 11 बजे से लेकर सुबह तीन बजे तक किसानों को बिजली दी गई। पूरी सर्दी किसान तड़पता रहा और दु:खी होता रहा। लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी। अध्यक्ष महोदय, आप देख रहे हैं कि बिजली के कारखाने लगाने से पहले ही खराब हो गये हैं और सात-सात महीने तक ठीक नहीं हो पाते। अब तो लोग यहां तक कहने लगे हैं कि कहीं ऐसा न हो कि जितनी लागत उन कारखानों को लगाने पर लगी है उतनी लागत उनकी मरम्मत पर न लग जाये। उसके लिए कौन दोषी है, सरकार जरा इसको देखे।

**श्रीमती अनिता यादव**: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से पूछना चाहूंगी कि इनके समय में कितने बिजली के कारखाने लगे और कितने खराब हुए क्योंकि जब कारखाने लगेगें नहीं तो खराब कहां से होंगे। जब इन्सान पैदा होता है तो इन्सान बीमार भी होता है। इसलिए जब इन्होंने कोई कारखाना लगाया ही नहीं तो खराब कहां से होगा।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर**: अध्यक्ष महोदय, मैं इस विषय पर इसलिए कहना चाहता हूं आप देखिए इन्होंने जो कर्जे बिजली के बिलों के 1600 करोड़ रुपये के माफ किये थे जो अब 3900 करोड़ रुपये हो गये। बिजली का घाटा 6600 करोड़ रुपये से पार हो गया। मुझे इसमें कहने की जरूरत नहीं है। मैं तो इनकी कही हुई बात दोहरा रहा हूं। 24 घण्टे सरप्लस बिजली देने की बात करते थे। इसमें मलाल करने की कोई बात नहीं है और अफसोस की बात भी नहीं है। हरियाणा की जनता जानना चाहती है कि 24 घण्टे बिजली यह सरकार कब देगी, वित्त मंत्री जी अपने जवाब में बता दें। पहले नहीं दे पाये अब बता दें। इनको मलाल करने की जरूरत नहीं है और इनको अफसोस करने की भी जरूरत नहीं है कि ये अपने वायदे पूरे नहीं कर पाए। अध्यक्ष महोदय, मैं इसलिए यह बात कहता हूं क्योंकि मुख्यमंत्री महोदय जी आम तौर पर कहते हैं कि चेहरे बदलने से कुछ नहीं होगा बल्कि व्यवस्था बदलनी पड़ेगी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आज व्यवस्था बदली है। इन्होंने कहा था कि 11 से 12 बजे तक अधिकारी अपने कार्यालयों में रहेंगें। क्या कोई अधिकारी इस टाइम में कार्यालय में रहता है। बहुत से अधिकारी साढे 10 या 11 बजे ऑफिस आते हैं और एक डेढ़ बजे चले जाते हैं फिर 4 बजे आते हैं। बहुत से अधिकारी तो बाद में आते ही नहीं हैं और गोल्फ खेलने चले जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, क्या ऐसे व्यवस्था बदलेगी ? जो अधिकारी भ्रष्टाचार के केसिज में जेलों में चले गए थे आज उन्हीं को आपने तरक्की दे दी। जो अधिकारी

[ श्री कृष्ण पाल गुर्जर ]

अपनी पूरी सर्विस में किसी का भला नहीं कर पाए वे आज क्या किसी का भला करेंगें। अध्यक्ष महोदय, व्यवस्था कहने से नहीं बदलेगी बल्कि अपनी कही बातों पर अमल करना होगा। अध्यक्ष महोदय, कृषि और किसान के बारे में मैं कहना चाहूंगा कि आज खेती करने वाले किसान की संख्या बहुत ज्यादा है और वही किसान इस धरती पर सबसे ज्यादा दुःखी है। आज किसान की जरूरत की सारी चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं लेकिन उसकी फसलों की कीमतें कम होती जा रही हैं। आज उसको बिजली नहीं मिलती है। खाद की कीमतें डबल हो गई हैं और बीज की कीमतें डबल हो गई हैं। आज नहरों में पानी नहीं है। आज किसान की फसल का खरीददार नहीं है। ऐसी स्थिती में किसान क्या करेगा ? आज डीजल मंहगा हो गया है। सरकार यह बताए कि जो गेहूं सड़ता है उसके भण्डारण के लिए सरकार ने पिछले समय में कितने गोदाम बनाए हैं ? इसी तरह गवर्नर एड्रैस पर बोलते हुए मेरे माननीय सदस्य नरेश शर्मा जी ने कहा था कि आज राम राज्य है। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि ग्राम राज्य के बगैर राम राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती, जो आजकल कहीं दिखाई नहीं देता। किसान तो आज दोहरे व्यवहार से भी दुःखी है। (विघ्न)

**श्रीमती अनिता यादव:** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट ऑफ आर्डर है कि बी०जे०पी० के सदस्य राम राज्य की बात करते हैं तो मैं इनको बताना चाहूंगी कि पिछली बार चौटाला जी के साथ इन्हीं का समझौता था। इनको यानी बी०जे०पी० को प्रदेश के हितों से कोई सरोकार नहीं है। ये जिसके साथ मर्जी होती है, समझौता कर लेते हैं। पिछली बार जब इनका किसी के साथ समझौता था तब इन्होंने कितना राम राज्य किया था, ये इस बारे में भी बता दें। (विघ्न) मैंने राम राज्य भी सुना है और ग्राम राज्य भी सुना है। राम राज्य भी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के राज में आया है और ग्राम राज्य भी इन्हीं के राज में आया है क्योंकि इन्होंने पंचायती राज के माध्यम से ग्राम पंचायतों को सम्मान दिया है और इनके राज में 36 बिरादरी खुश हैं। (शोर एवं व्यवधान) ओम प्रकाश चौटाला जी के समय में सरपंचों और पंचों को डांट मारकर और बेइज्जत करके भगाया जाता था और ऐसा ही सलूक चौटाला जी बी०जे०पी० के सदस्यों के साथ करते थे। ये तो चिकने घड़े की तरह हैं फिर भी वहीं जाते हैं जहां इन्हें तिरस्कार मिलता है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, मैं कोई गलत बात नहीं कर रहा हूं। मैं सिर्फ इतना ही कह रहा हूं कि जो सपने इन्होंने लोगों को दिखाए थे, वे सपने सपने नहीं रहे और वे सपने टूट गए। मुख्यमंत्री जी भूमि अधिग्रहण की बात कई बार कहते हैं और वित्त मंत्री जी भी कहते हैं। आज भूमि अधिग्रहण को लेकर किसान धरनों पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम फ्लोर रेट, कलैक्टर रेट और मार्किट रेट में जो सबसे ज्यादा रेट होता है उसको लेकर ही रेट तय करते हैं। अध्यक्ष महोदय, 1977-78 में जमीनों का मुआवजा 12 हजार रुपये प्रति एकड़ मिला था। लेकिन आज जमीनें मंहगी हो गई है। मार्किट रेट में जमीन 3-3 या 4-4 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से बिक रही है। अध्यक्ष महोदय, सरकार इस बारे में जवाब दे कि हरियाणा में जहां भूमि अधिग्रहण हो रही है वहां मार्किट रेट की रजिस्ट्रियां किस रेट पर हुई हैं। मैं दावे के साथ कहता हूं कि मार्किट रेट में जो रजिस्ट्रियां हुई है उसके आस पास के रेट के हिसाब से भी सरकार ने लोगों को मुआवजा नहीं दिया है। फिर ये कैसे कहते हैं कि जो ज्यादा रेट होता है हम उस हिसाब से मुआवजा देते हैं। आज 3-3, 4-4 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के रेट की भूमि 16-16, 42-42 लाख रुपये प्रति एकड़

के हिसाब से खरीदी जा रही है। फरीदाबाद में आई०एम०टी० बनाया गया और उसके लिए 16 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से करोड़ों रुपये की जमीन अर्जित की गई और बाद में जब किसानों ने धरना दिया तो उसका रेट 42 लाख रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया। पैसा देने के बाद भी रेट बढ़ा दिया गया। अच्छी बात है, परंतु ज्यादा बढ़ाते तो अच्छा रहता। उसी समय सैक्टर 75 और 80 में बढ़ौली, मिर्जापुर और नीमका गांव की जमीन 16 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से एक्वायर की गई है और सरकार ने आश्वासन दिया कि जिस तरह से आई०एम०टी० में जिन गांवों की जमीन एक्वायर हुई थी उनका मुआवजा बढ़ाया गया है उसी तरह से इनका मुआवजा भी बढ़ाया जायेगा लेकिन आज भी वहां के किसान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं उनका मुआवजा नहीं बढ़ाया गया। सरकार को इस तरह से किसानों के साथ दोहरा व्यवहार नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा कि भूमि अधिग्रहण को लेकर कई कैबिनेट के साथियों ने मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखे और कई बार ध्यान भी दिया।

**श्री अध्यक्ष :** उस पत्र में क्या लिखा गया ?

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी को लिखा गया कि भूमि अधिग्रहण कैसे हो और उस बारे में मुख्यमंत्री जी का ब्यान आया जो मैंने भी पढ़ा था कि भूमि अधिग्रहण का विरोध करने वाले बिल्डर्ज के दलाल हैं। (विघ्न)

**श्री रघबीर सिंह तेवतिया :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है कि माननीय सदस्य ने कहा है कि 16 लाख रुपये आई०एम०टी० के लिए जमीन अधिग्रहण करने के लिए दिए और इसके विरोध में धरना प्रदर्शन हुए। हम मानते हैं कि धरना प्रदर्शन हुए लेकिन उसके बाद मध्यस्था हुई और माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन पांचों गांवों को 46.20 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दोबारा 3 अरब 85 करोड़ मुआवजा दिया गया है।

**श्री अध्यक्ष :** तेवतिया जी, गुर्जर साहब इस बात के लिए सरकार को बधाई दे चुके हैं कि आई०एम०टी० के लिए 16 लाख से बढ़ाकर 46.20 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से सरकार ने मुआवजा दिया।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैं तो यह कह रहा हूं कि जो जमीन 75 और 80 सैक्टर के लिए एक्वायर की गई है उसके लिए भी आई०एम०टी० के हिसाब से ही मुआवजा दिया जाये। (विघ्न)

**श्री मोहम्मद ईलियास :** अध्यक्ष महोदय, हमारे जिला मेवात में भी सरकार ने किसानों की जमीन एक्वायर की है और उसका मुआवजा 16 लाख रुपये प्रति एकड़ रखा है। डेढ़ साल हो गये 9 गांवों के किसान उसको लेकर धरने पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री जी जब वहां जाते हैं तो हैलीकॉप्टर से जाते हैं। माननीय साथी तेवतिया जी ही बतायें कि क्या मेवात हरियाणा में नहीं है। मेवात भी आपके साथ लगता जिला है क्या वहां के किसानों को भी बढ़ाकर मुआवजा दिया जायेगा। तेवतिया जी इस बारे में बतायें।

**श्री अध्यक्ष :** मोहम्मद ईलियास जी, प्लीज आप बैठें। यह प्वायंट ऑफ आर्डर नहीं है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, जो कैबिनेट मंत्रियों ने पत्र लिखे थे उनके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी का ब्यान आया कि जो लोग भूमि अधिग्रहण का विरोध करने वाले हैं वे

[ श्री कृष्ण पाल गुर्जर ]

बिल्डर्ज़ के दलाल हैं। उसके बाद मैंने माननीय मंत्री जी का ब्यान भी दोबारा पढ़ा था उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मुंह से इस प्रकार की बातें शोभा नहीं देती। अब किस के मुंह से क्या शोभा नहीं देता यह मैं नहीं जानता लेकिन तब से माननीय मुख्यमंत्री जी ने उनके अंगूठे में कौन सा शहद लगाया है जिसे उन्होंने अपने मुंह में दे रखा है वे उस अंगूठे को चूसे ही जा रहे हैं, चूसे ही जा रहे हैं और अगर कभी अंगूठे को निकाल भी लेते हैं तो माननीय मुख्यमंत्री फिर उस पर शहद लगा देते हैं और वे फिर अंगूठा मुंह में ले लेते हैं लेकिन भूमि अधिग्रहण के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार में जो भूमि अधिग्रहण की नीति है उससे प्रदेश का किसान खुश नहीं है। मार्किट रेटों में एक-एक एकड़ ज़मीन कई-कई करोड़ रुपये में बिक रही है। इसलिए किसानों ने कहा है कि जो सबसे ज्यादा मार्किट रेट होगा वे उसी पर अपनी ज़मीन देंगे। इसलिए मैं यह चाहता हूं कि किसानों को मार्किट रेट के हिसाब से मुआवज़ा दिया जाये। स्पीकर सर, हमने गांवों में देखा है कि ज़मीन के लिए भाई-भाई का कत्ल तक कर देते हैं लेकिन आज उनकी सारी ज़मीनें हड़पी जा रही हैं। इस बारे में सरकारी की तरफ से कोई भी कुछ नहीं बोल रहा है और न ही कोई कुछ सोच रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों हो रहा है ? हमारा किसान ऐसा है जो न तो अपने खेत में पैदा होने वाली फसल का मूल्य तय कर सकता है और न ही अपनी ज़मीन की कीमत ही खुद तय कर सकता है। वह टकटकी लगाकर सरकार की तरफ देखता है। लेकिन सरकार है कि वह उनकी तरफ देखने का कष्ट ही नहीं करती। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को किसानों की तरफ देखना चाहिए और उनके दुःख और पीड़ा को समझकर दूर करना चाहिए। अब मैं अवैध कालोनियों के बारे में बात करना चाहूंगा। सरकार ने सात साल पहले कहा था कि हम अवैध कालोनियों को नियमित करेंगे लेकिन आज सात साल बाद भी इन कालोनियों के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और परेशान हैं, लेकिन सरकार इस बारे में कोई घोषणा नहीं कर रही है। सरकार ने 2009 के चुनावों के बाद यह कहा था कि हम इन कालोनियों को तीन महीने में रेगूलराईज़ कर देंगे। आज ढाई साल होने जा रहे हैं लेकिन सरकार इन अवैध कालोनियों को पक्का करने के बारे में सरकार कोई फैसला नहीं कर पाई। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को इस बारे में जल्दी ही कोई फैसला करना चाहिए। अब मैं बी०पी०एल० कार्डों के बारे में बात करना चाहूंगा। सरकार ने लाखों लोगों के बी०पी०एल० कार्ड बना दिये। गरीबों को 100-100 गज के प्लाट्स देने का निर्णय किया गया लेकिन लाखों लोग आज भी ऐसे हैं जिनको प्लाट नहीं मिले हैं। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि जिन लोगों को बी०पी०एल० स्कीम के तहत प्लॉट नहीं मिले हैं उनको जल्दी से जल्दी प्लॉट दिये जायें। इसके अलावा मैं सरकार से यह भी जानना चाहूंगा कि प्रदेश में कम से कम एक हज़ार पंचायतें ऐसी हैं जिनके पास बी०पी०एल० परिवारों को प्लॉट देने के लिए ज़मीन नहीं है। ऐसे मामलों में सरकार ने बी०पी०एल० परिवारों को प्लाट देने के बारे में क्या निर्णय लिया है ? इस स्कीम की अनांउसमैंट को काफी समय हो गया है, इसलिए वे सरकार की तरफ टकटकी लगाकर देख रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ-साथ मैं सरकार से यह भी जानना चाहूंगा कि क्या बी०पी०एल० परिवार गांवों में ही रहते हैं और क्या शहरों में बी०पी०एल० परिवार नहीं रहते हैं ? इसलिए जो शहरों में बी०पी०एल० परिवार हैं उनको प्लॉट देने के बारे में सरकार ने क्या व्यवस्था की है ? इसके अलावा बिजली बिलों की माफी में भी शहरों में रहने वाले गरीब लोगों की अनदेखी की गई है। प्लॉटों के मामले में भी शहर के गरीबों की अनदेखी की गई है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को ऐसा

दोगला व्यवहार नहीं करना चाहिए क्योंकि गरीब तो गरीब है चाहे वह शहर में रहे और चाहे वह गांव में रहे। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि अच्छी सरकार वही होती है जो सबको एक ही नज़र से देखे। इसी प्रकार से उद्योगों के बारे में भी हाऊस में सारी बातें आ चुकी हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार से हरियाणा प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि सरकार ने सेज के लिए कितने लाईसैंस दिये हैं ? कितने सेज बनकर तैयार हुए हैं ? अगर नहीं हुए तो वे कब तक तैयार होंगे ? जब सरकार की तरफ से जवाब आये तो इस बात का भी जिक्र किया जाये। अब मैं शहरी विकास की बात करना चाहता हूं। शहरी विकास का बजट कम कर दिया गया। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि क्या इस प्रकार से शहरों का विकास होगा ? इसलिए आज शहरों में सड़कें टूटी पड़ी हैं, पीने के पानी के लिए लोगों में हाहाकार है और पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। मैं चाहता हूं कि सरकार शहरों की इन समस्याओं को जल्दी से जल्दी दूर करने बारे कोई कारगर पग उठाये। इसके अलावा जहां तक हाऊस टैक्स की बात है इस बारे में मैं कहना चाहूंगा कि जब चुनाव आये तो शहर के निवासियों के हाऊस टैक्स को माफ कर दिया और जब चुनाव सम्पन्न हो गये तो हाऊस टैक्स को फिर से लगा दिया गया। इतना ही नहीं जो पुराना बकाया था उसकी भी रिकवरी कर ली गई अर्थात् जो माफी का पीरियड था सरकार ने उस पीरियड का भी हाऊस टैक्स वसूल कर लिया। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह शहर के निवासियों के साथ अन्याय नहीं है और अगर नहीं है तो फिर और क्या है ? ये लोगों को झांसा देते हैं, धोखा देते हैं और लोगों को * * * हैं। (विघ्न)

**Mr. Speaker :** Please remove word * * * from the proceedings of the House.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, सरकार लोगों को धोखा दे रही है। इसी तरह आप आज के समय में पूरे प्रदेश में सड़कों की हालत को देख लीजिए। काबिल मंत्री महोदय यहां पर बैठे हुए हैं। सड़कों की स्थिती के बारे में भी यहां पर विस्तार से चर्चा हो चुकी है। सभी माननीय सदस्यों ने सड़कों के बारे में अपने-अपने विचार रखे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको बड़े अफसोस के साथ एक बात और बताना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार ने 24 नई सड़कों की प्रपोज़ल भारत सरकार के पास भेजी लेकिन एक भी प्रपोज़ल वहां से पास होकर नहीं आई। इसी प्रकार से उत्तर प्रदेश सरकार नें 26 नई सड़कों की प्रपोजल केन्द्र सरकार को भेजी क्योंकि वहां पर चुनाव होने वाले थे इसलिए उनकी 26 सड़कों में से 22 सड़कों की प्रपोज़ल पास कर दी गई। आज मेरे हल्के तिगांव में जो सड़कों की दुर्दशा है उसके बारे में मैं बताना चाहूंगा। आप फरीदाबाद से दलेरपुर जाईए और उस सड़क की दुर्दशा को देखिए। अध्यक्ष महोदय इसकी हालत को आप भी देख सकते हैं और काबिल मंत्री जी भी देख सकते हैं। इसी प्रकार से फरीदाबाद से तिगांव सड़क की हालत भी बहुत ही ज्यादा खराब है, जिसको मौके पर जाकर देखा जा सकता है। इसी प्रकार से फरीदाबाद से मंझौली वाया जसाना और तिगांव से जसाना सड़क की दुर्दशा को भी मौके पर जाकर ही देखा जा सकता है।

ये प्रमुख सड़कें हैं जो वर्षों से टूटी पड़ी हैं और जहाँ आदमी पैदल भी नहीं चल सकता है। न साईकिल पर चल सकता है न स्कूटर पर और न कार में चल सकता है। आप खुद देखेंगे तो समझ जायेंगे कि हरियाणा नम्बर 1 कहाँ पर नजर आता है ? आज कानून व्यवस्था का क्या हाल है ? रोज हत्या, डकैती, अपहरण और चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ये सब बातें मैं नहीं

* इस शब्द को चेयर के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाला गया।

[ श्री कृष्ण पाल गुर्जर ]

कह रहा हूँ, ये आँकडे कह रहे हैं। अपराध लगातार बढ़ रहा है, हत्याएं बढ़ रही हैं, अपहरण बढ़ रहे हैं। यह तो वही हाल हो गया कि सरकार नहीं रोडवेज की बस हो गई जिसमें लिखा होता है कि सवारी अपने सामान की स्वयं जिम्मेदार होगी। अध्यक्ष महोदय, यह बड़ी गम्भीर बात है। जिस प्रदेश में लोगों के जान माल की सुरक्षा नहीं रहेगी वह प्रदेश कभी उन्नति नहीं कर सकता। मैंने पिछली बार भी कहा था अध्यक्ष महोदय, कि कुण्डली-मानेसर हाईवे तथा पंचकूला में एग्रो मॉल कब तक तैयार हो जायेगा ?

**श्री अध्यक्ष :** आप वाइंडअप कीजिए।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहते हुए समाप्त करना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, मेरी आँखों को रोग लग गया है, चश्में का नम्बर बढ़ गया है, मैं डॉक्टर के पास गया और कहा कि डॉक्टर साहब, मेरी आँखों का इलाज कीजिए तो डॉक्टर ने कहा कि इसका इलाज मेरे पास नहीं है, तो मैंने कहा कि किसके पास है तो उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के पास है। मैंने पूछा कि वह कैसे, तो डॉक्टर ने कहा कि वह अधिकतर नम्बर एक की बात करती रहती है। अध्यक्ष महोदय, आज चारों तरफ टूटी सड़कें हैं, बिजली पानी के लिए हाहाकार है, बिगड़ी कानून व्यवस्था है, अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से यह कहना चाहता हूँ कि दर्द दिया है, दवा भी तो दीजिए। धरती पर तो नम्बर एक नजर नहीं आता कम से कम अखबारों में या टेलीविजन में ही दिखा दीजिए। उसको देखे हुये बहुत दिन हो गये। बहुत दिन हो गये उसको देखे हुये।

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से माननीय गुर्जर जी से एक बात कहना चाहता हूँ। इन्होंने कहा कि दर्द दिया है दवा भी दीजिए और कहा कि मेरी आँखों में पीड़ा है। मैं इनको यही कहना चाहूँगा कि :—

होता है राजे इश्क-और मोहब्बत बयां इनसे
आँखें जुबां नहीं पर बेजुबां भी नहीं।

**श्री अध्यक्ष :** इनका जो भाषण है, उसके बारे में मैं भी कुछ कहना चाहता हूँ :—

वही फैसलों की इबारतें वही मुनसिफों की रवायतें,
मेरा जुर्म तो कुछ और था, जो सजा मिली कुछ और है।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि भाषण में कुछ बदलाव भी लाया करो, जो पिछली बार बोल रहे थे अबकि बार भी वही बोल रहे हो। कोई बदलाव ही नहीं आ रहा। पिछला ही भाषण है।

**श्री राजपाल भूखड़ी (सढौरा ) (एस.सी.):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए आपका बहुत धन्यवाद। सबसे पहले मैं एक बात कहना चाहता हूँ कि निर्णय मानवीय जरूरतों के आधार पर लिये जाने चाहिएं। हमारे वित्त मंत्री जी ने जितने भी निर्णय लिये हैं वे प्रदेश की मानवीय जरूरतों के आधार पर लिये हैं, उसकी मैं सराहना करता हूँ। गत वर्ष मुद्रास्फीति के अत्यधिक दबाव तथा मंदी के बावजूद हमारी सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में राजस्व तथा वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने में सराहनीय सफलता हासिल की है। अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात की चर्चा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज हमारा प्रदेश प्रतिव्यक्ति आय में गोवा के बाद पूरे देश में नम्बर दो पर खड़ा है।

अध्यक्ष महोदय आँकड़े बताते हैं कि 11वीं पंचवर्षीय योजना में पिछले चार वर्षों में 9.3 प्रतिशत की औसत हासिल की है। हमारे राज्यों में यह औसत राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर है। हमारा प्रति व्यक्ति निवेश देश में सबसे अधिक है। अध्यक्ष महोदय मैं बिजली के बारे में कुछ कहना चाहता हूँ। वर्ष 2005 में हमारी सरकार आने से पहले इस प्रदेश में 1543 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता था। अध्यक्ष महोदय मैं चौधरी बंसीलाल जी की बात नहीं करूँगा, उन्होंने तो हमारे यहाँ पर एक पावर प्लांट लगवाया था, पिछली सरकारों ने आम आदमी की बिजली की जरूरत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया था और हमारी सरकार के मुख्यमंत्री ने बिजली की जरूरत की पूर्ति को पूरा करने के लिए कई पावर प्लांट लगवाए और बिजली की समस्या की ओर विशेष ध्यान दिया। आज हरियाणा प्रदेश में बिजली की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कई पावर प्लांट्स लगाए गए हैं और हमारी सरकार ने 5 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन करने के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी कहना चाहूँगा कि बिजली उत्पादन करने में हमारी सरकार ने काफी सफलता हासिल की है जिसके लिए मैं अपने प्रदेश के मुखिया की सराहना करना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, मेरे इलाके की भी बिजली से सम्बन्धित एक समस्या है जिसके बारे में मैं यहां जरूर बताना चाहूँगा। अभी पीछे कुछ अधिकारियों ने कॉलोनाइजर्स से मिलकर मेरे यहां के 5 फीडर्स को प्रभावित किया है। कॉलोनाइजर्स ने हमारे यहां की 15, 20 या 50 एकड़ जमीन प्लॉट काटने के लिए तैयार की थी उसमें से जो 12 फीडर्ज निकलते थे उसमें केबल डालने का कार्य किया गया जिसकी वजह से सरकार का फालतू खर्चा हुआ है। अध्यक्ष महोदय, बरसात के दिनों में वो सारी की सारी केबल्स पंक्चर हो जाएंगी और मेरे इलाके की बिजली प्रभावित होगी। अध्यक्ष महोदय, उन अधिकारियों का तबादला तो कर दिया गया है और उनके खिलाफ इन्कवायरी भी शुरू कर दी गई है, लेकिन अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से दरखास्त करना चाहता हूँ कि उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी गलत काम करके बच न सके। अध्यक्ष महोदय, मैं विकास एवं पंचायत की बात करना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, ग्राम पंचायतें सरकार की योजनाओं को अन्तिम रूप देने में सबसे बड़ा अहम रोल अदा करती हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने ग्राम पंचायतों को वित्तीय शक्तियां प्रदान की हैं जोकि हमारी सरकार का एक सराहनीय कदम है। अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने सभी पंचायतों को 10-10 लाख रुपये देने का निर्णय लिया है जिसकी वजह से सारी ग्राम पंचायतें अपने कार्य खुद कर पाएंगी जोकि एक बहुत बड़ा कार्य है।

अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 6 लाख परिवारों को प्लॉट देने का निर्णय लिया है और इसमें से 3 लाख 80 हजार पात्र लोगों को प्लॉट **14.00 Hours.** आबंटित भी कर दिए गए हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं इसके साथ-साथ यह भी कहना चाहूँगा कि जिन पात्र लोगों को इस योजना के तहत प्लॉट मिलने में रुकावट आ रही है उसको जल्दी दूर किया जाए ताकि पात्र लोगों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

अध्यक्ष महोदय, अगर मैं बी.पी.एल. की बात करूं तो जो लोग हमारे बिलो पॉवरटी लाईन जीवनयापन करते हैं उनको पिछली सरकारों के समय में इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए 20,000 रुपया दिया जाता था और हमारी सरकार ने उसे बढ़ाकर 45,000 रुपये किया है जोकि इस सरकार का बहुत बड़ा सराहनीय कदम है। इस योजना के लिए 2012-13 के बजट में 96.80 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। मेरा मानना है कि इससे गरीब आदमी के जीवन स्तर में परिवर्तन आयेगा।

## बैठक का समय बढ़ाना

**श्री अध्यक्ष:** यदि हाऊस की सहमति हो तो हाउस का समय आधे घंटे के लिए और बढ़ा दिया जाये ?

**आवाजें:** ठीक है जी।

**श्री अध्यक्ष:** ठीक है, हाऊस का समय आधे घंटे के लिए बढ़ाया जाता है।

## वर्ष 2012-13 के लिए बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण)

**श्री राजपाल भूखड़ी:** स्पीकर सर, हमारी सरकार शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दे रही है। इसके पीछे एक बहुत बड़ा कारण छिपा है। जब हमारी आगे आने वाली पीढियां शिक्षित होंगी, हमारे बच्चे पढ़े-लिखें होंगे तो हमारा इलाका, हमारा राज्य और हमारा देश तरक्की करेगा। अनुशासन में रहकर अनुशासित लोग आगे बढ़ेंगे। शिक्षा मानव को अनुशासन में रहकर देशभक्ति की भावना से प्रेरित करती है। हमारी सरकार ने पूरे प्रदेश में काफी इंस्टीट्यूशंज खोले हैं। अध्यक्ष महोदय, चार महाविद्यालय नामतः बुआनी खेड़ा, मेवात के सलेहड़ी में, पलवल में और रतिया में शुरू किये जा रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से एक प्रार्थना करना चाहता हूं चूंकि मेरा इलाका बहुत पिछड़ा हुआ है और पिछले 30-40 साल से जब से हरियाणा बना है तब से मेरे इलाके में कोई भी सरकारी कालेज नहीं खुला है, वहां पर सरकारी कालेज खोला जायें। इस बारे में मैंने पिछली बार सन् 2010 में भी सदन में बोला था और मुख्यमंत्री जी की तरफ देखकर ऐसा लग रहा था कि उन्होंने हां भर दी है केवल घोषणा करनी बाकी रह गई है। जब मुख्यमंत्री जी मेरे इलाके में आये थे तो इन्होंने अपनी वाणी से भी कहा था कि इस इलाके को हम आगे बढ़ायेंगे। स्पीकर सर, मैं यह भी मानता हूं कि इन दो वर्षों में मेरे इलाके ने तरक्की भी की है लेकिन बावजूद इसके मेरे इलाके में आज भी बहुत गरीबी है, आज भी लोग झोपड़ियों में रहते हैं। हिमाचल की तलहटी में मेरा क्षेत्र पड़ता है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मेरे इलाके के लिए पांच सदस्यों की कमेटी बनाकर सर्वे कराया जाये और वहां के हालात देखे जायें (विघ्न) और जो बहुत सारी कमियां रह गई हैं उनको भी दूर किया जाये। अध्यक्ष महोदय सढौरा से 32 साल के बाद कांग्रेस की सीट आई है। जब चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी मुख्यमंत्री थे तो सढौरा से इनका विधायक हुआ करता था। वह दो बार वहां से विधायक बनकर आया था। मैं मानता हूं कि अगर उस विधायक ने सढौरा क्षेत्र की आवाज को सदन में उठाया होता तो सढौरा क्षेत्र का विकास अवश्य ही होता। मुख्यमंत्री जी वहां पर जरूर विकास करते। आज चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने जो भी वहां विकास के कार्य किये हैं वह सभी अपनी मर्जी से किये हैं।

**श्री अध्यक्ष :** सर, आपको एक अच्छी अर्पोच्युनिटी मिली है इसलिए आप अपने हल्के की डिमांड्स रखिये।

**श्री राजपाल भूखड़ी :** उस इलाके का कोई विकास नहीं हुआ था। चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार ने हमारे को सब डिवीजन दिया। जब से मैं विधायक बना हूं उसके बाद से विकास के कार्य शुरु हुए हैं, यह मेरा मानना है लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है,यह मैं कहना चाहता हूं।

**डॉ० अजय सिंह चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर है। बजट पर इतनी अहम चर्चा हो रही है और ऐसे में न तो सदन के नेता यहां मौजूद हैं, न वित मंत्री जी हैं न कोई दूसरे जिम्मेदार मंत्री हैं। (विघ्न) नोट तो सब कुछ हो रहा है लेकिन इससे इनकी सीरियसनैस झलक रही है।

**श्री अध्यक्ष :** इस बारे में मैं तो एक ही बात कह सकता हूं कि मैं हूं ना (हंसी) भूखड़ी जी, आप अपनी डिमांड्स रख दीजिए।

**श्री राजपाल भूखड़ी :** सर, मेरा इलाका पॉपुलर और गन्ने का इलाका है। सर, मैं डिमांड्स भी साथ की साथ ही रख रहा हूं और कहना चाहता हूं कि मेरे इलाके को तरक्की दी जाए। तरक्की मिली भी है पर और तरक्की दी जाए, यह मैं मांग करता हूं। स्पीकर सर, आप कहेंगे कि पिछली बार की तरह ही बात उठा रहा हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं हटकर बात रखूंगा। किसान की जीविका का मुख्य साधन गन्ना और पॉपुलर है। हमारी सरकार जब से बनी है। (विघ्न)

**डॉ० अजय सिंह चौटाला :** भूखड़ी जी, आप एक ही बात को बार बार रिपीट कर रहे हैं। यह ठीक है कि आपको पढ़ा के लाते होंगे लेकिन पढ़ने वाले को भी थोड़ा बहुत सोचना चाहिए।

**श्री राजपाल भूखड़ी:** अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2004-05 में मुख्यमंत्री श्री ओम प्रकाश चौटाला जी थे उन्होंने गन्ने का भाव 110 रुपये तय किया था और किसानों को उस समय जो भुगतान किया गया था वह 87 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किया गया था, उस पर किसानों ने काफी धरने प्रदर्शन भी किए। जब हमारी सरकार आई तो मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी ने 32 करोड़ रुपये की राशि किसानों को मिल मालिकों से दिलवाई थी, किसानों के खातों में पैसे जमा करवाए गए थे। आज गन्ने का 225, 231 और 222 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भाव मिलता है। इस बार जो थोड़ी बहुत कमी रह गई है उस कमी को हमारे मुख्यमंत्री जी अब की बार दूर करेंगे। हमारा जो गन्ने का रेट है वह देश में दूसरे नंबर पर सर्वाधिक है और पापुलर की अगर मैं बात करूं तो वह आज 1100 से 1150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिकता है। आप रिकार्ड मंगवा लीजिए, यह रिकार्ड की बात है। (शोर एवं व्यवधान) कल जब मैं सदन में आउंगा तो आढ़तियों की पर्ची दिखा दूंगा। सर, वह 1100 से 1150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिकता है।

यह हमारी सरकार की ईमानदारी का परिचय है। (विघ्न) सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि वर्ष 2004 से लेकर 2005 के बीच में पॉपुलर का भाव 150 से 175 रुपये प्रति क्विंटल था और मिल मालिक और फैक्टरियों के मालिक हैं उनसे मैं यही कहूंगा कि

मैं कुछ जानूं या न जानूं लेकिन जहान जानता है,
मामला क्या था, दोस्तो दाल में जरूर कुछ काला था।

अध्यक्ष महोदय, आज वही यमुना नगर का किसान जब 100 क्विंटल पापुलर मण्डी में लेकर जाता है तो वहां से वह 1,10,000 या 1,15,000 रुपये या सारा खर्चा काटकर 90,000 रुपये अपनी जेब में डालकर लाता है और अपनी बीबी और बच्चों को देता है। जबकि पिछली सरकार के समय में वही किसान एक ट्राली के अपनी जेब में 15000 से 17000 रुपये लेकर आता था और उसका सारा खर्चा काटकर वह बराबर हो जाता था (विघ्न) और बीबी-बच्चे यह कहते थे चाचा-ताऊ कुछ लाया ? तो कहते थे नहीं बेटा अब कुछ नहीं रहा कि अब तो पापुलर को उखाड़

[ श्री राजपाल भूखड़ी ]

दो और पॉपुलर उखाड़ दिये गये। अध्यक्ष महोदय, परमात्मा किसी भी आदमी को जिस लेवल पर बैठा देता है तो उस आदमी को अपने लेवल को देखकर बात करनी चाहिए। परमात्मा हर आदमी के पास नये-नये विचार भेजता है इसलिए हमें सकारात्मक सोच की बात करनी चाहिए और उसको मानना भी चाहिए। मैं एक बात कह देता हूं कि जो लोग काबलियत को नहीं जानते, वे अपने हाथ में लिए लड्डु को छोड़कर अपनी कोहनी को चाटते हैं। कोहनी को चाट नहीं सकते, सर। कई बार कोहनी मीठे में लग जाती है आदमी कोशिश करता है लेकिन कोहनी को आदमी चाट नहीं सकता। (विघ्न) श्री शेरसिंह बड़शामी जी मेरे हल्के के गाँवों में मई जून में गये थे। उन्होंने मेरे हल्के के लोगों से पूछा कि तुम्हारा क्या हालचाल है तो लोगों ने कहा कि हमारे एम.एल.ए. साहब तो शरीफ आदमी हैं दूसरी पार्टी के आदमी की बदली नहीं कराता, किसी को तंग नहीं करता, ज्यादा कुछ नहीं बोलते और न ही किसी थाने में फोन करते हैं। लेकिन हल्के के अन्दर काम करने के लिए सरकार से पैसे लेकर आ रहे हैं। पिछले सैशन के दौरान जब मैं सदन में बोला तो माननीय मुख्यमंत्री जी ने सड़कों की रिपेयर के लिए 16 करोड़ रुपये दे दिए और ग्रामीण विकास के लिए 15-20 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले पांच साल में मेरे बोले बगैर ही काम हुए हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं तो यह कहना चाहूंगा कि मेरे हल्के के किसान ने तरक्की की है और मेरे हल्के ने इसलिए तरक्की की है क्योंकि हमारे मुख्यमंत्री महोदय ने ईमानदारी से काम किए हैं। अध्यक्ष महोदय, अब मैं सड़कों की बात करना चाहूंगा। सड़क तंत्र को मजबूत करना राज्य की तरक्की में अहम रोल होता है। मैं जब से यमुनानगर से विधायक बना हूं मैंने अपने हल्के की सड़कों की हालत को ठीक करवाया है और बाकी हरियाणा की सड़कों की हालत भी ठीक हो रही है। राज्य सरकार ने एक बड़ी परियोजना मेरे हल्के में दी है। राज्य सरकार की मदद से और केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा की मदद से 1021 करोड़ रुपये की योजना जगाधरी से लेकर पंचकूला तक के लिए मंजूर की गई है जिससे जगाधरी से पंचकूला रोड को फोर लेनिंग बनाया जाएगा। वह सड़क 3 साल में बनकर पूरी होगी। हमारी सरकार ने जीरकपुर से परवाणू तक की सड़क को 4 लेनिंग किया है और इस पर 700 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हमारी सरकार भारत सरकार से इसकी मंजूरी लेकर आई और 2008 में इसके काम को शुरु किया गया है। अम्बाला से चण्डीगढ़ रोड को 4 लेनिंग बनाया गया है और उस पर 577 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हमारी सरकार सड़क तंत्र को मजबूत बनाना चाहती है। अध्यक्ष महोदय, कमियां तो हर काम में होती हैं लेकिन कभी ऐसा नहीं होता कि सारी कमियां एक दम दूर हो जाएं बल्कि धीरे-धीरे दूर होती हैं। मैं अपने हल्के की कुछ बातें कहना चाहता हूं। मेरा हल्का 32 सालों से पिछड़ा हुआ है। पूरे 32 के 32 सालों से चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी की पार्टी का विधायक हमारे यहां से रहा है। 6 साल तक इनका भी शासन था लेकिन इन्होंने वहां कोई काम नहीं किया। अध्यक्ष महोदय, मैंने अपने हल्के में काम करवाए हैं। मैं मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि वे मेरे हल्के में और भी काम करवाएं। (विघ्न) मुख्यमंत्री महोदय सदन के नेता हैं। शैलजा जी का मैं छोटा भाई हूं और मुख्यमंत्री जी का बेटा हूं इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। माननीय मुख्यमंत्री और शैलजा जी का भाई-बहन का रिश्ता है। मुख्यमंत्री जी बड़े भाई हैं और शैलजा जी छोटी बहन, हमें इससे ज्यादा कोई मतलब नहीं है और आपको भी नहीं होना चाहिए। सड़क तंत्र को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार बचनबद्ध है। अब मैं बाल विकास की बात करना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं बातें तो बहुत सी कहना चाहता हूं लेकिन समय की कमी के कारण मैं थोड़ा शोर्ट में अपनी बात कह देता

हूं। मेरा इलाका बाढ़ से ग्रस्त रहता है। मैंने मुख्यमंत्री जी से इस बारे में बात की थी और मुख्यमंत्री जी ने मेरे इलाके के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने 10 करोड़ रुपये मेरे हल्के में मार्किटिंग बोर्ड की सड़कों को ठीक करने के लिए भी दिए हैं। मेरे हल्के को टोटल 20 करोड़ रुपया दिया गया है लेकिन मैं मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मुझे अपने इलाके के विकास के लिए और पैसा चाहिए। (हंसी) मेरे इलाके में जो पैसा दिया गया है उसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, ये किस बात पर हंस रहे हैं। विधायक जी कह रहे हैं कि मेरे हल्के में और विकास होना चाहिए। इनमें से जो विकास नहीं चाहते, वे बता दें। सभी कहते हैं कि हमारे हल्के में विकास होना चाहिए इसमें हंसने वाली क्या बात है ? (विघ्न)

**श्री राजपाल भूखड़ी :** अध्यक्ष महोदय, मैं विपक्ष को एक बात कहना चाहता हूं कि जब इनका शासन रहा उस समय का रिकार्ड निकाल कर देख लिया जाए अगर वहां 10 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं तो मुझे जो मर्जी सजा दे देना। अध्यक्ष महोदय, अब 20 करोड़ रुपये के विकास कार्य मेरे हल्के में हुए हैं जो मेरे हल्के में दिक्कतें हैं उनको मैं यहां सदन में रखूंगा और यह मेरा राईट भी है। यदि मैं अपने क्षेत्र की कमियां यहां सदन में नहीं बताऊंगा तो वे दूर कैसे होंगी ? अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में बाढ़ की बहुत समस्या रहती है और उसका मेन कारण यह है कि हमारे यहां से जो दो-तीन नदियां निकलती थी वे बंद हैं। चीतांग नदी रिकार्ड में तो है लेकिन वह दबी हुई है। लोगों ने उसको बंद कर दिया है। मेरा मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि चीतांग नदी का नक्शा देखकर उस नदी को छटवाया जाये ताकि बाढ़ के दिनों में मेरे हल्के के गांवों को बाढ़ से बचाया जा सके। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में 200 पंचायते हैं और पिछले दो साल के अर्से में मुख्यमंत्री जी ने 100 पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पैसे दिए हैं। मेरी मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना है कि जो 100 पंचायतें बची हैं उन्हें भी जल्दी ही पैसा दिया जाये उसके बाद मेरी कोई डिमांड नहीं रहेगी। अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं बजट का समर्थन करते हुए आपका, वित्त मंत्री जी का और मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए अपनी सीट ग्रहण करता हूं।

**श्री गंगा राम (अनुसूचित जाति, पटौदी):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं और कहना चाहता हूँ कि जनता के लिए यह बजट बहुत ही निराश बजट है। इसलिए मैं इस बजट का विरोध करता हूं। जहां तक मेरे हल्के की बात है वहां किसी भी क्षेत्र में किसी तरह का विकास कार्य नहीं हुआ। दो साल तक मैं कोशिश करता रहा लेकिन मुझे बोलने का समय नहीं दिया गया।

**श्री अध्यक्ष :** गंगा राम जी, क्या यह भी सरकार की गलती है ?

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** अध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे प्रार्थना है कि गंगा राम जी को आगे से सबसे पहले बोलने का अवसर दिया जाये।

**श्री अध्यक्ष :** ठीक है।

**श्री गंगा राम :** अध्यक्ष महोदय, हमारे जिले में भोड़ाकलां सबसे बड़ा गांव है। इस गांव को तीन-तीन तहसील पार कर फरुखनगर तहसील में लगाया हुआ है। मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि क्या भोड़ाकलां गांव को वापिस पटौदी तहसील में लगाया जायेगा ? अध्यक्ष महोदय, जहां तक

[ श्री गंगा राम ]

सड़कों की बात है मेरे हल्के में सड़कों की बहुत बुरी हालत है। सड़कों की बजाय यदि कच्चे में चला जाये तो अच्छा है। वहां हर रोज सड़कें टूटी होने के कारण एक्सीडैंट्स होते हैं। लोगों ने दो दिन पहले भी वहां सड़क पर जाम लगाया हुआ था इसलिए सड़कों की तरफ भी सरकार ध्यान दे। अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं बजट का विरोध करते हुए आपका पुन: धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया।

**श्री मामू राम (अनुसूचित जाति, नीलोखेड़ी):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं और इस बजट का विरोध करता हूं। अध्यक्ष महोदय, मेरे नीलोखेड़ी हल्के में कोई भी सरकारी कालेज नहीं है और सड़कें भी टूटी हुई हैं। वहां पर गर्ल्ज कालेज खोलने के लिए मैं सरकार से कई बार मांग कर चुका हूं लेकिन सरकार ने वहां गर्ल्ज कालेज की मंजूरी नहीं दी। अध्यक्ष महोदय, नीलोखेड़ी में पॉलटैकनिक है और वहां बच्चों के रोज मर्डर होते हैं। वहां जो पुलिस चौकी थी वह भी बहाल नहीं हुई है। इस बारे में मैंने एस.पी. से बात की तो उन्होंने बताया कि फाईल ऊपर गई हुई है लेकिन दो साल हो गये आज तक पता नहीं वह फाईल कहां है। मेरे हल्के के नीलोखेड़ी हॉस्पिटल में लेडी डाक्टर नहीं है और न ही एक्सरे मशीन है। हमारे वहां जितनी भी डिलीवरी हट्स बनी हुई हैं उनमें दवाईयां तो दूर की बात है कैंची तक भी नहीं है। इस बारे में मैंने करनाल सी.एम.ओ. से बात की तो उन्होंने बताया कि बजट रखा है जल्दी ही सामान आ जायेगा लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ है। यह जनता के साथ धोखा है। अध्यक्ष महोदय, जहां तक सड़कों की बात है मेरे हल्के में जितनी भी सड़कें हैं वे टूटी हुई हैं। इसके अतिरिक्त हमारे वहां निसिंग ड्रेन है आज तक उसकी सफाई नहीं हुई है। निसिंग-गोंदर रोड पर भीड़ा पुल है जिसके कारण वहां रोज एक्सीडैंट होते हैं। मैं यह चाहता हूं कि उस पुल को शीघ्रातिशीघ्र चौड़ा किया जाये। इसके साथ-साथ मेरे हल्के की ड्रेनों की भी पूरी सफाई करवाई जाये ताकि फ्लड का पानी किसानों की ज़मीन में जाकर उनकी फसलों को क्षति न पहुंचाये। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि इस समय गेहूं की फसल के लिए किसानों को यूरिया कहीं पर भी नहीं मिला। यूरिया खाद की बड़ी भारी दिक्कत किसानों को पेश आई। अगर मैंने यूरिया की किल्लत के बारे में किसी सरकारी अधिकारी से बात की तो उन्होंने मुझे कहा कि मैं आपके लिए 40-50 बैग्स यूरिया का इंतजाम करवा देता हूं। इस पर मैंने यह कहा कि अधिकारी महोदय जी अगर मेरे सारे हल्के को खाद दिया जायेगा तभी मैं भी खाद लूंगा लेकिन अकेले मैं खाद नहीं लूंगा। मैं यह चाहता हूं कि नीलोखेड़ी हल्के का भी विकास किया जाये, यह न समझा जाये कि यह एक रिज़र्व हल्का है। अध्यक्ष महोदय, आप मेरे पड़ोसी हैं इसलिए मैं चाहता हूं कि एक पड़ोसी के नाते तो आपको मेरी मदद करनी ही चाहिए।

**श्री अध्यक्ष :** मामू राम जी, हम आपकी मदद करना चाहते हैं तभी तो आपको बोलने का टाईम दिया है।

**श्री मामू राम :** अध्यक्ष महोदय, आपने बजट अभिभाषण पर मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल :** स्पीकर सर, मेरा प्लायंट ऑफ आर्डर है। माननीय सदस्य ने अभी कहा है कि रिज़र्व हल्का होने के कारण ही नीलोखेड़ी का विकास नहीं करवाया जा रहा है।

मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगी कि रतिया विधान सभा क्षेत्र भी रिज़र्व है जहां पर अभी 330 करोड़ रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए अलॉट की गई है। इसके साथ-साथ मैं इनको यह भी कहना चाहूंगी कि प्रदेश में जितने भी रिज़र्व हल्के हैं या फिर जनरल हल्के हैं उन सभी के समग्र विकास के लिए माननीय मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार प्रतिबद्ध है। जहां तक विशेष तौर पर रिज़र्व हलकों की बात है इस बारे में मैं इनको एक बात और भी कहना चाहूंगी कि श्री चौटाला जी की सरकार में हरियाणा के तमाम रिज़र्व हल्कों का कितना विकास हुआ था और हमारी सरकार के समय में कितना विकास हो रहा है इसका ये अपने स्तर पर तुलनात्मक विश्लेषण कर लें इनको सारी बात अपने आप समझ में आ जायेगी।

**Mr. Speaker :** Now, the House stands adjourned till 10.00 A.M. tomorrow, the 7th March, 2012.

14.30 hrs. (The Sabha then *adjourned till 10.00 A.M. on Wednesday, the 7th March, 2012)

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY Chandigarh